डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
रविवार
09.10.2022
आश्विन शुक्ल पक्ष 15
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-348 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

हमेशा मनुष्य को परछाई और आईने की तरह दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती और आईना कभी झूठ नहीं बोलता।

रांची में भारत व दक्षिण अफ्रीका के बीच आज दूसरा वन-डे मैच

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा वन-डे आज रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जायेगा। पहला मैच जीतकर दक्षिण अफ्रीका की टीम सीरीज में 1-0 से आगे है। रांची वन-डे जीतकर वह श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी, वहीं अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में टीम इंडिया रांची वन-डे जीतकर सीरीज में बराबरी करना चाहेगी।

अभ्यास में खिलाड़ियों ने खूब बहाया पसीना : इधर, वन-डे मैच से एक दिन पहले शनिवार को खिलाड़ियों ने जेएससीए स्टेडियम में अभ्यास के दौरान जमकर पसीना बहाया और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी में हाथ आजमाये। दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाड़ी केशव महाराज ने पत्रकारों के साथ बातचीत में बेहतर प्रदर्शन का भरोसा दिलाते हुए कहा की प्रशंसकों को जेएससीए स्टेडियम में उम्दा क्रिकेट देखने को मिलेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में बड़े खिलाड़ी जरूर नहीं हैं, लेकिन टीम कमजोर नहीं है। शिखर धवन समेत कई खिलाड़ियों के पास आईपीएल का भी अनुभव है और दक्षिण अफ्रीका, भारतीय टीम को कमजोर या कमतर नहीं समझ रही है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। एक सवाल के जवाब में केशव महाराज ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कैसा रहेगा मौसम का मिजाज

रांची में आज हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं , वैसे अच्छी बात यह है कि यह बारिश किसी सिस्टम की वजह से नहीं बल्कि अन्य कारकों की वजह से हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बताया कि आंधी और वज्रपात के साथ वर्षापात की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि जेएससीए प्रबंधन मैच का आयोजन बारिश को मद्देनजर रखते हुए करे ताकि खेल पर अधिक खलल न पड़े।

नींद में सोये मजदूर के चेहरे पर अपराधियों ने डाला एसिड, गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की रात को गहरी नींद से सोए हुए मजदूर के चेहरे पर अज्ञात अपराधियों ने एसिड डाल दिया। जिससे मजदूर का चेहरा बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद युवक दौड़ता-दौड़ता अपने घर गया। घर जाकर चीखने चिल्लाने लगा। परिजनों ने देर न करते हुए उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया । जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना के बाद से शहर थाना की पुलिस और रेलवे जीआरपी थाना की पुलिस अज्ञात अपराधियों की खोजबीन में जुट गई हैं। जानकारी के अनुसार घायल का नाम सुनील यादव बताया जा रहा है। इस घटना के बारे में सुनील यादव के परिजनों ने बताया कि सुनील किसी काम से बरवाडीह गया था। बरवाडीह से लौटते समय वह रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर के बगल में चादर बिछा कर सोया हुआ था। इस बीच अचानक उसके चेहरे में जलन महसूस हुआ। उठकर देखा तो उसके चेहरे पर एसिड डाला हुआ था। इसके तुरंत बाद वह दौड़ कर अपने घर पहुंचा। घायल सुनील यादव ने परिजनों को इस घटना के बारे में बताया। परिजन सुनील को तुरंत इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के बाद उसे कान्दू मोहल्ला लाया गया। शनिवार की सुबह फिर से उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों के द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुनील यादव लेस्लीगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यूज गैलरी

नाबालिग के साथ गैंगरेप, आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के शुक्रवार की रात एक नाबालिग के साथ युवकों द्वारा गैंगरेप का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार नाबालिग युवती अपने घर से ऑर्केस्ट्रा देखने लातेहार रेलवे स्टेशन गयी थी। इसी दौरान युवकों ने नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर रेलवे स्टेशन के समीप ले गये और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने इसकी सूचना लातेहार थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए गैंगरेप के मामले में सभी आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि युवती के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। युवती को मेडिकल चेकअप के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस मामले में सभी आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बहुत जल्द इस मामले का पर्दाफाश किया जायेगा।

वज्रपात से दो युवक की मौत, तीन घायल

गढ़वा। रमुना थाना क्षेत्र के टंडवा गांव में वज्रपात की घटना से दो युवक की मौत तीन घायल सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में अशोक मेहता का पुत्र 16 वर्ष संदीप मेहता, हरिओम पासवान का 16 वर्षीय पुत्र अभिनंदन कुमार पासवान, घायलों में भोला सिंह का पुत्र अनुज कुमार सिंह, नागेंद्र पासवान का 15 वर्षीय पुत्र राकेश पासवान तथा विनोद सिंह का 18 वर्षीय पुत्र राजू सिंह का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि घर से कुछ दूरी पर टंडवा गांव के बेलवा दामर टोला में बाकी नदी के पास फील्ड में क्रिकेट खेल रहे थे। इसी बीच तेज गर्जना के साथ अचानक बारिश होने लगी तभी सभी युवक एक पेड़ के नीचे छिप गए इसी बीच अचानक वज्रपात की चपेट में आने से सभी घायल हो गए उक्त घायलों को ग्रामीणों को जानकारी प्राप्त होते ही आनन-फानन में घायलों को सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया जहां चिकित्सकों ने 2 लोगों को उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। जिसमें राजू सिंह को गंभीर स्थिति देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया है। साथी दो युवकों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कार व पिकअप वैन की टक्कर में दो युवक की मौत

महुआडांड़। थाना क्षेत्र के नेतरहाट पथ पर चोरमुंडा के निकट शनिवार को कार और मिनी ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृत युवकों की पहचान रंजन उपाध्याय और सचिन कुमार के रूप में की गई। जबकि घायलों में आकाश कुमार और हिमांशु कुमार है । सभी पलामू के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार चारों युवक एक कार पर सवार होकर नेतरहाट घूमने जा रहे थे । इसी दौरान महुआडांड़ -नेतरहाट पथ पर एक मिनी ट्रक से कार की सीधी टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार पर सवार दो युवक रंजय और सचिन की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची : घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, वैसे ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवकों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं दोनों युवकों के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है।

पलामू में 11 तक बारिश होने की संभावना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में बेमौसम बारिश ने शारदीय नवरात्रि में भी खलल डाली। हालांकि लोग फिर भी दुर्गोत्सव में उत्साहित और मौसम का मजा लेते रहे। अब मौसम विभाग ने फिर से जानकारी दी है कि राज्य में अगले 11अक्टूबर तक लगातार बारिश होने को संभावना है। पलामू में गुरुवार की शाम से बारिश शुरू हुई जो देर रात तक जारी रही। मौसम विभाग के अनुसार 6 से 11 अक्टूबर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, 7 अक्टूबर को जिले में कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की गर्जन और वज्रपात की संभावना जताई है। हालांकि, इस बीच विभाग ने कहीं भी भारी बारिश होने की चेतावनी नहीं दी है।

सर्दी व बुखार से पीड़ित : लगातार हो रहे मौसम में बदलाव से जिले में सर्दी और बुखार से पीड़ित रोगी की संख्या बढ़ रही है। सुबह में धूप और शाम में बारिश होने से बच्चे,बुजुर्ग अधिक प्रभावित हो रहे है। अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ अधिक देखी जा रही है। वही स्थानीय चिकित्सकों के पास भी सुबह से ही वायरल फीवर के मरीज अधिक आ रहे हैं।

प्रदेश में अपराध चरम पर, बहू-बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि प्रदेश में अपराध चरम पर है और बहू-बेटियों कि इज्जत भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति के लिए प्रदेश के अधिकारी जिम्मेवार हैं। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि हाल में आर्थिक अपराधों में पकड़े गये अफसरों और अन्य लोगों के राज्य के बड़े अफसरों से ताल्लुकात ही नहीं रहे हैं, बल्कि उनकी पहुंच मुख्यमंत्री आवास तक रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नैतिकता के आधार पर या तो इस्तीफा दे देना चाहिए या फिर राज्यपाल को इस सरकार को बर्खास्त कर देनी चाहिए।

सीआरपीएफ जवान की गोली लगने से मौत

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। थाना क्षेत्र अंतर्गत सीआरपीएफ 218 बटालियन बासकरचा के जवान मेराजुद्दीन मापनो (40) की मौत शनिवार सुबह गोली लगने से हो गयी। इस संबंध में सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि जवान मेराजुद्दीन मापनो सुबह नौ बजे पांच नंबर मोर्चे पर संतरी ड्यूटी में तैनात था। इसी दौरान लगभग सवा नौ बजे इनके मोर्चे से गोली चलने की आवाज सुनकर बटालियन के सीआरपीएफ के जवानों और अफसर मौके पर पहुंचे तो देखा कि स्वयं के इंसास राइफल से गोली चलने से घायल जवान खून से लथपथ पड़ा हुआ है, जिसे जवानों के सहयोग से महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार खलखो ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, मामले की जानकारी मिलते ही महुआडांड़ एसडीपीओ राजेश कुजूर, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, बारेसांड थाना प्रभारी जमील अंसारी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। साथ ही सीआरपीएफ के अधिकारी के द्वारा घायल जवान को इलाज के लिए एयरलिफ्ट की तैयारी भी कर ली गयी थी, लेकिन इससे पूर्व ही इलाज के दौरान जवान की मौत हो गयी। जवान मूलरूप से जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा जिले का निवासी था। जवान के सीने में गोली लगी थी। हालांकि, गोली कैसे लगी बटालियन के कमांडर ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। वहीं, साथ में ड्यूटी करनेवाले जवान ने बताया कि सुबह में मृतक जवान ने सामान्य दिनों की तरह नाश्ता किया था और सब कुछ ठीक था कि अचानक यह घटना घटित हुई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

एक महिला के दो पति, एक हीरो, दूसरा खलनायक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एक महिला के दो पति के मामले का थाना ने निपटारा किया। एक हीरो निकला तो दूसरा खलनायक। मामला इस प्रकार का है। लैला देवी उम्र 35 वर्ष को दो बच्चों सहित 1 अक्टूबर की रात्रि 9 बजे शहर थाना डाल्टनगंज द्वारा उनके सुरक्षा के लिए उज्जवला गृह को सौंपा गया। बताया गया कि उन्हें यथावत छोड़ने से यौन शौषण और बालिका तस्करी सहित अन्य घटनाएं हो सकती हैं। पहला पति बीरेंद्र पॉल असहाय अवस्था में दो लाडली बेटियों के साथ छोड़कर और सारा पैसा लेकर भाग गया । जिसे पुलिस तलाश कर रही है । उज्जवला गृह के काउंसलर और सामाजिक कार्यकताओं के सहयोग से पहले पति बीरेंद्र पॉल को फोन कर बुलाया गया । परंतु बिरेंद्र पॉल जिला गढ़वा आज तक नहीं आया। काउंसलिंग के दौरान पता चला कि श्रीमती लैला देवी के दूसरे पति भी हैं । उनका नाम प्रदेशी लहरे है। वह छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। उज्जवला की टीम और ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच के सचिव मो. हशमत रब्बानी के प्रयास से दूसरे पति प्रदेशी लहरे ऊर्फ परदेशी भगत को सूचना दी गई। उन्हे दिनांक 7 अक्तूबर को उज्जवला गृह बुलाया गया । परंतु थाना द्वारा लैला के पति के नाम में अंतर पाया गया । जिसे उज्जवला गृह की टीम ने महिला और बच्चों को दूसरे पति को सौंपने में शहर थाना से जांच की मांग की । शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय सिन्हा से सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच के सचिव मो. हशमत रब्बानी मिले। उन्होंने एक इंस्पेक्टर को नियुक्त कर मामले की जांच कराई । इंस्पेक्टर अंबिका राम ने उज्जवला गृह को लिखित जांच सौंप कर दूसरे पति परदेशी लहरे,वार्डफ नगर जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ को लैला देवी और दोनों बच्चों को सुपुर्द करने का सुझाव दिया। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि आधार कार्ड के अनुरूप महिला के पति और बच्चों के पिता में परदेशी लहरे का नाम अंकित है। भौतिक पिता यही हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमती के पहले पति बिरेंद्र पॉल थे। जिसे बिना तलाक दिये ही श्रीमती ने दूसरी शादी रचा ली। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से सीबीआई करने लगी पूछताछ

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। जैसी संभावना थी, होने लगी। मेघालय के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को सीबीआई मुख्यालय में बुलाकर पूछताछ की गयी। मलिक पर आरोप है कि जब वह जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे, तो उन्हें दो फाइलों को क्लियर करने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गयी थी। 17 अक्टूबर 2021 को राजस्थान के झुंझुनू में एक कार्यक्रम में सत्यपाल मलिक ने कहा था, 'कश्मीर जाने के बाद मेरे पास दो फाइलें आयीं। एक अंबानी की फाइल थी और दूसरी आरएसएस से जुड़े एक शख्स की थी जो पिछली महबूबा मुफ्ती और भाजपा की गठबंधन सरकार में मंत्री थे। वह पीएम मोदी के भी बेहद करीबी थे। मुझे सचिवों ने सूचना दी कि इसमें घोटाला है और फिर मैंने बारी-बारी से दोनों डील रद्द कर दीं। सचिवों ने मुझसे कहा कि दोनों फाइलों के लिए 150-150 करोड़ रुपये दिये जायेंगे। लेकिन, मैंने उनसे कहा कि मैं पांच कुर्ता-पजामे के साथ आया हूं और सिर्फ उसी के साथ यहां से चला जाऊंगा। कहा जाता है कि इससे केंद्र सरकार और उसकी शासित जम्मू-कश्मीर में इस तरह का धंधा चलने को लेकर हर जगह चर्चा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

क्या धर्मांतरण के बाद भी दलितों को मिलेगा आरक्षण?

- आरएनएम

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने दशहरा के दिन एक बड़ा आयोजन कराया था। जिसमें दावा किया गया कि दस हजार लोगों ने हिंदू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म अपना लिया। इधर, केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश केजी बालकृष्णन की अध्यक्षता में एक आयोग गठित कर दिया। यह आयोग तय करेगा कि क्या धर्मांतरण के बाद भी दलितों को आरक्षण का लाभ मिले?

संविधान (एससी) आदेश, 1950 के अनुसार हिंदू या सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को माननेवाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता है। इसका मतलब अभी केवल हिंदू, सिख व बौद्ध धर्म के अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के लोग आरक्षण और दूसरी सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। मूलतः संविधान में हिंदू धर्म के एससी समुदाय के लिए आरक्षण की व्यवस्था थी। बाद में 1956 में इसे सिख और 1990 में बौद्ध के लिए भी जोड़ दिया गया।

यदि कोई इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाता है, तो उसे आरक्षण और अन्य दूसरी सुविधाओं का लाभ नहीं मिलता है। यदि वह फिर से हिंदू धर्म में आ जाता है, तो उसे लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। इसी को लेकर विवाद है। लंबे समय से मुस्लिम और ईसाई समूहों की मांग है कि उन दलितों के लिए आरक्षण की समान स्थिति रखी जाये, जिन्होंने उनका धर्म अपना लिया है। इसी पर फैसला करने के लिए केंद्र सरकार ने हाल ही में एक कमेटी का गठन किया है।

यह मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। न्यायालय ने केंद्र सरकार से अपना पक्ष रखने को कहा था। जिसके लिये सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस केजी बालकृष्णन की अगुवाई में एक कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी का कार्यकाल फिलहाल दो साल है। यह कमेटी अध्ययन करके रिपोर्ट तैयार करेगी कि दलित से ईसाई या इस्लाम धर्म स्वीकारने वालों को क्या आरक्षण का लाभ दिया जाये या नहीं?

यदि कमेटी इस्लाम या ईसाई बननेवाले दलितों को एससी का दर्जा देने की संस्तुति करती है तो इसका लाभ दलित ईसाई और दलित मुस्लिम को मिलने लगेगा। इनकी संख्या दो लाख से ज्यादा है। अभी तक केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के आरक्षित वर्ग को ही इसका लाभ मिलता था। यदि आरक्षित वर्ग से कोई बौद्ध धर्म अपनाता है, तो उसे आरक्षण का लाभ मिलेगा। लेकिन अनारक्षित वर्ग का यदि कोई बौद्ध बनता है, तो उसे इसका लाभ नहीं मिलेगा।

- यदि दलित धर्मांतरण करके मुसलमान या ईसाई बनेगा तो नहीं मिलेगा
- यदि बौद्ध या सिख बनेगा तो मिलेगा
- मुस्लिम व सिख मांग कर रहे कि उनका धर्म स्वीकारने वाले दलितों को मिलता रहे आरक्षण

एयरफोर्स डे पर वायुसेना को मिली नयी यूनिफॉर्म

चंडीगढ़ (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को अपने 90वें स्थापना दिवस पर सैनिकों के लिए नयी यूनिफॉर्म लॉन्च की। इंडियन एयरफोर्स डे पर शनिवार को चंडीगढ़ में एयर शो हुआ। इस मौके पर एयरफोर्स के जवानों ने आसमान में करतब दिखाये। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर चीफ गेस्ट पहुंची। उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी आये। वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार वायुसेना के लिए एक नयी ऑपरेशनल ब्रांच बनायी जा रही है। एयरचीफ मार्शल ने कहा कि नयी ब्रांच के बनने से फ्लाइंग ट्रेनिंग का खर्च भी घट जायेगा। उन्होंने कहा कि वैपन सिस्टम ब्रांच सतह से सतह पर मार करनेवाली, सतह से हवा में मार करनेवाली मिसाइलों, रिमोट पायलट के जरिये एयरक्राफ्ट फ्लाइंग और ट्विन या मल्टी क्रू एयरक्राफ्ट का संचालन करेगी। मौजूदा वॉर कंडीशन को देखा जाये तो एयरफोर्स की उपयोगिता सबसे ज्यादा होती है, ऐसे में यह नयी ब्रांच आर्मी और नेवी से कोऑर्डिनेशन के लिए अभी से तैयारियां करेगी। इस ब्रांच में नये वैपन सिस्टम ऑपरेटर्स भी शामिल होंगे जो ट्विन इंजन या एसयू-30 एमकेआई जैसे मल्टी क्रू प्लेन में उड़ान भरेंगे।

नयी यूनिफॉर्म की खासियत : भारतीय वायु सेना की नयी यूनिफॉर्म सेना की वर्दी की तरह ही है। वायुसेना की थीम भी इस बार 'ट्रांसफॉर्मिंग फॉर फ्यूचर' रखी गयी है। यूनिफॉर्म का डिजिटल पैटर्न सभी इलाकों के अनुकूल है। यह सैनिकों को रेगिस्तान, पहाड़ी भूमि, जंगल जैसी जगहों से मूव करने में कम्फर्टेबल बनाये रखेगी। इस यूनिफॉर्म को एयरफोर्स की स्टैंडिंग ड्रेस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यूज गैलरी

सद्भावना चौकड़ी के सदस्यों ने पूर्व विधायक का प्रतिमा लगाने की मांग की

हुसैनाबाद। सद्भावना चौकड़ी के सदस्यों ने हुसैनाबाद एसडीओ को एक पत्र देकर पूर्व विधायक स्व. हरिहर सिंह की प्रतिमा हरिहर चौक से हटाकर देवरी रोड स्थित उनके आवास परिसर में स्थापित करने की मांग की है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि पूर्व विधायक स्व. हरिहर सिंह हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से तीन बार लगातार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। क्षेत्र वासियों ने देवरी रोड में उनकी प्रतिमा लगाकर उन्हें सम्मान देने का कार्य किया था। लेकिन रेलवे का ओवरब्रिज निर्माण के कारण उनके प्रतिमा स्थल बदलने की बात हो रही है। इसलिए तमाम हुसैनाबाद वासी मांग करते है कि उनकी प्रतिमा को जपला सीमेंट फैक्ट्री के द्वारा उन्हें जो स्थल दिया गया था। उक्त भूमि के बीच में ही उनकी आदमकद प्रतिमा लगाया जाये। साथ ही वहां पर चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण कराया जाय। जिससे उनका नाम हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र मे अमर हो जाये। हमारे क्षेत्र के बच्चों के मनोरंजन करने का भी अवसर मिल सकें। इस पत्र की प्रतिलिपि उपयुक्त पलामू, कार्यपालक पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी, हुसैनाबाद को भी दिया है। आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, मो. जाकिर अली उर्फ राज अली,अजय भारती, डॉ. एजाज आलम, केदार सिंह, निर्मल यादव, इजहार खान, सिबतेंन मिर्जा, सुनील चौधरी, राजकुमार चौधरी, सूर्यनाथ पासवान, प्रवेश चौधरी, यजीद हवारी, जनक पासवान, उदय सोनी, धर्मदेव राम, इम्तेयाज आलम, रेयाज खान, असगर खान समेत दर्जनों लोगों का नाम शामिल है।

मृतक के परिजनों को मिलेगा चार लाख रुपये का आर्थिक सहयोग

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के लोटनिया गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक साथ तीन किसानों की हुई मौत के बाद आपदा प्रबंधन राहत कोष से प्रत्येक मृतक के आश्रितों को चार लाख रुपए मुआवजा राशि दी जायेगी। मुखिया बिनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह ने बताया कि शनिवार को परिजनों के द्वारा अंचल पदाधिकारी को आवेदन देकर यथाशीघ्र आपदा प्रबंधन से आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गयी है। उधर इस संबंध में हुसैनाबाद अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि मुआवजे के लिए परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट ,मृत्यु प्रमाण पत्र अंचल कार्यालय में जमा करना होगा। इसके उपरांत 15 दिनों के अंदर परिजनों को चार-चार लाख रुपए मुआवजे की राशि का भुगतान किया जायेगा। ताकि मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता से जीविकोपार्जन करने में मदद मिल सकें।

मुखिया ने किया कई योजना का शिलान्यास

पाटन। राजहरा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने पंचायत के सभी वार्ड सदस्य व आगनबाड़ी सेविका के साथ बैठक कर सही ढंग से आंगनबाड़ी केंद्र चलाने को लेकर दिशा निर्देश दिया । मुखिया अजय पासवान ने 15 वें वित्त योजना के तहत 3:50 लाख की लागत से दो योजनाओं का शिलन्यास किया । उन्होंने बताया कि पंचायत में विकास के लिए अग्रसर तत्पर तैयार रहूंगा। शिलान्यास के मौके पर बसंत दुबे, शिव प्रसाद मेहता, अशोक विश्वकर्मा, मृत्युंजय दुबे, ऋषिकेश दुबे, रमेश श्रीवास्तव, इस्लाम अंसारी, प्रशांत, मनोज समेत कई लोग मौजूद थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रामबिलास पासवान की मनी दूसरी पुण्यतिथि

हरिहरगंज। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत भगत तेंदुआ काली मंदिर परिसर में शनिवार को वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के तत्वावधान में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. रामबिलास पासवान की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दिवंगत रामविलास पासवान के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिले के चौहरमल कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव जय प्रकाश पासवान, पलामू जिला उपाध्यक्ष गुप्ता पासवान, डा० संजय कुमार, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र पासवान, अरविंद पासवान, मुखिया जितेंद्र पासवान, परीखा पासवान शामिल थे। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें ईमानदार, विवेकशील, सिद्धांतवादी व कुशल राजनीतिज्ञ बताया । कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजी पासवान व संचालन रंजीत पासवान ने की। मौके पर विनय पासवान, विनोद पासवान, बृजबिहारी पासवान, डा० अनिल पासवान, करण पासवान, मंटू पासवान, रमेश पासवान, सेवानिवृत्त शिक्षक योगेंद्र पासवान ,अनिल पासवान, गणपत पासवान, नकुल पासवान, राजकुमार पासवान ,रामजन्म पासवान, भोला पासवान, प्रेम कुमार, महेंद्र पासवान, राणा पासवान ,नंदकिशोर पासवान, प्रमोद पासवान, मुन्ना पासवान, सत्यनारायण पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

जिप सदस्य मंजू देवी ने एफसीआई गोदाम का किया निरीक्षण

हरिहरगंज । प्रखंड परिसर स्थित एफसीआई गोदाम का शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के जिप सदस्य मंजू देवी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न आवंटन के रोस्टर की जांच की। खाद्यान्न स्टॉप का भी जायजा लिया। गोदाम प्रबंधक सुरेंद्र सिंह को खाद्यान्न उठाओ, वितरण से संबंधित कई निर्देश दिए। एफसीआई गोदाम प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जिन 5 जन वितरण के दुकानदारों को सितंबर माह का खाद्यान्न नहीं मिला है। उन्हें खाद्यान्न प्राप्त होते ही भेज दिया जायेगा।

मनमर्जी से सड़कों पर खड़ा करते हैं वाहन, रोजाना लगता हैं जाम

अतिक्रमण का डंडा सिर्फ फुटपाथों पर, नियम की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। शहरी क्षेत्रों में रोजाना सड़कों पर जाम यहां आम बात है। चाहे वह सिद्धनाथ द्वार हो या जेपी चौक। हर जगह जाम आम बात है। गौरतलब है कि जहां पड़ाव बनाया गया है। वहां एक भी वाहन नहीं रहता है। इस मामले में यहां के लोग पूर्व में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह को आज भी याद करते हैं । जिन्होंने यहां पड़ाव की व्यवस्था की थी और शहर को सुसज्जित करने का प्रयास किया था। हर छोटे बड़े वाहनों के हिसाब से उसका स्टैंड भी बनाया था । जबतक वे रहे कुछ हद तक वह सफल भी हुए थे। उन्होंने सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक छठ पोखरा मुख्य द्वार से पूरा बाजार में प्रवेश निषेध लगाया था ,जो आज पूरी तरह फेल है। इधर नवरात्र

के समय थाना में शांति समिति की बैठक में निर्णय लेकर इस पर अनुपालन कराने का प्रयास किया। लेकिन वह फेल रही। हालांकि वर्तमान अनुमण्डल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने भी सड़क पर अनियंत्रित रूप से खड़ा करने वाले गाड़ियो पर रोक लगाने का प्रयास किया। लेकिन चालकों में कुछ समय के लिए डर बनी । लेकिन पुनः ज्यो की त्यों हो गयी । जिस कारण शहर की दुर्दशा दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही हैं । इधर अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मो. प्रवेज एवं अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने पिछले माह अभियान चलाया था। लेकिन केवल ठेला और फुटपाथी दुकानदार पर ही गाज गिरी, दुसरे दिन वो भी विधि व्यवस्था टॉय टॉय फीस वाली कहानी साबित हुई। इधर हुसैनाबाद के नामी निगरानी सेठ और छोटे दुकानदारों की मनमर्जी तो इतनी बढ़ गयी हैं कि अपने दुकान को छोड़कर 20 फिट आगे तक दुकान लगते हैं । वहीं छोटे मोटे ठेला और फुटपाथ वालों को कहना ही नही हैं ये लोग बीच सड़क में ठेला लगाकर ग्राहक को समान देते है। यह व्यवस्था दिन प्रतिदिन शहर की आवागमन की और बड़ी समस्या बनते जा रही है । हुसैनाबाद शहर के जय प्रकाश चौक ,गांधी चौक,अम्बेडकर चौक सभी स्थानों की हालत ऐसी हो गयी हैं। लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

महिला को रक्त देकर समाजसेवी ने बचाई जान

ब्लड बैंक की स्थापना आवश्यक : अरविंद

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन के दौरान बस स्टैंड में रहने वाले ओमप्रकाश प्रसाद की पत्नी को पुत्री प्राप्त हुई। प्रसव के समय उनकी जान पर गम्भीर खतरा बना हुआ था। मां सुरजी अस्पताल में उनकी स्थिति बेहद गंभीर थी, ऑपरेशन करना था। मां सुरजी क्लीनिक में ब्लड की उन्हें सख्त जरूरत थी वरना कुछ भी अनहोनी हो सकती थी। सूचना मिलने के बाद तत्काल छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व व भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने रक्तदान कर महिला की जान बचाई और बेटी का जन्म हुआ। महिला के परिजनों ने कहा कि इमरजेंसी में ब्लड देकर अरविंद गुप्ता हमारे लिए रहनुमा बन गये हैं। पूरे परिवार ने ब्लड डोनेशन के लिए अरविंद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अरविंद गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी इस बात की है कि वे दर्जनों बार रक्तदान कर के जिंदगियां बचा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सबको रक्तदान करना चाहिए और सबसे बड़ी कमी जो उन्होंने छतरपुर में महसूस की है वह है छतरपुर में ब्लड बैंक की कमी। अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना की बेहद जरूरत है। उन्होंने आह्वान किया है कि छतरपुर में ब्लड बैंक की स्थापना के लिए हम सब मिलकर कोशिश करें ,साथ ही इलाके के विधायक और सांसद से भी उन्होंने ब्लड बैंक की स्थापना की मांग की है।

एकजुटता से होगा विधानसभा क्षेत्र का तीव्र विकास: कमलेश

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य पथ स्थित रसूलपुर कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, एनसीपी प्रखंड गुड्डू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रसूलपुर कब्रिस्तान के अलावा उन्होंने भाई बिगहा, बलडीहरी, काकोरिया, दंगवार, बभनडीह समेत अन्य कब्रिस्तानों की घेराबंदी के लिए अनुशांसा की है। उन्होंने कहा कि एक महीना के अंदर कार्य भी शुरू हो जायेगा। विधायक ने कहा कि वह हुसैनाबाद हरिहरगंज के तीन लाख से अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। क्षेत्र के सभी लोग परिवार की तरह हैं। उन्होंने कहा कि सभी की एकजुटता से होगा हुसैनाबाद हरिहरगंज का तीव्र विकास। उन्होंने कहा कि उनका दरवाजा सभी के लिए खुला है। सभी का काम और सभी को सम्मान की नीति एनसीपी की है। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई व्यक्ति सीधे मिलकर या दूरभाष के माध्यम अपनी समस्या रख सकते है। उन्होंने कहा कि रसूलपुर गांव की समस्या का वह जल्द समाधान कराने का प्रयास करेंगे। मौके पर एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान ने कहा कि एनसीपी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। विधायक कमलेश कुमार सिंह सभी को एक समान दृष्टि से देखते हैं। यही वजह है की एनसीपी का एक गांव का कार्यकर्ता भी सीधा विधायक के संपर्क में रहता है। इस अवसर पर हैदरनगर विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, मोहम्मदगंज बीस सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, एनसीपी के मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने भी अपना अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर मंसूर खान, राजू खान, अशरफ हसन, मोहम्मद हुसैन, डौलू हुसैन, हाजी इस्लाम खान, समसुद्दीन खान, इसराफिल खान, हसनैन अंसारी, मो. रसूल, आले रसूल के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

पीएम आवास के 48 लाभुकों पर नीलाम पत्र वाद दायर

नावाबाजार। पंडवा प्रखंड के पीएम आवास योजना के 48 लाभुकों के ऊपर नीलाम पत्र वाद शनिवार को दायर किया गया है। उक्त जानकारी पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने दी। उन्होंने कहा कि प्रखंड में प्रतिदिन पीएम आवास के लाभुकों के घर जाकर प्रगति की समीक्षा की जा रही है। कहा कि 48 वैसे लाभुक जिन्होंने पीएम आवास योजना का पैसा लेकर भी पीएम आवास कार्य प्रारंभ नहीं किया है। उनके विरोध नीलाम पत्र वाद दायर किया जा चुका है। बताया कि आगामी 10 अक्टूबर को बचे हुए लाभुकों के विरुद्ध नीलाम पत्र दायर कर वारंट जारी किया जायेगा। मालूम हो कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना पीएम आवास योजना में पैसा मिलने के बावजूद लाभुक आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किए हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद वारंट जारी किया गया है।

भक्ति जागरण कार्यक्रम का थाना प्रभारी ने किया उद्घाटन

कलाकारों का सम्मान करना चाहिए : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवादाता

पांकी। प्रखंड के ग्राम करार में दुर्गा पूजा के अवसर पर शुक्रवार की रात्रि में दुर्गा पूजा समिति करार के द्वारा आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अमित सोनी ने कहा कि पांकी प्रखंड के अत्यंत छोटे से गांव करार में दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी के द्वारा की गई विधि व्यवस्था अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि विगत 10 दिनों में कमेटी के पहल पर शांतिपूर्वक ढंग से दुर्गा पूजा संपन्न कराया गया। जिस हेतु पूजा कमेटी के लोग बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को मनोरंजन

के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का भी अवसर मिलता है। पूजा कमेटी के लोगों की सराहना करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से शांति पूर्वक कार्यक्रम का लुफ्त उठाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि कलाकारों को सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर, पांकी उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, उत्तम प्रसाद गुप्ता, बबलू सिंह,गौतम प्रसाद गुप्ता, अखिलेश कुमार,निखिल सिंह, कुंदन सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

पलामू उपायुक्त से मिली अपराधी अमन साहू की मां

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। कोयलांचल के कुख्यात डॉन अमन साहू को जान का खतरा बन गया है। उसकी मां ने इस संबंध में आरोप लगाते हुए पलामू के उपायुक्त को आवेदन देकर सुरक्षा और सुविधाएं मुहैया कराने की गुहार लगाई है। बताते चलें कि कुख्यात डॉन अमन साहू को पिछले दिनों मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया है। शनिवार को अपने पुत्र अमन साहू से सेंट्रल जेल में मिलने पहुंची । उसकी मां किरण देवी ने आरोप लगाया कि उसके बेटे के साथ बुरा व्यवहार किया जा रहा है। परिवार के लोगों को उससे मिलने नहीं दिया जाता है। ऐसे में न्यायालय के कार्यों में समस्या आती है। अमन साहू के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाती है। जेल मैनुअल के अनुसार अमन साहू को सुविधाएं नहीं दी जा रही है । उसकी तबीयत खराब है। ढंग से भोजन भी नसीब नहीं हो पाता। कई बार अमन साहू ने जेल के अंदर से आवेदन लिखा है, लेकिन उसके आवेदन पत्र को जेल के अंदर ही दबा दिया जाता है।

जनसहयोग से पीसीसी व पटिया निर्माण का कार्य किया गया

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। शहर के मछली गली के सटे गली में जनसहयोग से करीब 40 फीट पीसीसी, नाली मरम्मत तथा पटिया ढ़लाई कराया गया। इस कार्य में युवा समाजसेवी राजीव रंजन, विश्वदीप कुमार, दिनेश स्वर्णकार तथा अन्य लोगों ने सहयोग किया है। वही समाजसेवी राजीव रंजन व विश्वदीप कुमार ने बताया कि उक्त गली में गंदगी तथा कूड़ा का अंबार लगा रहता था। जिसके दुर्गंध से मोहल्ले वासियों का रहना मुश्किल हो गया था। आपसी जनसहयोग से सफाई व पीसीसी निर्माण कराते हुए नाली की मरम्मत तथा पटिया बनाया गया। जिसे लोगों ने राहत की सांस ली है। मौके पर विश्वदीप कुमार, दिनेश स्वर्णकार, पंचम प्रसाद, विकास गुप्ता, संजीत स्वर्णकार, उज्जवल स्वर्णकार, शम्भू यादव, गोपाल प्रसाद, दिनेश पासवान आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.10.2022 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 278989(Lohardaga)22-23(D) अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 03/2022–23 (1st Call) गैर–योजना मद कार्य के क्रमांक–4 की निविदा अपिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

शेष क्रम संख्या पर अंकित कार्य यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
PR 279428 (Lohardaga)22-23*D पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, लोहरदगा

राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल 22 वें दिन भी जारी

अंचल कार्यालय में पसरा सन्नाटा

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। झारखंड के राजस्व उप निरीक्षक 16 सितंबर 2022 से ग्रेड पे और प्रोन्नति समेत विभिन्न 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल का छात्रों के भविष्य पर व्यापक असर पड़ रहा है। राज्य के कई विभागों में नौकरियों के लिए आवेदन करने के साथ-साथ स्कॉलरशिप लेने के लिए जाति, आवासीय व आय सहित अन्य प्रमाणपत्रों की जरूरत है। लेकिन राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग दूर-दराज से भूमि संबंधी एवं अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अंचल कार्यालय पहुंच रहे हैं। लेकिन उन्हें खाली हाथ वापस जाना पड़ रहा है। शनिवार को हड़ताल का 22वां दिन था। इस हड़ताल से जमीन संबंधी कार्य म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, पारिवारिक सूची, भूमि हस्तांतरण समेत विभिन्न कार्य प्रभावित हैं। जमीन खरीदार और विक्रेताओं को भी कठिनाई हो रही है।

सर्प डंसने से 59 वर्षीय युवक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। प्रखंड के ग्राम पंचायत जमुआ टोला अमही में जंगल से जलावन की लकड़ी लेने गये युवक की सर्प के डंसने से मौत हो गयी। मिली सूत्रों से जानकारी के अनुसार शुक्रवार के दिन अमही गांव निवासी मानदेव राजवंशी उम्र 59 वर्ष जंगल की तरफ जलावन के लिए लकड़ी लेने गया था। उसी क्रम में झाड़ी से निकल कर सर्प ने डंस लिया। इसकी सूचना उन्होंने अपने घर वालो को दी। जिसके बाद घरवालों ने तत्काल राहत के लिए उसे जड़ी बूटी व झाड़ फूक कराने में के लिए ले गये। गौरतलब है कि रात्रि में तबियत ज्यादा बिगड़ने के बाद उसे तुम्बागढ़ा अस्पताल ले जाया गया । जहां इलाज के क्रम में उसकी मृत्यु हो गयी। जिसके बाद

उन्हें घर लाया गया। इधर इसकी सूचना घरवालों ने हुसैनाबाद थाना को दिया। जिसके बाद शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम करने के बाद शव को परिवार वालों को सौप दिया। घटना से मृतक के घर मे मातम का महौल हैं । गांव मे भी सभी लोग इस घटना से दुःखी हैं । राजवंशी अपने पीछे अपनी पत्नी मंजू देवी सहित चार पुत्र छोड़ चले गये हैं । वे बहुत गरीब और निर्धन परिवार से है। उस पंचायत के मुखिया ओम प्रकाश राजवंशी,एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता दामोदर कुमार ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से पीड़ित परिवार के आश्रित को परिवारिक लाभ एवं वन आपदा मद से क्षतिपूर्ति सहायता की मांग किया हैं।

कार्यालयः-
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(आपूर्ति शाखा)
दूरभाष सं0:– 06562–223116 ई–मेल :– food.palamu@gmail.com

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि इस वर्ष खरीफ विपणन मौसम 2022–23 में धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 नवम्बर, 2022 से संभावित है। **धान बिकी करने हेतु किसानों का निबंधन हेतु किसानों से निर्धारित फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र यथा–आधार संख्या, मोबाईल नम्बर, बैंक खाता विवरणी, कृषि कार्य हेतु प्रयुक्त भूमि का रकबा (खाता संख्या एवं प्लॉट संख्या सहित), संबंधित प्रखण्ड के अंचल अधिकारी से सत्यापन के पश्चात्,** जिला आपूर्ति कार्यालय पलामू द्वारा आवेदन प्राप्त किये जाऐंगे। प्राप्त आवेदन पत्र के जांचोपरान्त किसानों के निबंधन कार्य पूर्ण किया जाएगा। निबंधित सभी किसानों के आवश्यक सभी कागजात जिला आपूर्ति कार्यालय, पलामू द्वारा ई–उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किये जाऐंगे। साथ ही ऑनलाईन के माध्यम से **https://uparjan.jharkhand.gov.in/Bazar App** पर या संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी/प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से भी ई–उपार्जन पोर्टल पर पंजीकरण के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं।

इच्छुक सभी किसान राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में **दिनांक 12.10.2022 से प्रारम्भ किये जा रहे "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम** के माध्यम से भी पंजीयन हेतु आवेदन प्राप्त कर आवश्यक सभी दस्तावेज के साथ संबंधित अंचलाधिकारी से सत्यापनोपरांत आवेदन अंचल कार्यालय अथवा आयोजित कैम्प में जमा कर सकते हैं।

PR 279438Palamu(22-23)#D उपायुक्त, पलामू

कार्यालय
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(आपूर्ति शाखा)
दूरभाष सं0:– 06562–223116
ई–मेलः–food.palamu@gmail.com

आम सूचना

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित सभी लाभुकों का राशनकार्ड में शत–प्रतिशत आधार सिडिंग किये जाने हेतु अपील :–

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित लाभुकों को खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है।

उक्त अधिनियम/योजना अन्तर्गत कुल 430131 परिवार के 1913908 कुल सदस्य आच्छादित हैं। कुल आच्छादित लाभुकों के विरूद्ध 1755245 सदस्यों का आधार सिडिंग का कार्य अबतक पूर्ण किया जा सका है, जो कुल आच्छादित लाभुकों का 91.71 प्रतिशत है।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं जन वितरण प्रणाली प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से बारम्बार वैसे लाभुकों को सूचना उपलब्ध करायी जा रही है, जिनका राशनकार्ड में अबतक आधार सिडिंग एवं सत्यापन का कार्य लम्बित है, परन्तु अबतक शत–प्रतिशत लाभुकों के द्वारा आधार सिडिंग किये जाने हेतु अपना आधार संख्या उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिसके कारण यह संभावना है कि वैसे लाभुकों का नाम राशनकार्ड में डबल/मृत/अयोग्य/अपात्र होने की स्थिति में भी दर्ज है, जिसके कारण अपना राशनकार्ड के साथ आधार संख्या का सिडिंग का कार्य नहीं कराया जा रहा है।

राशनकार्ड में आधार सिडिंग हेतु लम्बित सभी लाभुकों से अपील किया जाता है कि आपसभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से अविलम्ब अपना राशनकार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर दिनांक 17.10.2022 तक हर हाल में आधार सिडिंग का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उक्त अधिनियम/योजना अन्तर्गत शत–प्रतिशत लाभुकों का आधार सिडिंग का कार्य पूर्ण किया जा सके।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी
पलामू
PR 279439 (Palamu)22-23*D

न्यूज गैलरी

वार्ड पार्षद ने स्वच्छता अभियान को लेकर किया जागरूक

मेदिनीनगर। वार्ड संख्या 27 के वार्ड आयुक्त कमर यास्मीन ने अपने वार्ड में सफाई अभियान को लेकर स्थानीय लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही वार्ड में खराब पड़े पोल के लाइट को भी बनवाया। उन्होंने बताया कि आज नवी साहब के जन्मदिन के अवसर पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ऐसे में पूरे वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया है। स्थानीय लोगों की मांग थी कि रात में पोल के लाइट नही जलती है । जिसे भी ठीक कराया गया है। उन्होंने बताया कि बारिश में कई नालों में जाम की स्थिति बन गई थी। जिसे भी सफाई कराई गई है। निगम के द्वारा लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभी आने वालों दिनों में दीपवाली और छठ पर्व में भी सफाई अभियान जारी रहेगा। गौरतलब है कि वार्ड आयुक्त के निरंतर प्रयास से ही करोड़ो रुपए के नालों की स्वीकृति मिल पाई है। जिसपर काम जारी है। इसके साथ ही कई सामाजिक कार्यो में भी वार्ड आयुक्त बढ़ चढ़कर भाग लेती है।

आयोग ने रिम्स में नियुक्ति के लिए निकाला आवेदन

मेदिनीनगर। पलामू में चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने गुरुवार को विज्ञापन जारी किया है। जिसके अनुसार आयोग ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची में तृतीय श्रेणी के 64 पद पर भर्ती की जायेगी। इन पद पर आवेदन की प्रक्रिया 1 नवंबर से शुरू होंगे और आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 नवंबर हैं। इन पद पर आवेदन ऑनलाइन स्वीकार किया जाएगा। भर्ती के तहत विभिन्न श्रेणी में 30 नियमित तथा 34 बैकलाग पद पर नियुक्ति होगी। आवेदन करने के लिए अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए 50 रुपये और अन्य अभ्यर्थियों को 100 रुपये का शुल्क भुगतान करना होगा। दोनों नियमित और बैकलॉग की भर्ती के लिए अभ्यर्थी एक साथ ही आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में यह विकल्प उपलब्ध रहेगा। दोनों विज्ञापन के लिए एक ही परीक्षा आयोजित की जाएगी। नियुक्ति हेतु परीक्षा एक चरण में सीबीटी मोड में ली जायेगी। एक पत्र की लिखित परीक्षा में सभी 120 प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न चार अंको के होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए चार अंक दिए जाएंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक की कटौती की जायेगी।

परशुराम सेना कार्यालय में असमाजिक तत्वों ने किया तोड़फोड़

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय बीते रात कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा हनुमान जी का झंडा उखाड़ दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर सेना के पदाधिकारियों के द्वारा शहर थाना को दी गई। दो नंबर टीओपी प्रभारी रुद्रानंद सरस ने तत्काल कारवाई करते हुए इस घटना में शामिल एक युवक को तत्काल गिरफ्तार किया है। वहीं देर रात में संगठन के सदस्यों का सेना कार्यालय पर जमवाड़ा लग गया। वहीं इस घटना को देखते हुए शनिवार को परशुराम सेना की अपरिहार्य बैठक आयोजित की गई । बैठक के बाद सेना परिवार के जिलाध्यक्ष विकास दूबे ने शहर थाना पहुंचकर नामदज प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें राजन सिंह,विश्वजीत सिंह,बिष्णु सिंह और रवि कुमार का नाम शामिल है। इधर इस घटना को लेकर एक विशेष समाज में काफी रोष व्याप्त है। लोग काफी आक्रोशित हैं। परशुराम सेना के सैकड़ों सदस्य शहर थाना पहुंचकर मामले को दर्ज कराया। इस दौरान सेना के सदस्यों का कहना था कि भगवा झंडा से आखिर किसी को क्या दुश्मनी हो सकती है । जिसमें भगवा झंडा का अपमान किया गया है।

पलामू में आज मनेगी शरद पूर्णिमा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में रविवार को शरद पूर्णिमा मनाया जायेगा। हिंदू धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल आश्विन मास की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे पास होता है। इस दिन आकाश से अमृत वर्षा होती है। शरद पूर्णिमा को लेकर लोगों का कहना है कि इस दिन मध्यरात्रि में लोग मां लक्ष्मी पृथ्वी का भ्रमण करती है और अपने प्रिय भक्तों पर के ऊपर पड़े सभी बुरे साये यानी दुख-तकलीफों को उनसे दूर कर देती है। शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा और कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है । हिन्दु धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, भगवान

श्रीकृष्ण ने इसी दिन गोपियों संग महारास रचाया था। शरद पूर्णिमा को सबसे खास पूर्णिमा माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन व्रत रखने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। महिलाएं इस व्रत को रखती है। उनके बच्चों की उम्र लंबी होती है। वहीं, अगर अविवाहित युवतियां इस व्रत को रखती है तो उन्हें मनचाहा पति भी मिलता है। हिन्दु धर्म में इस पूर्णिमा को बेहद खास माना जाता है।

खुले आसमान के नीचे रखा जाता है खीर : इस दिन रात्रि में खुले आसमान के नीचे खीर रखने की भी रीति है। ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा अपनी संपूर्ण 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है और अपनी चांदनी से पूरे जगत पर अमृत वर्षा करता है। यही वजह है कि इस दिन सभी लोग खीर बनाकर चांद की चांदनी में रख देते हैं और उसका प्रसाद ग्रहण करते हैं।

कब है शुभ मुहर्तः पुरोहित ओम पाठक में बताया कि आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 09 अक्टूबर को सुबह 03 बजकर 41 मिनट से शुरू होगी। ये तिथि अगले दिन 10 अक्टूबर को सुबह 02 बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगी।

40 वर्षीय व्यक्ति लापता ,परिजन परेशान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर शांतिनगर निवासी कृष्णा राम उम्र 40 वर्ष शुक्रवार से लापता है। उनके लापता हो जाने के बाद परिजनों ने चैनपुर थाना में लापता होने से संबंधित मामला को दर्ज करा दिया है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि कृष्णा राम अपने किसी रिश्तेदार के घर नवीनगर गए थे। शुक्रवार को नवीनगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर वह अपने घर वापस लौट रहे थे। इस बीच रेहला रेलवे स्टेशन पहुंचने तक कृष्णा राम ने अपने परिजनों से फोन पर बात किया था। उसके बाद उनकी बात परिजनों से नहीं हुई और वह अपने घर वापस भी नहीं लौटे। उनके घर नहीं लौटने पर परिजन काफी परेशान है। परिजनों ने उनका पता लगाने के लिए सगे संबंधी सहित अन्य जगहों पर खोजबीन किया । इसके बाद भी उनका कोई अता-पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने आम लोगों से आग्रह कर उनका हुलिया बताता है। लापता कृष्णा राम का रंग गोरा कद 5 फिट 6 इन्च है,वे काला टीशर्ट और नीला जिन्स पहने हुये थे। जिन सज्जन को इनके बारे में हुलिया से पता चले या कोई जानकारी मिले वे कृप्या मो० 9065281417 पर सम्पर्क करने का कष्ट करे। जानकरी देने वाले सज्जन को उचित ईनाम दिया जायेगा। मोबाइल नम्बर 8789749631 9065281417, 9835968405 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

विद्यार्थियो को नये तरीके के सोच के लिए सदैव प्रेरित करें शिक्षक : आरडीडीई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अग्रसेन भवन प्रशाल में शनिवार को संत मरियम स्कूल के सभी शिक्षकों के लिए वर्तमान समय में अध्यापन की चुनौतियां विषय पर एक शिक्षक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू आरडीडीई शिव नारायण शाह, विशिष्ट अतिथि पलामू डीईओ अनिल कुमार चौधरी, प्रो एससी मिश्रा एवं संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । दीप प्रज्वलन के पश्चात मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । स्वागत गान के पश्चात स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव ने स्वागत भाषण में कहा कि वर्तमान समय में हम सभी शिक्षकों के लिए आए दिन नए-नए चुनौतियां सामने आती रहती है । अतः हम सभी को एक साथ मिल बैठकर इस पर मंथन करने की आवश्यकता थी। अध्यापन में मौजूदा परिस्थिति को जिले के शिक्षा के क्षेत्र के बड़े अधिकारियों के समक्ष परिचर्चा से हम सभी इस चुनौतियों से निजात पाने की कोशिश करेगें। हमारा विद्यालय शहर का एक प्रतिष्ठित स्कूल है और सदैव हमारा यह प्रयास होता है की बच्चों के सर्वांगीण विकास में हमारा स्कूल सर्वोच्च स्थान पर काबिज रहे। अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि जिले के डीईओ अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षक सदैव अपना बेहतर देने का प्रयास करें । विद्यार्थियों के बीच बिना कोई भेदभाव के लगातार पढ़ाई के प्रति उन्हें प्रेरित करें, ताकि वे सफल और कामयाब इंसान बन सके। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रोफेसर एस सी मिश्रा ने कहा कि बदलते हुए समय के साथ शिक्षा में बदलाव भी बेहद आवश्यक है। सभी शिक्षक निश्चित तौर पर इसका अनुपालन करते हुए विद्यार्थियों के समक्ष अपने आप को प्रस्तुत करें ,ताकि उनकी सीखने की जिज्ञाषा बढ़ सके। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्रमंडल के आरडीडीई शिवनारायण कुमार शाह ने कहा कि सभी शिक्षक सदैव विद्यार्थियों को नए नए तरीके इजाद करने के लिए प्रेरित करें । शिक्षकों को यह सदैव प्रयास करना चाहिए कि बच्चों की गलतियों को नजर अंदाज करते हुए हम उन्हें कैसे बेहतर शिक्षा दे पाएंगे।

सहायक अध्यापकों के आकलन परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में कार्यरत सहायक अध्यापक का पहला योग्यता आकलन परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। अब 30 दिसंबर तक योग्य सहायक अध्यापक अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। इस परीक्षा में सफल होने वाले सहायक अध्यापक के मानदेय में सरकार 10 फीसदी की वृद्धि करेगी। पूर्व में आवेदन जमा करने की तिथि सात अक्तूबर तक निर्धारित की गयी थी। जैक द्वारा फिलहाल परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की गयी है। गौरतलब है कि राज्य में 67 हजार से अधिक सहायक अध्यापक हैं, जिसमें से 47 हजार सहायक अध्यापकों को आकलन परीक्षा देना होगा। शेष टेट परीक्षा और अन्य शैक्षणिक अहर्ता और योग्यताधारी हैं। सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियामवली के अनुसार आकलन परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रमाण पत्र का सत्यापन होना भी अनिवार्य है। राज्य में अभी तक शिक्षकों के प्रमाण पत्र सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा अलग-अलग जिलों के लिए प्रमाण पत्र सत्यापन की अलग-अलग तिथि निर्धारित है। पश्चिमी सिंहभूम, जामताड़ा, बोकारो, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, गोड्डा, लातेहार, गढ़वा, देवघर, हजारीबाग, पलामू व साहिबगंज को 15 अक्तूबर तक व गिरिडीह को 31 अक्तूबर तक का समय दिया गया है। इनके अलावा शेष जिलों को प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए 30 सितंबर तक का ही समय दिया गया था। जैक की तरफ से परीक्षा को लेकर मॉडल प्रश्न पत्र जारी किया जायेगा। सामान्य वर्ग के शिक्षकों के लिए 40 प्रतिशत व आरक्षित वर्ग के शिक्षकों को न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। कक्षा एक से पांच तक के शिक्षकों के प्रश्न का स्तर मैट्रिक व कक्षा छह से आठ के लिए स्नातक स्तरीय होगा। एक शिक्षक को आकलन परीक्षा में शामिल होने के लिए चार अवसर मिलेगा। परीक्षा में शामिल नहीं होने पर शिक्षकों का एक अवसर समाप्त हो जायेगा।

जूनियर रेजिडेंट के 20 पदों के लिए लिए अभ्यर्थियों की तलाश शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए विभिन्न विभागों में जूनियर रेजिडेंट की नियुक्ति होगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मेडिकल कॉलेज की ओर से इस संबंध में सूचना जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक जूनियर रेजिडेंट के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति की जानी है। 20 पदों के लिए होने वाली यह नियुक्ति एक साल के लिए होनी है। 12 अक्टूबर को इसके लिए वॉक इन इंटरव्यू में कैंडिडेट शामिल हो सकते हैं। इस इंटरव्यू में कैंडिडेट जरूरी डाक्यूमेंट्स की मूल प्रति और छाया प्रति के साथ शामिल होंगे। मेडिकल कॉलेज के मुताबिक 8 विभागों में 20 पदों (जूनियर रेजिडेंट) पर नियुक्ति की जानी है। इनमें सर्जरी विभाग में 5, एनेस्थेसिया में 4, स्त्री एवं प्रसुति में 3, हड्डी, मानसिक और शिशु रोग विभाग में 2-2-2, टीबी एवं चेस्ट विभाग के अलावा शारीरिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग में 1-1 पद शामिल हैं। एमबीबीएस की पढाई और इंटर्नशिप पूरा कर चुके कैंडिडेट इनमें शामिल हो सकते हैं।

पैगम्बर नवी साहब का जन्मदिन आज,सभी तैयारियां पूरी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में इस्लाम धर्म के मानने वालों ने इस्लाम के अंतिम पैगम्बर कहे जाने वाले पैगम्बर नवी साहब के जन्मदिन को लेकर सभी तैयारी जोरों पर जारी है। जिले में रविवार को नवी साहब का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जायेगा। पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। वहीं पर्व को लेकर विभिन्न दुकानों में भी साज-सजावट का सामान व्यापक रूप में लाया गया है। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा साज-सजावट के सामानों की खरीदारी के लिए दुकानों में काफी भीड़ देखी जा रही है। साथ ही बड़े पैमाने पर कब्रिस्तान में भी साफ-सफाई की जा रही है। इस संबंध में हाफिज रहमान बताते हैं कि उनके नूर से रोशन हुआ था। दुनिया, वे ना थे तो कुछ ना था, वो जो ना है तो कुछ भी नहीं है। ये कहते हैं कि पैगम्बर नवी साहेब का जन्म 10 हिजरी नो रविउल में हुआ था। जो इस्लाम के अंतिम पैगम्बर माने जाते हैं। उन्होंने विश्व शांति का पैगाम दिया। उन्होंने बताया कि उस समय अरब में बेटियों को जिंदा दफना दिया जाता था। उन्होंने उसे हक व मुकम्मल जिंदगी दी। उन्हें साफ-सफाई पसंद था। इसको लेकर घर के आसपास सफाई व कब्रिस्तान की सफाई की जाती है। उन्होंने बताया कि भारत के अलावे सभी इस्लामिक कंट्री में भी मोहम्मद पैगम्बर साहेब का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है। **निकाला जायेगा भव्य जुलूस :** पलामू सदर मुस्तफा कमाल ने कहा कि पिछले दो वर्षो से कोविड-19 के कारण जश्न-ए-ईद मिलादुन नबी का जुलूस नहीं निकाला गया है। इस वर्ष हर्षोल्लास व इस्लामी पर्चम के साथ जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ी मुहल्ला के मदरसा मरकजी दारूल उलूम से जुलूस निकाला जाएगा,जो शाह मुहल्ला, तेली पट्टी, मुस्लिमनगर, भट्टी मुहल्ला, बम-पटाखा मोड़, धोबी मुहल्ला, घांस पट्टी, कन्नी राम चौक, सत्तार सेठ चौक, विष्णु मंदिर रोड़, पंच मुहान, जिला स्कूल चौक होते हुए छह मुहान पहुंचेगा।

जिले में 12 अक्टूबर से प्रशासन पहुंचेगी आपके द्वार,पंचायतों में कार्यक्रम तय

प्रथम चरण में जिले के 130 पंचायतों में लगाया जायेगा शिविर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर आगामी 12 अक्टूबर से पूरे राज्य में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया जाना है। जिसके तहत पलामू जिले में भी प्रथम चरण में 12 से 22 अक्टूबर तक सभी 21 प्रखंडों के 130 पंचायतों में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शिविर में एक ओर जहां अधिकारियों को गतिविधियों का कायार्न्वयन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया है। वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों से अपील किया है कि वे अपने संबंधित पंचायत में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचे और समस्याओं से संबंधित आवेदन दें, ताकि उसका निष्पादन कर उन्हें सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर जिले में चलाये गये सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से कुल 2 लाख 53 हजार आवेदन मिले थे। इन सभी आवेदनों को निष्पादित कर दिया गया।आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार के तहत लगाये जाने वाले इस शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। शिविर में ही आम जनता को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाएगा। इस बार के शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों के अद्यतन स्थिति के बारे में संबंधित लाभुक को रटर के माध्यम से अपडेट किया जायेगा । साथ ही प्रत्येक आवेदन का यूनिक आईडी निर्गत करते हुए एक्नॉलेजमेंट स्लीप भी प्रदान किया जायेगा । ताकि कभी भी किसी लाभुक के आवेदन को ट्रैक किया जा सके। शिविर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की विकास योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। कार्यक्रम के तहत ग्रीन राशन कार्ड के लिए झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना,सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और अन्य योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त होंगे। इन सभी का लाभ लोगों को मौके पर दिया जायेगा।

टीओपी थाना की पुलिस ने अजगर सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी रंजीत मिश्रा के घर से पुलिस ने शुक्रवार को एक विशाल अजगर सांप को पकड़ कर उसे जंगल में छोड़ दिया। इसकी जानकारी देते हुवे टीओपी 3 प्रभारी मंतुस्ट महतो ने बताया कि शुक्रवार की रात आजाद नगर निवासी रंजीत मिश्रा ने उन्हें फोन कर जानकारी दिया कि उनके घर में एक विशाल अजगर सांप घुस गया है। जिसके वजह से घर के लोग डरे सहमे हुए हैं। जानकारी मिलते ही मंतुस्त महतो अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सांप को पकड़ कर एक बोरे में बंद कर उसे जंगल ले जाकर छोड़ दिये। इस कार्य के लिए रंजीत मिश्रा के परिजनों ने टीओपी 3 प्रभारी मंतुस्ट महतो और टाइगर मोबाइल के जवानों को धन्यवाद दिया है। परिजनों ने कहा कि पुलिस किसी भी परिस्थिति में पब्लिक के साथ रहती है। मंतुस्ट महतो ने बताया कि सांप देखे जाने के बाद आसपास के लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। अजगर देखे जाने के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी वन विभाग को दी। कई बार वन विभाग के कर्मियों से आग्रह किया कि सांप को पकड़ कर सुरक्षित जंगली क्षेत्र में छोड़ दे, लेकिन वन विभाग का कोई कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। साथ ही सांप का रेस्क्यू करने से भी इंकार कर दिया। वन विभाग के कर्मियों द्वारा इनकार करने के बाद पुलिस ने सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा। मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान रविकांत कुमार,रिंकु शुक्ला,नीरज शुक्ला, बंटी सिह,बैजनाथ यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

विधायक प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। केंद्रीय समिति सदस्य सह गढ़वा के स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात कर गढ़वा वापस लौटने के बाद कंचन कुमार साहू ने कहा कि वे सीएम से मुलाकात करने के पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति की बैठक में भाग लिए थे।

जिसमें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी कार्यकर्ताओं को आपकी योजना-आपके द्वार-आपकी सरकार कार्यक्रम के माध्यम से शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ जन-सामान्य को पहुचाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अक्टूबर से होगा। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर तक एवं दूसरा चरण एक से 14 नवम्बर चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के लोक-कल्याणकारी योजनाओं का आम जनों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। वहीं शिविर में ही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जाएगा। ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। सरकार ने प्राथमिकता उन पंचायतों को अधिक देने का आदेश दिया है। जहां गत वर्ष किसी कारणवश शिविर नहीं लगाया जा सका था। इस आयोजन के माध्यम से आम नागरिकों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पांच लाख नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना हेतु आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन सहित अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांचोपरान्त दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं सहित धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों का निबंधन। हड़िया। शराब के व्यापार में संलग्न महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराने। सेवा के अधिकार के तहत प्रमाण पत्रों के आवेदनों का निष्पादन। बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' में प्रकाशित खबर का असर

बीडीओ ने पीएमआवास का किया जांच

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर (गढ़वा)। प्रखण्ड के पंडरिया पंचायत में पूर्व में बने बिरसा आवास को ही मरमत कर विचौलिया एवं संबंधित विभाग के कर्मचारियों के मिलीभगत से दिखा कर प्रधानमंत्री आवास का पैसा निवासी करने का मामला समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद बीडीओ जयपाल महतो ने आवास का किया जांच। जांच के क्रम में तीन आवास निर्माण में पाया कि पूर्व के ही बिरसा आवास को मरमत कर पैसा का निकासी कर लिया गया है। बीडीओ ने बताया कि बुधनी कुँवर, नकू कोरवा, अनिल कोरवा का पूर्व का बिरसा आवास बना था। उसी को रंग पेंट कर पैसे का निकासी कर लिया गया है। बुधनी कुंवर का 125000, नकुकोरवा का 130000, अनिल कोरवा का 130000 प्रधानमंत्री आवास के नाम पर निकासी कर लिया गया है जो भी कर्मी दोषी है। उनके ऊपर विभागीय कारवाई की जाएगी। बताते चले कि 15 वर्ष पूर्व कल्याण विभाग से अतिसुदुर्वर्ती गांव में रह रहे आदिम जनजातियों को बिरसा आवास निर्माण कराया गया था। जिसमे बिरसा आवास निर्माण बिचौलियों व सम्बंधित विभाग से मिलीभगत के कारण अधूरा रह गया था। बिचौलिया के द्वारा घठिया भवन व पके छत के जगह पतली जीआईसीट देकर खपड़ैल आवास बना दिया गया था। जो कुछ वर्षों में ही ध्वस्त के कगार पर पहुंच गए थे। परन्तु वर्ष 16-17 में दुबारा करमाहि में लगभग ढाई दर्जन लोगो को प्रधान मंत्री आवास आवंटन किया गया था। जिसमे तीन किस्तों लगभग एक लाख तीस हजार रु की निकासी बिना अवास निर्माण किये पुराने बिरसा आवास को ही रिपेयर कर खपड़ैल के जगह जीआई सीट से सम्बंधित विभाग के कर्मी व बिचौलिया के द्वारा पूर्ण करवा दिया गया। जिससे उक्त सभी अदिमजनजाति के लोग आवास दुबारे महरूम रह गए। जांच के दौरान पंडरिया मुखिया पति अनील चौबे, प्रधानमंत्री आवास प्रखण्ड कॉर्डिनेटर सिराज अहमद, सहित कई लोग उपस्थित थे।

श्री जीयर स्वामी जी को आमंत्रित करने श्रद्धालु बलिया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। भारतवर्ष के महान मनीषी संत श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज व उनके कृपापात्र शिष्य श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज को चातुर्मास्य व्रत एवं महायज्ञ के निमित्त आमंत्रित करने के लिए शनिवार को श्री बंशीधर नगर धाम से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बलिया (यूपी) के लिए रवाना हुये। बलिया प्रस्थान करने के पूर्व सभी श्रद्धालु स्तरोन्नत हाईस्कूल जतपुरा के निकट एकत्र हुये। लगभग 10 बजे एकत्रीकरण के बाद जयघोष के बीच वहां से 50 से अधिक सुरक्षित वाहनों से बलिया के लिये प्रस्थान किये। बलिया प्रस्थान करने वालों में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, राजा राजेश प्रताप देव, शंभूनाथ शुक्ला, शिवनारायण चौबे, मुक्तेश्वर पांडेय, भरत प्रसाद निराला, राजेश कुमार पांडेय, गुलाब पांडेय, राजेन्द्र दूबे, लक्ष्मण राम, ओमप्रकाश गुप्ता, सोनू सिंह, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, ओमप्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद, मंदीप प्रसाद, पावस लाल, बंगाली सिंह, रजनीकांत देव, मनीष प्रताप देव, अजित प्रताप देव, विद्याभास्कर, रामश्रृंगार चौबे, द्वारिकानाथ पांडेय, रामकृष्ण चौबे, कृष्णानंद शुक्ला, विजेन्द्र शुक्ला, नारद शुक्ला, सत्येंद्र शुक्ला, कमलेश पांडेय, अखिलेश प्रसाद, मथुरा राम, कामेश राम, शंभू राम, विजय ठाकुर, शंकर महतो, हरिहर पासवान, हरिहर राम आदि के नाम शामिल हैं।

युवती ने जहर खाकर की आत्महत्या

गढ़वा। पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव के मल्लाह टोला निवासी संदीप चौधरी की पुत्री मनीता कुमारी 18 वर्ष ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर किया। जानकारी के अनुसार मनीता कुमारी ने शुक्रवार की शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया था। इसके पश्चात उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया था। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान ही मनीता कुमारी की मौत हो गई। हालांकि मृतका के स्वजन उसके जहर खाने के कारणों को लेकर कुछ भी बताने से इंकार किया। इधर, मनीता कुमारी की मौत की सूचना मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर उसके शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शनिवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर मृतका के स्वजनों को सौंप दिया।

जंगली हाथियों ने कई किसानों का फसल बर्बाद किया

नवीन मेल संवाददाता

चिनियाँ (गढ़वा)। चिनिया थाना क्षेत्र के तहले गांव में शुक्रवार की रात्रि जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया कई किसानों को धान मकई का फसल हाथियों ने रौंद दिये। वहीं हाथियों ने फसल बर्बाद कर दिया। जिन किसानों का हाथियों ने फसल बर्बाद किए उनमें हैं। बुधन यादव के मकई का फसल, वीरेंद्र यादव के मकई तथा धान का फसल विजय यादव का मकई का फसल, सुनील यादव का मकई का फसल, राजेंद्र यादव का मकई, राम प्रताप यादव का मकई, मंटू साव का धान का फसल, अजय यादव का धान, सुरेंद्र यादव का धान का फसल, जंगली हाथियों ने बर्बाद कर डाला ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे डेढ़ दर्जन से अधिक जंगली हाथियों का झुंड गांव में पहुंच कर रात भर फसल बर्बाद करते रहे। कोई भी ग्रामीण डर के मारे हाथियों के नजदीक नहीं गया। मामले में पूछे जाने पर वन विभाग के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा तहले गांव में फसलों के नुकसान किए जाने की जानकारी मिली है। फसलों के नुकसान की जानकारी ली जा रही है। बर्बाद हुए फसल को सरकारी प्रावधान के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने हाथियों की भगाने की भी मांग की है। बताते चले कि क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से जंगली हाथियों का आतंक जारी है। जिससे किसानों के सैकड़ों एकड़ में लगी फसलों को नुकसान कर दिया है। वहीं लोग ग्रामीण क्षेत्र में रात में दहशत में रह रहे हैं। वहीं क्षेत्र में जाने से डर रहे हैं। रात होते ही जंगली हाथी गांव में पहुंच जा रहे हैं।

बिससूत्री सदस्य ने एसडीओ को पत्र दिया

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। प्रखण्ड बीस सूत्री सदस्य इकबाल खान ने अनुमण्डल पदाधिकारी सह नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर, नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 2 चेचरिया में गुड्डू खान के घर से विशुनपुर सिवान तक बन रहे पीसीसी पथ व गार्डवाल निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत प्राक्कलन के अनुसार कार्य कराने का निर्देश देने की मांग किया है। एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी को दिये गये। आवेदन में कहा गया है कि वार्ड नम्बर2 में गुड्डू खान के घर से विशुनपुर सिवान तक पीसीसी व गार्डवाल निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमे घटिया किस्म का बालू व गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। बालू में काफी मात्रा में मिट्टी का अंश है। गार्डवाल में एक फिट पीसीसी की जगह 6 इंच ही पीसीसी किया जा रहा है। जिससे समय से पूर्व ही ध्वस्त होने की संभावना है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, सुदेश्वर राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

12 से की जाएगी 'आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम' का आयोजन : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर (गढ़वा)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में आपकी योजना 'आपकी सरकार, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम' के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड के पंचायत के मुखिया, बीडीसी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, स्वयंसेवकों के साथ एक बैठककी। बैठक में बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने पर जोर दिया। जिसे देखते हुए आगामी 12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम' का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 12 अक्टूबर को बनसानी,13 को चपरी ,14 को कैलान, 17 को अरसली दक्षिणी, 20 को भवनाथपुर पंचायत में कैम्प लगा कर आम नागरिकों को आवेदन लिया जाएगा। साथ निष्पादित किया जाएगा। जिसमें आवेदक को पूरा दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कार्यक्रम के तहत आम लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, पेंशन स्वास्थ्य, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पेयजल सहित कई स्टालो को लगाया जाएगा। इस मौके पर कैलान मुखिया सुकनी देवी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी, सिंदूरिया मुखिया नंदलाल पाठक, पंडरिया मुखिया गायत्री देवी, बीडीसी चंदन ठाकुर, रीता देवी, पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद, अजित सिंह, भुनेश्वर सिंह, रोजगार सेवक तहमीद अंसारी, स्वयंसेवक निरंजन पाठक, अजीत कुमार, कौशल सिंह, उपेंद्र यादव, गुड्डू यादव, संजय ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

चिनीया में वन विभाग ने 12 पीस सखुआ का कीमती बोटा किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता

चिनिया (गढ़वा)। चिनीयां में बीती रात बन कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर तथा वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मौके से 3 साइकिल पर लदे 12 पिस सखुआं का बना बनाया हुआ बेशकीमती चौपहल को जप्त किया है जबकि मौके से लकड़ी तस्कर साइकिल समेत लकड़ी को छोड़कर भागने में सफल रहे। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि रंका पश्चिमी वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा के निर्देश पर यह बड़ी कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है हम लोगों को यह सूचना मिली थी कि चिनिया मुख्य रोड से लकड़ी तस्कर साइकिल से लकड़ी लेकर दूसरे प्रखंड में बिक्री के लिए ले जा रहे हैं वही त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर चिनिया

गढ़वा मुख्य सड़क सावधान मोड़ के समीप 3 साइकिल पर लदे 12 पीस सखुआ का बेशकीमती बना बनाया हुआ चौपाल को जप्त किया गया है जबकि मौके से लकड़ी तस्कर साइकिल समेत लकड़ी को छोड़कर भागने में सफल रहे । वही जप्त किए गए चौपाल की कीमत लगभग 20000 रुपये बताई जा रही है। मौके पर प्रभारी बन पालन उमेश कुमार,वन कर्मी उमेश सिंह, प्रेमचंद दास, रंजीत सिंह,व राधेश्याम प्रसाद इस अभियान में शामिल थे।

न्यूज गैलरी

नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर 16 को

गढ़वा। जिले एवं उसके आसपास की जनता की सुविधा के लिए नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन 16 अक्टूबर को ज्ञान निकेतन विद्यालय (छठ घाट, गढ़वा) के प्रांगण में किया जाएगा। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए नई दिल्ली के एम्स में प्रशिक्षित गढ़वा के स्थानीय मूलनिवासी हार्ट सर्जन डॉक्टर विकास कुमार केसरी ने बताया की जायंट्स क्लब के अमूल्य सहयोग से नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन इसी स्थल पर वह पिछले कई वर्षों से करते आए हैं, परंतु करोना काल में यह श्रृंखला अस्थायी रूप से बाधित हो गई थी। इसी सेवा को पुन: आरंभ करते हुए अब यह सेवा हर महीने के तीसरे रविवार को उपलब्ध रहेगी। इस श्रृंखला में पहले शिविर का आयोजन 16 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह सुविधा सिर्फ हृदय रोगियों के लिए पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बीस वर्ष की आयु तक के आर्थिक रूप से पिछड़े (बीपीएल श्रेणी के) रोगियों को ओपेन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान भी उनके अस्पताल में कुछ अन्य संस्थाओं के सहयोग से उपलब्ध है। बीस वर्ष की आयु से अधिक के गरीब रोगियों के लिए भी ओपेन हार्ट सर्जरी की सुविधा उनके अस्पताल में लगभग अन्य सरकारी अस्पतालों के तुलनात्मक शुल्क पर उपलब्ध है और उनकी हर तरह से आर्थिक सहायता करने के लिए डॉक्टर विकास एवं अस्पताल प्रबंधन प्रतिबद्ध है। जायंट्स क्लब के सदस्यों की ओर से भी इस सुविधा का अधिक से अधिक समुचित लाभ उठाने के स्थानीय जनता से अपील की गई है।

हस्तशिल्प मेला में उमड़ रही महिलाओं व बच्चों की भीड़

गढ़वा। राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट कंस्यूमर तत्वावधान में गढ़वा टाउन हॉल के मैदान में शिल्प उत्सव मेला में जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। शिल्प उत्सव मेला के हितेश पाठक ने कहा कि मेले में दर्जनों स्टाल लगाए गए हैं। एक ही जगह पर देश के विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्पकार अपनी कला की प्रदर्शनी व सामान की बिक्री हो रहे है। मधुबनी पेंटिंग, भागलपुर का सिल्क एवं डबल चादर, फिरोजाबाद की चुड़ियां , राजस्थानी आचार एवं चूरन, स्वागतम गुजरात की लेडीज सलवार-सूट व बेडशीट, दिल्ली का ब्लाक प्रिंट कुर्ती, मुरादाबाद का पीतल से बना सामान, मेरठ का खादी का शर्ट, पहली पसंद के रूप में राजकोट की हस्त निर्मित आर्टिफिशियल ज्वेलरी, इसके अलावा मेले में कानपुर का काटन बैग, कोलकाता की फैंसी चप्पल का स्टाल भी रहेगा। इसके अलावा भी अन्य कई प्रकार के सामान का स्टाल रहेगा। जहां लोग अपनी पसंद के सामान की खरीदारी कर सकते हैं। मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए ड्रैगन और झूला के साथ स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन उपलब्ध रहेगा। शिल्प उत्सव मेला प्रत्येक दिन सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक खुला रहेगा।

स्कॉर्पियो के चपेट में आने से तीन घायल

गढ़वा। नगर भवनाथपुर सड़क में नेपाल खोह के समिप स्कॉर्पियो के चपेट में आने से तीन व्यक्ति घायल हो गए। एक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली गांव निवासी रंजीत पासवान संतोष कुमार अजय सिंह का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि तीनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर नगर से घर आ रहे थे इसी बीच नेपाल खोह के समीप सामने से आ रहे स्कार्पियो ने धक्का मार दिया जिसके बाद रंजीत पासवान को आसपास के लोगों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया है।

किटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास

गढ़वा। रेहला थाना क्षेत्र के रकसाहा गांव निवासी चंद्र देव चौधरी के पुत्री शोभा कुमारी किटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास कि है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना के संबंध में घरवालों ने बताया कि घरेलू कामकाज के लिए शोभा को गार्जियन केद्वारा डांट फटकार किया गया था। इसी बात से उग्र होकर कीटनाशक खा ली तबियत बिगड़ने के बाद घर वालों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया है।

शराबी पति से तंग आकर महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास, इलाजरत

गढ़वा। शराबी पति से तंग आकर महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना गढ़वा थाना क्षेत्र के महुलिया गांव का है। कीटनाशक खाने बीमार हुई कविता देवी पति नागेंद्र मेहता का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में कविता देवी ने बताया कि उसका पति ड्राइवर है। वह शराब पीकर अक्सर ही उसके साथ मारपीट करता है। साथ ही मायका वालों से मोबाइल फोन से बात करने पर भी पाबंदी लगा दिया है। कविता देवी के अनुसार शुक्रवार की देर रात नागेंद्र मेहता ने मायके वालों से बात करने को लेकर जमकर मारपीट की। तब उसने आत्महत्या के इरादे से कीटनाशक खा लिया। सदर अस्पताल में इलाजरत कविता देवी की हालत में सुधार हो रहा है।

असमय मृत्यु से शोक

रमना (गढ़वा)। प्रखंड अभी पर्व के उमंग में डूबा था वहीं एक युवक कि मृत्यु से एक पंचायत शोकाकुल हो गया। सिलिदाग पंचायत अंतर्गत अठनवा टोला के नंदलाल ठाकुर के 15 वर्षीय एकलौता पुत्र कुंदन कुमार ठाकुर की असमय मृत्यु से परिजनों पर दु:ख कि पहाड़ टूट पड़ी। इस घटना से पूरे गांव शोकमय हो गया। जानकारी के अनुसार 07 अक्टूबर शुक्रवार की रात्रि में कुंदन कुमार का अचानक तबीयत बिगड़ने से इलाज के लिए ले जाने के क्रम में मौत हो गया। नंदलाल ठाकुर के चार पुत्रियों के बाद पुत्र की प्राप्ति हुयी थी। इस प्रकार असमय मृत्यु से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि दशहरा के मूर्ति विसर्जन जुलुस में उक्त युवक ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया था। इस प्रकार अचानक मृत्यु से सभी स्तब्ध है। इस दु:खद घड़ी में मुखिया अनीता देवी, पसस सूर्यदेव राम ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाये। नंदलाल ठाकुर आर्थिक रूप से भी कमजोर हैं। इस प्रकार अपने एकलौते पुत्र के खोने से सदमे में हैं।

उपायुक्त के निर्देश पर मनरेगा योजनाओं में अनियमितता पर भौतिक निरीक्षण

भवनाथपुर (गढ़वा)। जिले के उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर मनरेगा योजनाओं में अनियमितता पर पुर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए किये जा रहे पहल के मद्देनजर शनिवार को दंडाधिकारी निस्ता अंजुम ने मनरेगा में सामाग्री देने के नाम पर रजिस्टर्ड वेंडरों के दुकान का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एमएस कुशवाहा ट्रेडर्स, एमएस लक्ष्मी ट्रेडर्स, एमएस गुप्ता इंटरप्राइजेज, एमएस नवल किशोर प्रसाद ट्रेडर्स व मेसर्स अंसारी इंटरप्राइजेज, मेसर्स अजीत ट्रेडर्स, श्री राधे राधे इंटरप्राइजेज के नाम से वेंडर द्वारा रजिस्टर्ड कराए गए दुकानो में दंडाधिकारी निस्त अंजुम ने डोर-टू-डोर निरीक्षण किया। दंडाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की वेंडर के दुकान से मनरेगा योजना के लाभुक को सामाग्री पर्याप्त मात्रा में मिलता है अथवा नहीं मिलता है। इसकी जांच की गई है। वहीं दुकान में जब वेंडरो से स्टॉक पंजी मांगा गया तो किसी वेंडर ने स्टॉक पंजी उपलब्ध नहीं कराया है।

जनप्रतिनिधियों के साथ बीडीओ ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

डंडाई (गढ़वा)। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में शनिवार को 'आप की योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का सफल आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने किया। बैठक में अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम, प्रधान सहायक अभयानंद सिन्हा, जितेंद्र सिंह, कनीय अभियंता मुकेश दुबे, पंचायत सचिव सुनील कुमार, राजकुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, विकास कुमार, रमेश सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार, रोजगार सेवक दिनेश राम, सुनील कुमार, विनय चौबे, अशोक राम, मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, विष्णु दयाल सहित सभी मुखिया प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से राज्य सरकार के 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में सभी पंचायतों में 'आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम' का सफल आयोजन को लेकर समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने बताया कि आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सभी पंचायतों में दो चरणों में किया जाना है। दूसरे चरण का पहला फेज 12 से 23 अक्टूबर एवं दूसरा फेज 1 से 14 नवंबर तक निर्धारित है। वीडियो ने बताया कि इसके पूर्व प्रथम चरण के तहत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया था।

इस बार भी द्वितीय चरण का पहला फेज 12 से 23 अक्टूबर तक निर्धारित है। इसके तहत 12 अक्टूबर को सोनेहारा पंचायत में, 13 अक्टूबर को करके पंचायत, 14 अक्टूबर को डंडई, 15 अक्टूबर को रारो एवं 17 अक्टूबर को पचोर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। वहीं द्वितीय फेज में 1 से 14 नवंबर के बीच बाकी बचे हुए पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। वीडियो ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का शिविर के माध्यम से सभी लोगों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में मुख्य रूप से सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी देना, जिनका अभी तक राशन कार्ड नहीं बना है वैसे योग्य लाभुकों को ग्रीन कार्ड उपलब्ध कराना, धोती साड़ी वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्राओं को आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्राओं को ढाई ढाई हजार रूपए, 10वीं 11वीं व 12वीं कक्षा के पांच हजार रुपए, 18 से 19 वर्ष की आयु की किशोरी को एकमुश्त 20000 का अनुदान राशि उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत राज्य को आत्मनिर्भर बनाना एवं किसानों और ग्रामीणों को पशुपालन के माध्यम से स्वरोजगार तथा अतिरिक्त घरेलू आमदनी का सृजन करना एवं ग्रामीण पशुपालकों की आय को दोगुना करना जैसे उद्देश्यों को पूरा किया जाएगा। सर्वजन पेंशन योजना के तहत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा अवस्था पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत योग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें लाभ दिया जाएगा।

Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Garhwa.

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

Sealed Tenders are invited for Renovation of D.C. Chamber & Meeting Hall at Garhwa under Garhwa District by the Executive Engineer, Building Constriction Department B.C.D., Circle No. 2, Ranchi on 18.10.2022 upto 3.00 P.M. and will be opened on 18.10.20222 at 3.30 P.M. in respective Office By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenderer or their authorized representative. Who so desire may remain present at the time of opening. Details list of work, specification quantity etc. maybe obtained from the aforesaid office in working day on 17.10.2022 from 12.00 A.M to 1.00 P.M. which cost of Bid Rs. 2500.00 in shape of Demand Draft (non refundable) on any State Bank payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Garhwa.

The Tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount (Refundable) in the shape of Bank Guarantee or 5 years/3 years Post office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the schedule Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Garhwa.

PR.NO.279427 Building(22-23):D

Executive Engineer, B.C.D.
Building Division, Garhwa

न्यूज गैलरी

शिक्षा, स्वास्थ व खेल मैदान निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

कुंदा(चतरा)। कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में शनिवार को मुखिया मनोज साहू की अध्यक्षता में गग्रामीणों की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मुख्य रुप से प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य की लचर व्यवस्था, एंबुलेंस की असुविधा व प्रखंड क्षेत्र में खेल मैदान समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बारी-बारी से जनप्रतिनिधियों व लोगों ने अपना मंतव्य रखते हुए काहा की उपरोक्त विषय को संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपी जाएगी। निश्चित अवधि के अंदर समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही गई। मुखिया ने काहा की जिला मुख्यालय से अधिक दूरी पर होने के बावजूद स्वास्थ्य केंद्र में सार्प दंश व कुत्ता काटने से बचाव की दवा उपलब्ध नही होने के साथ समुचित सुविधाएं नही हैं। उक्त सभी समस्याओं के निदान को लेकर चरणबद्ध तरीके से उपायुक्त, स्थानीय सांसद व विधायक को अवगत कराया जाएगा। बैठक मे प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, उपप्रमुख सतेंदर गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, अम्बिका सिंह भोक्ता, गंदौरी साव, पृथ्वी गंझू, अनिता देवी, अर्जुन पासवान, रंजीत भोक्ता, सुमन दास, नागेंद्र यादव, बिनोद साव समेत भारी संख्या ग्रामीण शामिल थे।

बालू ढुलाई के लिए निर्मित जंगली रास्तों को वन विभाग ने जेसीबी से काटा

टंडवा (चतरा)। जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू परिवहन के लिए वन क्षेत्रों में अवैध रुप से निर्मित रास्तों को रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना के निर्देश पर बंद कराया जा रहा है। वनकर्मियों ने शनिवार को सराढू के बिचली नदी के पास बने अवैध रास्तों को जेसीबी से काट दिया। वहीं वन विभाग के बदले तेवर से बिचौलियों में हड़कंप मचा है। ज्ञात हो कि इसी नदी से तस्करों द्वारा बालू ढुलाई कर व्यापक पैमाने में भंडारण होने की प्रसारित खबरों पर अंचलाधिकारी विजय दास ने होन्हें में कार्रवाई करते हुए बालू का बड़ा स्टाक जब्त किया था। दूसरी ओर लगभग 5 किमी वनक्षेत्र के दायरे का उपयोग करते हुए किसुनपुर के बघलतवा नदी से भी माफियाओं द्वारा प्रतिदिन दर्जनों ट्रेक्टर बालू का परिवहन जारी है। सूत्रों की मानें तो ट्रेक्टर मालिकों से वन व खनन विभाग भारी-भरकम राशि की वसूली प्रतिमाह करता है। लोगों की मानें तो बघलतवा नदी में उच्च कोटि के बालू होने के कारण 40-50 किमी तक की पहली पसंद अब भी बनी हुई है। हालांकि, रेंजर ने कहा कि शीघ्र हीं उन रास्तों को भी जेसीबी से काट दिया जाएगा तथा जंगलों में अवैध रास्ते निर्मित व दुरुपयोग करने वालों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

वार्षिक जतरा व बाजार को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

चंदवा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहरसी बाजार टांड़ में स्थानीय ग्रामीणों ने बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने की। बैठक में आगामी वार्षिक जतरा मेला व बाजार के सफल संचालन हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि जतरा हमारे संस्कृति से जुड़ा हुआ है इसे सहेज कर रखने की जरूरत है मेला में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसका भी ख्याल रखना है। सर्वसम्मति से मेला व बाजार की सफल संचालन हेतु कमिटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष रामचंद्र भगत, उपाध्यक्ष शुशील भगत, सचिव मो आजाद, उप सचिव पूरन महतो, कोषाध्यक्ष पद पर राजकुमार उंराव को चुना गया। सदस्य के रूप मे कृष्णा मुंडा, ब्रिज महतो, नागेंद्र गंझू, वीरेंद्र उंराव, विमल सिंह, दिनेश कुमार आदि को शामिल किया गया है।

मनिका विधायक से अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलुवाई प्रतिनिधिमंडल समाज के लोगों ने की मुलाकात

लातेहार। बरवाडीह मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित पर अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलुवाई सभा का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह कहा गया है कि झारखंड सरकार के द्वारा हलुवाई जाति को ओबीसी-1 का दर्जा दे दिया गया है। बावजूद इसके लातेहार, गुमला, लोहरदगा,खुंटी आदि जिलों में इसका लाभ नहीं मिल रहा है।इसपर विधायक रामचंद्र सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले को गंभीरता से लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलेंगे।और वंचित जिले को भी इसका लाभ दिलाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद ,लातेहार जिला अध्यक्ष आनंद प्रसाद नंदू, संजय प्रसाद, अजीत प्रसाद, संतोष प्रसाद, रामनाथ प्रसाद समेत और भी लोग मौजूद रहे।

बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत जनता मिलन सह विकास मेला कार्यक्रम का किया आयोजन

सुयोग्य लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार की योजनाओं से करना है लाभान्वित...

- इस दिशा में कार्य करने के लिए जिला प्रशासन है कृतसंकल्पित

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। जिला अंतर्गत बालूमाथ प्रखंड के परिसर में जनता मिलन सह विकास मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त महोदय ने कहा कि सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनता मिलन सह विकास मेला का आयोजन किया गया है। ताकि लोग अपनी समस्या व अधिकार के प्रति जागरूक हो सकें और अपने अधिकार को इस विकास मेला में लगाए गए शिविर के माध्यम से प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नये ढंग से प्रयासरत है। जिसके फलस्वरुप विकास योजनाएं ससमय धरातल पर उतरे, और लोगों को योजनाओं का लाभ मिलें। इसी क्रम में उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसी सोच को साकार करने के उद्देश्य से 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन 12 अक्टूबर से जिले के सभी पंचायतों में आयोजित किया जाना है। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर एवं 1 नवंबर से 14 नवंबर तक जिले अंतर्गत सभी प्रखंड एवं पंचायतों में आयोजित किया जाएगा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारह्व कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावे उपायुक्त ने अपने सम्बोधन में लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया तथा उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को बीमारियों के ईलाज के लिए अनुदान राशि प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत सामान्य बीमारियों के ईलाज के लिए 3000 रुपये से 5000 रुपये तक की सहायता राशि प्रदान किया जाता है। कोविड मरीज के ईलाज के लिए 10000 रुपये तथा कैंसर पीड़ित व्यक्ति के ईलाज के लिए 25000 रुपए तक की राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा इस योजना के लाभ के लिए प्रखंड कार्यालय या जिला कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन दें। विकास मेला में 16 विभागों की ओर से संचालित विकास व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को दी गई। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, स्वास्थ्य, मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए। विकास मेला में उपायुक्त तथा जन प्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत परिसम्पतियों का वितरण किया गया। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास अंतर्गत 5 लाभुकों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कृषि विभाग के द्वारा 8 लोगो को सरसों बीज का वितरित किया गया। 6 लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। 5 लाभुकों को सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत साड़ी एवं धोती वितरित किया गया। मनरेगा से 12 लाभुकों को जॉब कार्ड वितरित किया गया। श्रम विभाग द्वारा 2 लाभुकों के बीच सर्ट पैंट वितरित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा, आईटीडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा, प्रखंड विकास पदाधिकारी बालूमाथ, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एंव अन्य उपस्थित थे।

आपके द्वार ग्राम सभा कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को हेमंत सरकार के तीन वर्ष कार्यकाल पूरे होने के उपलक्ष में चलाए जाने वाली आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता के लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक एवं सभी कर्मियों की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में बीडीओ श्री सहाय ने सरकार के 3 वर्ष कार्यकाल पूरे होने के उपलक्ष में 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर एवं 1 नवंबर से 14 नवंबर तक दो फेज में प्रखंड के सभी पंचायतों में आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा आयोजन कर सरकार की उपलब्धियों को लोगों को बताना है। वही कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन योजना से वंचित लोगों को पेंशन का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्राप्त करना, वंचित लोगों को हरा कार्ड बनाने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना, प्रत्येक पंचायत में मनरेगा से 5-5 योजनाओं को चयन करना, पंचायत के सभी गांव में कल्याणकारी योजनाओं को ग्राम सभा के माध्यम से सूचीबद्ध करना, 15वीं वित्त आयोग योजना से शत-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करना, सोना सोबरन योजना के तहत गांव में धोती साड़ी वितरण करना, कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए का सभी पंचायत प्रतिनिधियों को जोर शोर से प्रचार-प्रसार करना ताकि ग्राम सभा में अधिक से अधिक लोगों का भीड़ जुटे और सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सके। बीडीओ पंचायत के सभी मुखिया को कार्यक्रम की सफलता के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। बैठक में पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार कोऑर्डिनेटर मनजीत सिंह विक्की देवल सहायक अभियंता संजय कुमार कनिया अभियंता प्रताप तोपों टोप्पो मुखिया कालो देवी, आशीष सिंह, जितेंद्र सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, बेरोनिका कुजुर समेत सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक आदि उपस्थित थे।

छिपादोहर रेलवे स्टेशन में ट्रेन की ठहराव को लेकर स्टेशन प्रबंधक को दिया ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह रेलवे स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस के ठहराव की अधिसूचना जारी होनेके बाद अब जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व छिपादोहर रेलवे स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस की ठहराव की मांग जिप सदस्य एवं वहां के ग्रामीणों ने किया है। जानकारी के अनुसार छिपादोहर रेलवे स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ठहराव की मांग को लेकर शनिवार को जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में छिपादोहर एवं आसपास के जनप्रतिनिधियों की एक बैठक छिपादोहर में हुई ।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति छिपादोहर रेलवे स्टेशन में भी पलामू एक्सप्रेस व शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव की मांग को लेकर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में उपरांत लिए गए निर्णय के उपरांत जिप सदस्य कन्हा जी के नेतृत्व में कन्हाई सिंह के नेतृत्व में छिपादोहर स्टेशन में पहुंचकर स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में पूर्व की भांति शक्तिपुंज एवं पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग छिपादोहर स्टेशन किया गया। इसके बाद जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने छिपादोहर के स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौप कर धनबाद रेल मंडल रेल प्रबंधक से छिपादोहर स्टेशन पर पूर्व की भांति पलामू, और शक्तिपुंज एक्सप्रेस समेत अन्य एक्सप्रेस के ठहराव की मांग किया गया। मांग पत्र में मांग पत्र में कहा गया कि अगर 15 दिनों के अंदर छिपा दो रेलवे स्टेशन में छिपादोहर रेलवे स्टेशन में पलामू एवं शक्तिपुंज ट्रेन के ठहराव नहीं होती है तो 20 अक्टूबर को रेलवे स्टेशन परिसर में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो जोरदार तरीके से आंदोलन किया जाएगा। मौके पर छिपादोहर मुखिया बेरोनिका कुजुर, लात की पूर्व मुखिया जग सहाय सिंह, छिपादोहर उप मुखिया दीपा देवी, हरातू मुखिया जनेश्वर सिंह, कैद मुखिया, छिपादोहार के सभी वार्ड सदस्य प्रतिनिधि समेत आसपास के सात पंचायतों के काफी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बंद अभिजीत पावर प्लांट का नेताओं ने किया निरीक्षण, कहा

रैयतों को बिना विश्वास में लिए स्क्रैप निकालने के लिए हो रहा है झाड़ी कटाई

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। औद्योगिक नगरी चंदवा के बंद पड़े अभिजीत पॉवर प्लांट के स्क्रैप की नीलामी हो गई है। प्लांट के स्क्रैप की नीलाम होने की खबर से रैयत, कामगार एवं स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। रैयतों की परेशानी की सूचना मिलते ही झामुमो, कांग्रेस एवं माकपा नेता तथा चकला मुखिया ने किया प्लांट का दौरा। प्लांट हेड बीसी साहू से मुलाकात कर वार्ता कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, माकपा नेता अयुब खान, कांग्रेस नेता असगर खान ने कहा कि चंदवा एनसीएलटी कोर्ट को गलत जानकारी एवं गुमराह कर गैर पारदर्शी तरीके से लिक्विडेटर और स्क्रैपर स्थानीय दलालों तथा लोहा चोरों से मिलकर करोड़ों का लोहा कौड़ियों के मोल उठाकर ले जाना चाहते हैं। कोर्ट के आदेश की जानकारी कामगारों तथा रैयतों को दिए बिना ही आज से स्क्रैपर कंपनी ने झाड़ियों की साफ सफाई के लिए कार्य शुरू करवा दिया। स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत किए जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, माकपा के वरिष्ठ नेता अयूब खान एवं प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह जमीन दाता असगर खान व स्थानीय जमीन दाता चकला पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का, विस्थापित पुनर्वास समिति के अध्यक्ष अहमद खान एवं सचिव शीतल साहू, मेन पावर कर्मचारी संघ के दिनेश उरांव,कौलेश्वेर राम समेत दर्जनों जमीन दाताओं एवं कामगारों ने प्लांट हेड पीसी साहू से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है। सौपे गए ज्ञापन में रैयत वर्कर और स्क्रैपर कंपनी के बीच जबतक वार्ता नहीं हो जाती है तब तक स्क्रैपर निकालने के लिए हो रहे झाड़ी की साफ सफाई काम को बंद रखा जाए और स्क्रैपर कंपनी का कोई भी कार्य अभी प्लांट के अंदर नहीं होने दिया जाय साथ ही स्क्रैपर कंपनी का आदमी को प्लांट में नहीं आने दिया जाए व स्क्रैपर कंपनी का कोई भी गतिविधि अभी फिल-हॉल प्लांट के भीतर नहीं करने दिया जाये। मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा। निरीक्षण में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, माकपा के वरिष्ठ नेता सह कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया रंजीता एक्का, विस्थापित पुनर्वास समिति के अध्यक्ष अहमद खान, सचिव शीतल साहू, संजीव साव, रामचंद्र साहू, साजीद खान, अफताब खान, चंद्रदेव उरांव, कौलेश्वर राम, रींकू खान, जगेश्वर मांझी, एकबाल खान, मुस्ताक खान, अख्तर खान, साजन यादव, महाबीर साव, शमसाद आलम, मुराद अंसारी, देवदीप ठाकुर, साहरुख खान, मो0 रसीद, पवन कुमार, आलम खान, एजाज खान, निलकंठ ठाकुर, इम्तियाज खान, नजीर खान, महेश यादव, मंटु लोहरा, सुरेन्द्र उरांव, दिनेश उरांव, मदन राम, डहरु भगत, उमेश पासवान, उमेश तुरी, सुनील उरांव, दिलीप सिंह, मोकतार खान, सयुफ खान, बुधराम भगत, निर्मल उरांव, परबल कुजूर, बीएन सुकला, प्रदीप पाठक सहित बड़ी संख्या में रैयत शामिल थे।

आधा केजी गीला अफीम के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

पत्थलगड़ा (चतरा)। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्ता सूचना के आधार पर पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह गांव से पुलिस टीम ने 500 ग्राम गीला अफीम के साथ सनोज कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त जानकारी एसडीपीओ सिमरिया अशोक कुमार प्रियदर्शी ने पत्थलगड़ा थाना परिसर में पत्रकारों को देते हुए बताया कि सनोज के घर में अफीम होने की गुप्त सूचना एसपी को प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए मेरे नेतृत्व में गठीत टीम में शामिल थाना प्रभारी बमबम कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुनिल कुमार सिंह, सहायक आवर निरीक्षक दिलीप यादव, आरक्षी दिपेंद्र कुमार रवि आदि के द्वारा सनोज के बरवाडीह घर से छापेमारी कर लगभग 500 ग्राम गीला अफीम एवं एक रेडमी मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध थाना कांड संख्या 47/2022 में धारा 18/ 25/ 27/ 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया गया। इस दौरान चौकीदार संतोष यादव व अन्य शामिल थे।

आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, कोल उत्पादन बढ़ाने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

टंडवा (चतरा)। शनिवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में कोल उत्खनन, परिवहन व भंडारण का जायजा लेने विभागीय अधिकारियों ने दौरा किया। सूत्रों के अनुसार इस दौरान कोल उत्पादन में वृद्धि को लेकर वरीय अधिकारियों द्वारा उत्खनन कंपनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं अधिकारियों ने खदानों सहित भंडारण स्थल व शिवपुर रेलवे साइडिंग का भी जायजा लिया। दौरे में रेलवे महाप्रबंधक अनूप शर्मा, धनबाद के डीआरएम आशीष बंशल, आरपीएफ डीएसपी सरफराज अहमद समेत सीसीएल के अधिकारी शामिल थे।

बकायेदारों का विभाग ने काटा बिजली कनेक्शन

मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के झरदाग एवं पथरा में शनिवार को बिजली विभाग द्वारा बडी कार्रवाई करते हुए पच्चीस बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया। विभाग के कनिय अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि उपरोक्त उपभोक्ताओं के उपर लगभग बारह लाख बिजली बिल बकाया है। विभाग द्वारा बकाये का सूद माफी योजना का लाभ दिया गया, साथ हीं किस्त में भी बिजली बिल जमा करने की अपील की गई थी, बावजूद उपभोक्ताओं द्वारा बकाया बिजली बिल जमा नहीं किया गया। जिसके कारण कार्रवाई की गई। आगे कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर इस तरह की कार्रवाई निरंतर की जाएगी।

उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, जल्द समाधान का दिया अश्वासन

संबंधित पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन व ऑफलाइन प्राप्त आवेदन के निष्पादन का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों की समस्याएं समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त उनसे मुलाकात कर सुनी। उपायुक्त ने लोगों की समस्याएं सुन, जल्द समाधान का आश्वासन दिया। साथ हीं जनता दरबार में आए शिक्षा विभाग, आम बागवानी भुगतान, राशन कार्ड, कन्यादान योजना, भूमि विवाद, अतिक्रमण, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनवितरण केंद्र दुकानदार, पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग से संबंधित मामलों का उपायुक्त ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में रोस्टर अनुसार थाना दिवस एवं अंचल दिवस के दिन शिकायतकर्ता का आवेदन प्राप्त कर निष्पादित करने को कहा। वहीं जनता दरबार में उपायुक्त ने जनवितरण केंद्र के दुकानदारों के लापरवाही के खिलाप प्राप्त शिकायतों पे नाराजगी जताते हुए संबंधित पदाधिकारी से कहा की इस प्रकार के शिकायत बर्दास्त नहीं की जाएंगी, यथा शीघ्र ऐसे लापरवाह जनवितरण केंद्र के दुकानदारों पर कार्रवाई करें। ज्ञात हो की सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक उपायुक्त श्री इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।

निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का डीसी ने किया निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश

चतरा। शनिवार को उपायुक्त अबु इमरान ने निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोल उनमें सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जिसमें सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि एवं अन्य कार्यालय कर्मी शामिल थे।

विभिन्न पंचायतों में ग्राम सभा में किया गया योजनाओं का चयन

गिद्धौर/पत्थलगड़ा(चतरा)। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर शानिवार को जिले के गिद्धौर व पत्थलगड़ा आदि प्रखंड़ों में विशेष ग्रम सभा का आयोजन कर गांव के विकास के लिए योजनाओं का चयन किया गया। पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन मुखिया, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक में नेतृत्व में किया गया। जिसमे मनरेगा व 15वें वित्त के तहत भवन निर्माण, भवन मरम्मती, सड़क, पुल, पुलिया, नली, बकरी सेड, मुर्गी सेड आदि योजनाओं का चयन गांव के विकास के लिए ग्राम सभा के माध्यम से किया गया। गिद्धौर प्रखंड के ग्राम सभा में मुखिया सरिता देवी, बेबी देवी, सुमीरा कुमारी, डेगन गंझू, निर्मला देवी, जगदीश यादव, पंचायत सचिव मिथलेश सिंह, चितरंजन शर्मा, उजवल सिंह, महेश मिस्त्री, वार्ड सदस्य अमीर दांगी, ममता देवी, रोजगार सेवक गोविंद दांगी, रोहित यादव, सुनील कुमार, स्वर्णलता कुमारी, टेक्नारायण राम आदि उपस्थित थे। वहीं पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी, पंचायत सचिव मो. असलम, रोजगार सेवक महेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

सांसद मद से ऐतेहासिक महादेव मठ में लगा सोलर लाइट

नवीन मेल संवाददाता

कुंदा(चतरा)। शनिवार को कुंदा प्रखंड क्षेत्र के महादेव मठ पर्यटक स्थल में सांसद सुनील सिंह के मद से सोलर लाइट लगाया गया। ज्ञात हो की करमा पूजा के अवसर पर सांसद श्री सिंह का कुंदा पहंचे थे, उसी दौरान जल्द सोलर लाइट लगाए जाने की बात कही थी। सोलर लाइट लगाने के उपरांत कुंदा सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद ने अति सुंदरवर्ती क्षेत्र होने के कारण कुंदा मंडल को पहली प्राथमिकता दी है। प्रखंड क्षेत्र में देवी स्थान, बाजार हाट व बूथों पर दीपावली से पूर्व 100 सोलर लाइट लगाए जाएंगे। वहीं प्रखंडवासियों ने इस कार्य के लिए सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया है। लाइट लगाने के दौरान अनिता देवी, गंदौरी साव, अजित यादव, दिलेश्वर भोक्ता, घनश्याम यादव, भीम महतो, रामस्वरूप यादव, जितेंद्र सौंडिक आदि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

5000 वर्गफीट से ज्यादा के भवनों के निर्माण के लिए जिला परिषद् से नक्शा पास कराना अनिवार्य

लोहरदगा। शनिवार को कार्यालय जिला परिषद सभाकक्ष में झारखंड बिल्डिंग बायलोज 2016 अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाले भवनों के नक्शा पास करने एवं बीपीएमएएस एप्लीकेशन के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम सभा/ आम सभा एवं पंचायती राज से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि 5000 वर्गफीट से ज्यादा के भवनों के निर्माण हेतु जिला परिषद् द्वारा नक्शा पास कराना अनिवार्य है नहीं तो ऐसे निर्माण अवैध घोषित होंगे जिनके खिलाफ प्रशासनिक कारवाई की जा सकती है। 2016 के बाद के वैसे भवन जो 5000 वर्गफीट से ज्यादा के बने हैं उनको नक्शा पास करना होगा अन्यथा उनके खिलाफ प्रशासनिक कारवाई की जा सकती है। साथ ही विशेष ग्राम सभा एवं राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2022-23 के विषय पर भी चर्चा की गयी। सभी पंचायतो को अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये। कार्यशाला में अध्यक्ष जिला परिषद्, लोहरदगा, उपाध्यक्ष जिला परिषद्, लोहरदगा, सभी प्रखंडों के जिला परिषद् सदस्य, सभी प्रमुख,सभी मुखिया, कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् लोहरदगा, प्रधान सहायक जिला परिषद्, डीपीएम पंचायती राज, लोहरदगा, कार्यालय जिला परिषद् के सभी कर्मी आदि उपस्थित थे।

11 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व उपनिरीक्षकों ने शुरू किया धरना

सिमडेगा। झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ सिमडेगा अपनी विभिन्न प्रकार की मांगों को लेकर शनिवार को समाहरणालय के समीप धरना दिया। मौके पर बताया गया कि 16 दिन से लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं इधर जानकारी देते हुए जिला कोषाध्यक्ष सब मीडिया प्रभारी मिथिलेश गुप्ता ने बताया कि झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ रांची के निर्देश पर अपनी विभिन्न प्रकार की मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत की है उन्होंने कहा कि हमारी 11 सूत्री मांग है जिनमें राजस्व निरीक्षकों का ग्रेड पे 2400 एवं 3 वर्ष वर्षों के उपरांत 2800 किया जाए। वरीयता के आधार पर 50 प्रतिशत नियुक्ति एवं 50 प्रतिशत पदों पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर प्रोन्नति हेतु ली आने वाली प्रतियोगिता परीक्षा 10 वर्षों के स्थान पर 5 वर्ष किया जाए। राजस्व प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए हल्का इकाई का पुनर्गठन किया जाए ।यात्रा भत्ता एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया जाए, अंचल निरीक्षक के पदों को अभिलंब प्रोन्नति के माध्यम से भरा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से अगर हमारी मांगों को सुना नहीं गया तो इसी प्रकार लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल पझरी पहाड़ में लगे रेलिंग की हुई चोरी, मामला दर्ज

भंडरा। प्रखंड के ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल पझरी पहाड़ के सीढ़ियों के ऊपरी हिस्से में लगे रेलिंग में से दो सौ फिट रेलिंग को बीती रात उखाड़ कर अज्ञात चोरी द्वारा चोरी कर ली गई। चोरी के निशाने में अब धार्मिक स्थल है। पिछले कुछ महीने पहले हि प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम में चोरो द्वारा मंदिर में लगे सामाग्रीयो की चोरी कर ली गई थी। हलाकि पुलिस से अखिलेश्वर धाम में चोरी की घटना में शामिल चोरो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब चोरों ने प्रखंड के प्रसिद्ध पझरी पहाड़ में कुछ दिन पहले हि सीढ़ियों पर लगे रेलिंग के ऊपरी हिस्से के करीब दो सौ फिट रेलिंग की ही चोरी कर ले गए हैं। इस घटना से बिटपी सहित आस पास के ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया की वर्षो कोशिश के बाद पझरी पहाड़ में सुंदरीकरण कार्य हुवा था। ठिकेदार के द्वारा रेलिंग को सही से जाम नहीं किया गया था जिसके कारण चोर आसानी से रेलिंग को उखाड़ कर ले गए। इस तहत अज्ञात चोरो ने धार्मिक स्थल से समग्रियों की चोरी की घटना से लोगो को काफी आघात हुआ है। इधर सवेदक द्वारा शनिवार को मामले की शिकायत पुलिस से की है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की घटना की सूचना मिली है पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान कर रही है। जल्द हि चोर पुलिस गिरफ्त में होंगे।

बोलबा प्रखंड के अलिंगुड़ गांव में देवीगुड़ी मंदिर निर्माण कार्य शुरू

बोलबा। बोलबा प्रखंड के अलिंगुड गांव में देवीगुड़ी मंदिर निर्माण कार्य शुरू किया गया। शनिवार को विधिवत पूजन के पश्चात निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु, भक्तगण, धर्मप्रेमी श्रमदान कर मंदिर नवनिर्माण कार्य में काफी खुश नजर आयें। समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बडाईक ने इस मौके पर मंदिर निर्माण में पूजा कर श्रमदान में मदद किये। मौके पर उप मुखिया सियावर सिंह विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष टकबर सिंह, गौरीशंकर सिंह, किशोर कुमार सिंह, गंगा सिंह, लखन सिंह, दिपक सिंह, शिवानंद सिंह पंकज सिंह, कमलेश सिंह, विकास सिंह, हीरा जायसवाल, मोतिलाल जायसवाल, मुरारी बडाईक, चितन सिंह, रामानंद सिंह, विजय सिंह, मनदेव सिंह के अलावे काफी संख्या में अलिंगुड के धर्मप्रेमी मौजुद थे।

कंप्यूटर सेंटर में प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बानो। बानो ऊपर चौक स्थित मार्केट कॉम्प्लेक्स संचालित नेहा कंप्यूटर सेंटर में वितीय सत्र के छात्र छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षित विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र और टॉप करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल और पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। संचालक अमजद अंसारी ने बताया कि सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बानो प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और अंचल अधिकारी स्मृति कुमार ने प्रदान किया और सभी को शुभकामनाएं दिया। मौके पर ट्रेनर जेम्स मांझी, पवन राम, मालती कुमारी ,सरवन राम, विपिन कुमार आदि लोग की उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी की अहम भूमिका रही एवं विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

लोहरदगा में दिल दहला देने वाली घटना, पत्नी के अवैध संबंध में चार साल की मासूम को जलाया

- पत्नी का आरोप पति पप्पू तुरी शराब के नशे में धुत होकर अपने घर आया था
- 80 प्रतिशत तक जली है बच्ची, घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपी पति फरार

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा में दिल को दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी के अवैध संबंध के शक में आक्रोशित होकर अपनी चार साल की बेटी को केरोसिन डालकर आग लगा दिया, जिससे बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर हालत में इलाज के लिए बच्ची को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती किस्को थाना क्षेत्र के कोचा बरनाग गांव की है। बच्ची की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। आग लगने से बच्ची का शरीर 80 प्रतिशत जल चुका है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस मामले में स्वजनों का बयान दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि किस्को थाना क्षेत्र के कोचा बरनाग गांव निवासी पप्पू तुरी को संदेह था कि उसकी पत्नी हीरा देवी का किसी के साथ अवैध संबंध है। शुक्रवार की देर शाम पप्पू तुरी शराब के नशे में धुत होकर अपने घर आया। इसके बाद वह अपनी पत्नी से झगड़ा करने लगा। पप्पू तुरी ने अपनी पत्नी को चाकू दिखाकर जान से मारने की कोशिश की जिसके बाद पप्पू तुरी की पत्नी हीरा देवी घर से बाहर भाग गई। इसी बीच पप्पू तुरी ने अपनी चार साल की बेटी सोमारी कुमारी को घर के कमरे में बंद कर आग लगा दी, जिसकी वजह से सोमारी कुमारी 80 प्रतिशत तक जल गई है। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से तत्काल सोमारी कुमारी को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर बच्ची के स्वजनों का बयान दर्ज किया है। घटना के बाद पप्पू तुरी फरार बताया जा रहा है। इस घटना को लेकर लोग हैरान हैं। किस्को थाना पुलिस और सदर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना को लेकर पीड़ित बच्ची की मां भी काफी खौफ में है। बच्ची की मां हीरा देवी ने बताया की घर में पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद हो रहा था। पति पप्पू तूरी शराब पिये हए था और अवैध संबंध का आरोप लगाकर चाकू से मारना चाह रहा था तभी मैं घर से भाग गई। इसके बाद पप्पू तूरी आवेश में आकर अपनी चार वर्षीय बेटी को कमरे में बंद कर आग लगा दिया। प्राथमिक उपचार करने वाले सदर अस्पताल के डॉक्टर सुदामा कुमार ने बताया कि बच्ची की स्थिति बेहद गंभीर है। जलने से शरीर का 80 प्रतिशत हिस्सा जल गया है, ऐसी स्थिति में मरीज को बचाना काफी मुश्किल होता है। हमने उपचार कर जल्द बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया है ताकि समय पर इलाज मिले और बच्ची बच सके।

जिला मुख्यालय से सटे कुएं में तैरता मिला महिला का शव

लोहरदगा। एक महिला का शव कुआं में तैरता हुआ मिला। इसकी सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। शव निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। शव मिलने के बाद तरह-तरह की चर्चा लोग कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय के बगल स्थित कुआं में 8 अक्टूबर को एक महिला का शव तैरता हुआ पाया गया। उसकी पहचान करीब 25 साल की जयंती उरांव के रूप में की गई। उसका ससुराल लोहरदगा के बगडू में है।जयंती नदिया करचा टोली की रहने वाली थी। बताया जाता है कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पूर्व में भी उसे इसी कुएं में गिरा हुआ देखा गया था। तब आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला था। पुनः उसी कुएं में उसका शव तैरता हुआ पाया गया। सूचना पर लोहरदगा पुलिस कुआं से शव निकाली। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। लाश मिलते ही कई तरह की चर्चा होने लगी है। पिता निर्दोष उरांव के मुताबिक गुरुवार को ही वह घर से बाहर निकली हुई थी। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की पूरी जानकारी मिल सकती है।

उपायुक्त की अगुवाई में पथ निर्माण से संबंधित हुई बैठक, कहा

कुडू-घाघरा एनएच पथ के चौड़ीकरण में नाली निर्माण में नालियों की मोटाई बढ़ाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को पथ निर्माण से संबंधित आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम पथ प्रमंडल, लोहरदगा की जिला में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें भंडरा-सेन्हा पथ (23 किमी), शंख-चतरा (लुकैया) पथ 21.36 किमी, आरसीपीएलडब्ल्यूई योजना अंतर्गत करांजी मोड़ से चट्टी वाया नरकोपी रेलवे स्टेशन पथ का पुनर्निर्माण कार्य, एलडब्ल्यूई योजना अंतर्गत लोहरदगा-किस्को मोड़ से रिचुघुटा पथ के 0 से 31.50 किमी तक दो लेन पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का अवशेष कार्य और चट्टी से कुडू तथा कैरो नया टोली से जिंगी मोड़ पथ के 0 से 36.535 किमी तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की समीक्षा की गई और पूर्ण करने हेतु निदेश दिये गये। राष्ट्रीय उच्च पथ को रांची को कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण में नाली निर्माण में नालियों की मोटाई बढ़ाने, बक्सीडीपा में होटल रेड रॉक के पास जल जमाव को ठीक करने हेतु आवश्यक निदेश दिये गये। साथ ही, मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत पांच नये तालाब निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई कर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। नगर पर्षद कार्यपालक पदाधिकारी को बड़ा तालाब लोहरदगा के चारों ओर तट पथ निर्माण, उसमें लैंप पोस्ट लगाये जाने, तालाब के किनारे प्रस्तावित पार्क में बांस का दो तल्ला गजीबो का निर्माण कराने, गजीबो के ग्राउंड फ्लोर में कैफेटेरिया और उपरी तल्ले पर लेक व्यू प्वाइंट का निर्माण कराने का निदेश दिया गया। बैठक में गोपनीय प्रभारी नारायण राम, पथ प्रमंडल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता विरेंद्र कुमार, विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता अभय कुमार, नगर पर्षद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित, कई योजनाओं को शामिल करने का निर्देश

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनाबद्ध निधि अंतर्गत प्रखंड वार प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें कुडू प्रखंड में सामुदायिक भवन निर्माण, पेयजल हेतु डीप बोरिंग, पीसीसी पथ निर्माण, दो प्रखंड स्तरीय स्टेडियम में ओपन जिम का अधिष्ठापन शामिल है। कैरो प्रखंड में प्रस्तावित योजनाओं में सिंचाई के क्षेत्र में ग्राम हनहट केरोटोली जामुन बांध से पानी निकलने वाली टूटी नाली का निर्माण, चार उच्च विद्यालयों में पेयजल बोरिंग कार्य, शिक्षा के प्रक्षेत्र में नगजुआ, गजनी, नरौली व हनहट स्थित विद्यालयों में मरम्मति कार्य, नरौली व हनहट में पीसीसी पथ निर्माण की योजनाएं शामिल हैं। इसी प्रकार किस्को प्रखंड में पक्की नाली, तिसिया में तालाब मरम्मति, नवाडीह पंचायत के चार गांवों में जलमीनार का निर्माण, पाखर में प्राथमिक विद्यालय का जीर्णोद्वार, खरकी पंचायत के बरनाग में बांस हस्तशिल्प उद्योग केंद्र की स्थापना हेतु शेड एवं अतिरिक्त कमरा का निर्माण, पीसीसी पथ की योजनाएं, परहेपाट में अखड़ा निर्माण योजनाएं शामिल हैं। इसी प्रकार भंडरा में पेयजल आपूर्ति, बोरिंग, पीसीसी पथ, भंडरा प्रखंड स्तरीय स्टेडियम में ओपन जिम का अधिष्ठापन कार्य शामिल है। सेन्हा प्रखंड में पक्की नाली, बहुदेश्शीय भवन का जीर्णोद्वार, पेयजल बोरिंग, पीसीसी पथ, पेशरार प्रखंड में पेयजल बोरिंग, पीसीसी पथ, गार्डवाल निर्माण, सदर प्रखंड लोहरदगा में डीप बोरिंग, चापाकल निर्माण, पीसीसी पथ शामिल हैं। सदर प्रखंड में समाहरणालय के सामने ओपन जिम, समाहरणलय परिसर अवस्थित पेंशनर भवन को रिक्रिएशन सेंटर के रूप में विकसित करने, प्रखंडों में क्रिकेट खेल पिच के लिए रौलर, कस्तूरबा गांधी मध्य विद्यालय लोहरदगा परिसर में बास्केट बॉल व वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण, सेन्हा प्रखंड में बरही स्थित महिला महाविद्यालय में पेजयल की व्यवस्था करना, कुडू प्रखंड में पशु चिकित्सालय तक पहुंच पथ के लिए 900 फीट का पीसीसी निर्माण की योजनाएं शामिल करने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि जो पेयजल की योजनाएं जलजीवन मिशन से आच्छादित नहीं हैं वैसी योजनाओं को इसमें शामिल करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, गोपनीय प्रभारी नारायण राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों के कार्यपालक अभियंता, सहायक कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार समेत अन्य उपस्थित थे।

चंडू के ग्रामीणों ने राहगीरों को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाने के लिए की सार्थक पहल

गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़क को ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया

नवीन मेल संवाददाता

कुडू - लोहरदगा। कुडू प्रखंड के जिमा चौक से ओपा जाने वाली सड़क में चंडू गांव के बीचों-बीच बने बड़े बड़े गड्ढों से राहगीरों को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाने के लिए चंडू गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान कर बिना सरकारी मदद से चलने लायक बना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक वर्ष से सड़क में बने इन गड्ढों में रोज राहगीर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे थे। विगत दिनों हुई निरंतर वर्षा से इन गड्ढों में पानी भर गए था जिस कारण खासकर दो पहिया वाहन चालकों को इसका अंदाजा न होने के कारण आये दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। सड़क की बदहाली को लेकर लोगों ने कई बार जिमेवार लोगों से इसे ठीक कराने की मांग की गई। लेकिन किसी प्रकार का पहल नहीं किये जाने पर थक हार कर ग्रामीणों ने खुद ही सड़क पर बने गड्ढों को श्रमदान कर दुरुस्त करने की ठानी। गौर तलब है कि इसको लेकर मदरसा काश्मिया के सचिव परवेज आलम के नेतृत्व में मदरसा कमिटी के पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ एक बैठक की गई थी और सड़क के गड्ढों को श्रमदान कर भरने का निर्णय लिया गया। और परवेज आलम के आव्हान पर सभी ग्रामीणों ने हाथों में कुदाल, बेलचा लेकर सड़क पर उतरे और निरंतर पांच घंटे से अधिक समय तक श्रमदान कर सभी गड्ढों को अपने हाथों से भरने का काम शुरू कर दिया, ताकि आवागमन में हो रही परेशानी से निजात मिल सके। इस कार्य में लगे ग्रामीणों ने बताया कि यदि हमारे इस पहल से सरकार के प्रतिनिधियों और प्रशासन की नींद खुलती है, तो हमें खुशी होगी। इस सराहनीय कार्य को करने में मौलाना इकराम, अबु जाफर अंसारी, खालिद अंसारी, इम्तियाज खान, तबरेज अंसारी, कमरुद्दीन खान, अनवर अंसारी, मेराज खान, हाजी एयाजुल हक, ताहिर अंसारी, वाजिद अंसारी, अतहर अंसारी, शरीफ अंसारी, साबिर अंसारी, खुर्शीद आलम, जुमन अंसारी, तौफीक अंसारी, मौलाना ज्याउल, रजब अंसारी का अहम योगदान रहा।

भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने मनाया एयरफोर्स स्थापना दिवस

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट लोहरदगा के द्वारा ट्रस्ट के सभागार में एयरफोर्स स्थापना दिवस मनाया गया। ट्रस्ट के संरक्षक सहदेव उरांव ने स्थापना दिवस का शुभारंभ करते हुए पूरे भारत के लोगो एवं एयर फोर्स के जवानो को स्थापना दिवस पर सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि एयरफोर्स के शहीद सैनिक के प्रति सद्भावना एवं पूर्व सैनिक और कार्यरत सैनिक को हार्दिक दिल से शुभकामनाएं। ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो ने कहा कि सुरक्षा के प्रति अपनेआप को समर्पित करने वाले एयर फोर्स के सभी जवानों को हमारे भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के तरफ से 90वी स्थापना दिवस के अवसर पर बहुत-बहुत शुभकामना। उन्होंने कहा कि आज 89 वर्ष पहले 8 अक्टूबर 1932 में वायुसेना का स्थापना किया गया था। उस समय हमारे पास बहुत कम एयरक्राफ्ट थे। आज हमारे देश में राफेल का अचूक विमान 500 किलोमीटर तक पार कर सकती है। साथ ही तेजस की ऐसी ताकत है जो 9 तरह के हथियार एक साथ चलाने का दम रखती है। साथियों सुखोई का तो कहना है कि 3000 किलोमीटर में दुश्मन को चकनाचूर करने की क्षमता रखती है। मिराज तो वो एयरक्राफ्ट है जो पाकिस्तान के आतंकी कैंप को मटिया मेट कर वायु वीर के नाम से जानी जाती है। साथियों इतना ही नहीं जैगुआर कम ऊंचाई पर उड़ने वाली सुपर सैनिक लड़ाकू विमान है हथियारों को ले जाने की भी क्षमता रखती है और अपने हथियार से दुश्मन के विमानों को 1400 किलोमीटर में ध्वस्त कर देती है और साथियों। अपाचे तो खराब मौसम में भी दुश्मनों के छक्के छुड़ा देती है। चीनूक तो ऊंचे और दुर्गम इलाके में दुश्मनों को मार गिराने में पूरी तरह सक्षम है। इस तरह भारत आज एयर फोर्स के सहारे महाशक्ति बन चुका है। इस समय हमारे एयर चीफ मार्शल बी आर चौधरी हैं। धन्यवाद। इस उत्सव में ट्रस्ट के संरक्षक सहदेव उरांव, महादेव भगत, तितरू उराव, डॉ टी साहू, सचिव गोकुल उराव, सुरेश भगत, मुरली महतो, अशोक साहू, दया शंकर साहू, आकाश महतो, हरजिंदर, विनोद, रूनिया, मुन्नी मिजं, सुखमणि, सविता, चंद्र देव, वसंत समेत अन्य मौजूद थे।

भारतीय वायु सेना दिवस पर आर्मी रिटायर्ड डॉ टी साहू ने दी बधाई

आर्मी रिटायर्ड सह समाज सेवी टी साहू ने भारतीय वायुसेना स्थापना दिवस पर पूरे राज्यवासियों को भारतीय वायुसेना दिवस की बधाई देते हुए कहा भारतीय नागरिक के लिए आज देश की बहादुर वायुसेना इंडियन एयरफोर्स पर गर्व करने का दिन है। आज पूरा देश इंडियन एयरफोर्स का 90वां स्थापना दिवस मना रही है। 08 अक्टूबर 1932 को वायुसेना की स्थापना हुई थी। भारतीय वायुसेना दुनिया की सबसे बड़ी और ताकतवर वायु सेनाओं में से एक है। वायुसेना न सिर्फ भारत की रक्षा करती है बल्कि विभिन्न आपदाओ से राहत एवं बचाव कार्यों में हमारी मदद भी करती है। उन्होंने कहा वायु सेना में युवाओं के लिए सबसे बड़ी मंच में से एक है जहां बहाल होकर वे देश की सेवा के साथ अपने सपनों और जुनून को पूरा कर सकते हैं। वे कहते हैं ऊंचे इरादे, ऊंची उड़ान, भारतीय वायु सेना सबसे महान। भारत का वीर जवान हूं मैं, ना हिन्दू और ना मुसलमान हूं मैं, जख्मों से भरा सीना है मगर, दुश्मन के लिए चट्टान हूं मैं, भारत का वीर जवान हूं मैं। भारतीय वायु सेना दिवस की हार्दिक बधाई।

ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस आज, तैयारियां पूरी

❍ जुलूस में सबसे आगे बैनर के साथ होंगे मस्जिदों के इमाम

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जश्न-ए ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस रविवार को 09 अक्टूबर को लोहरदगा शहरी क्षेत्र में सदर थाना क्षेत्र के समीपस्थ जामा मस्जिद के पास से ठीक 9:30 में निकलेगा। उक्त आशय की जानकारी अंजुम इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी और सचिव सफदर आलम ने संयुक्त रूप से दी है। कहा है कि अंजुमन इस्लामिया आवाम से गुजारिश करते हुए कहा है कि इस बार जुलूस में सबसे आगे बैनर के साथ सभी मस्जिद के इमाम होंगे। उसके पीछे अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी रहेंगे। साथ ही डीजे नहीं लगाया जाएगा। कोई रिकॉर्ड किया कैसेट नहीं बजाया जाएं। जो भी नाथ शरीफ, कलेमात हो या नारे हो सभी स्वयं माइक में खुद से पढ़ेंगे और बोलेंगे कैसेट से नहीं। जुलूस का रूट चार्ट इस प्रकार होगा कि बड़ी मस्जिद (जामा मस्जिद) से निकल कर बड़ा तालाब, बगडू मोड़, सोमवार बाजार, पावरगंज (सुभाष चौक), रेलवे साइडिंग, बाबा मठ, पावरगंज चौक होते हुए अलका सिनेमा, महात्मा गांधी पथ, नगर परिषद कार्यालय, स्टेट बैंक, जामा मस्जिद होते हुए जुलूस अपर बाजार, गुदड़ी बाजार के समीपस्थ संकट मोचन मंदिर के सामने सड़क से मुड़कर तेतर तर होते हुए बड़ी मस्जिद के समीप इमाम और अंजुमन के द्वारा खेताब (वक्तव्य) और दुआओं के बाद समाप्त होगी। अंजुमन के दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि शांति एवं सदभाव के साथ जुलूस के जरिए जिले में अमन, मिल्लत और आपसी भाईचारे का संदेश दिया जाए और प्रशासन को हर संभव सहयोग करेंगे।

फाइलेरिया रोगी खोज के लिए रात्रि रक्त पट्ट संग्रह अभियान शुरू

- पहले दिन एक हजार से अधिक लोगों का हुआ रक्त पट्ट संग्रह
- 16 स्थानों में रात के आठ बजे से लगाया जा रहा है शिविर

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। फाइलेरिया रोगियों की खोज के लिए जिले में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह अभियान शुरू हो गया है। शुक्रवार की रात एमपीडब्लयू सहित अन्य कर्मियों ने जगह जगह लाईट क्लिनिक लगाकर फाइलेरिया रोग से ग्रसित मरीजों की खोज के लिए रक्त के नमूने एकत्र किए जा रहे हैं। जांच में पाजिटिव पाए जाने पर मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निःशुल्क इलाज किया जाएगा। पहले दिन लगभग एक हजार रक्त पट्ट संग्रह किया गया। जिनको जांच के लिए लैब में भेज दिया गया है। शनिवार को भी जिले के 16 स्थानों में रक्त पट्ट संग्रह अभियान देर रात तक जारी था। बताया गया कि फाइलेरिया के रोगियों को रात में इसलिए चिन्हित किया जाता क्योंकि रात में ही इसके परजीवी यानि माइक्रो फाइलेरिया खून में अधिक सक्रिय होते हैं। इसलिए रात में खून के नमूने की जांच कर संक्रमण की स्थिति का पता लगाया जा सकता है। इधर मलेरिया सलाहकार सुशांत कुमार, एमटीएस कुलदीप कुमार, एमटीएस सुनील भगत आदि ने जलडेगा, ठेठईटांगर आदि प्रखंडों में चल रहे रक्त पट्ट संग्रह शिविर का निरीक्षण किया।

4800 लोगों का रक्त संग्रह करने का लक्ष्य

सीएस डॉ नवल कुमार ने बताया कि अभियान में 4800 लोगों का रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। शहर के दो क्षेत्रों में रक्त के नमूने लिए जा रहे हैं। इसके अलावे अन्य सभी प्रखंडों में भी रक्त पट्ट संग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान दस अक्टूबर तक रात के 8 बजे से रात के 12 बजे तक चलेगा।

बाइक व टेम्पू के टक्कर में दो स्कूली छात्र घायल को सहपाठियों ने कराया अस्पताल में भर्ती

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। कंडरा पुल के समीप बाइक व टेम्पू के टक्कर में दो स्कूली छात्र घायल सहपाठीयों ने अस्पताल में कराया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर कंडरा पुल के समीप बाइक एवं टेम्पू के टक्कर में दो छात्र घायल हो गये। बताया जाता है कि दोनो घायल छात्र नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थी हैं। जिसकी पहचान जमीरा निवासी रमेश उरांव के पुत्री सुपंखी कुमारी एवं बुटी निवासी स्वर्गीय अर्जुन भगत का पुत्र शिवम भगत के रूप में किया गया। जो अपने स्कूली सहपाठी के साथ टेम्पू से स्कूल जा रहे थे। इसी बीच कंडरा पुल के समीप सड़क दुर्घटना में दोनो घायल हो गये। दोनो घायल छात्र को पंकज उरांव,समीला कुमारी एवं सुशांति कुमारी ने निजी वाहन से सेन्हा सामूदायिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। बताया जाता है कि शिवम उरांव के पैर एवं हाथ में गम्भीर चोटें आई है। जबकि सुपंखी कुमारी को अंदरूनी चोट लगने की बात बताई जा रही है। फिलहाल दोनो छात्र खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी पीएनजी के दामों में बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। त्योहारी मौसम के बीच आम आदमी की जेब पर एक ओर खर्च बढ़ गया है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने शनिवार को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के दामों में तीन रुपये का इजाफा कर दिया। नयी दरें आज से प्रभावी हो गयी हैं। गैस विपणन कंपनी की अधिसूचना के अनुसार सीएनजी की कीमत 78.61 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी के दाम 81.17 रुपये और गुरुग्राम में 86.94 रुपये प्रति किलोग्राम हो गए हैं। बढ़ोतरी के बाद से मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में दाम 85.84 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गए। आईजीएल की इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी में पीएनजी के दाम 53.59 रुपये प्रति घन मीटर हो गए हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 53.46 रुपये, गुरुग्राम में 51.79 रुपये और मुजफ्फरनगर, मेरठ तथा शामली में 56.97 रुपये प्रति घन मीटर हो गए हैं।

पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग तीन सप्ताह से कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव बने रहने के बाद इसके दामों में बढ़ोतरी शुरू हो गयी है। इस बीच देश में घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम शनिवार को भी स्थिर रहे। कच्चे तेल की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल को पार कर चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 97.92 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 5.37 प्रतिशत के उछाल के साथ 93.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

अजमेरा की बिक्री में 82 प्रतिशत का उछाल

मुंबई। रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनी अजमेरा ने वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 82 प्रतिशत अधिक 166 करोड़ रुपये की बिक्री की। इससे एक वर्ष पूर्व समान अवधि में कंपनी ने 91 करोड़ रुपये की बिक्री की थी। अजमेरा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी ने मात्रा के हिसाब से 79,976 वर्ग फुट क्षेत्रफल की बिक्री की। यह वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही के 53,801 वर्ग फुट से 49 प्रतिशत अधिक है। अजमेरा ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 102 करोड़ रुपये का संग्रह किया। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में 181 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 566 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। इस दौरान 106 प्रतिशत के उछाल के साथ 2,37,415 वर्ग फुट क्षेत्रफल की बिक्री की गयी। आलोच्य छमाही में कंपनी ने 312 करोड़ रुपये का धन संग्रह किया।

घरेलू डेयरी बाजार को 2027 तक 30 लाख करोड़ रु. तक पहुंचाने का प्रयास: शाह

गंगटोक (एजेंसी) केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां कहा कि मोदी सरकार घरेलू डेयरी बाजार को 2027 तक 30 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। श्री शाह सिक्किम में गंगटोक में पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के सहकारी डेयरी सम्मेलन- 2022 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, इस समय यह कारोबार 13 लाख करोड़ रुपये का है। मोदी सरकार इसे पांच साल में 30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा डेयरी क्षेत्र को और बढ़ावा देने वाली अनेक पशुपालन योजनाएं चलाई गयी है। उन्होंने कहा, मोदी जी ने क्षेत्र के 2000 करोड़ रुपये के बजट को बढ़ाकर 6000 करोड़ रुपये करने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में अष्टलक्ष्मी (पूर्वोत्तर) का सही मायने में विकास हुआ है। पूर्वोत्तर के हर राज्य में एयरपोर्ट, रेल संपर्क, नये नेशनल हाईवे नेटवर्क, सिंचाई व्यवस्था और नए उद्योग लगे हैं।

गूगल की बढ़ी मुश्किलें, सीसीआई ने एक और जांच का दिया आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिग्गज टेक कंपनी गूगल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। दरअसल, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने न्यूज कंटेंट के संबंध में रेवेन्यू शेयरिंग की कथित अनुचित शर्तों को लेकर गूगल के खिलाफ एक और विस्तृत जांच का आदेश दिया है। सीसीआई ने विगत शुक्रवार को जारी इस आदेश में कहा कि इस संबंध में रेगुलेटर की जांच शाखा के महानिदेशक अब कंसोलिडेटेड जांच रिपोर्ट सौंपेंगे। सीसीआई के अनुसार, यह मामला गूगल के खिलाफ चल रहे 2 अन्य मामलों के साथ जोड़ा जाएगा जहां आरोप काफी हद तक समान हैं। गूगल के खिलाफ यह ताजा आदेश दरअसल न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन की तरफ से दर्ज एक शिकायत के बाद आया है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया था कि सर्च इंजन के रिजल्ट वाले पेज (सीआईपी) में अपने वेबलिंक को प्राथमिकता देने के लिए उसके सदस्यों को गूगल को अपनी न्यूज कंटेंट प्रदान करने के लिए मजबूर किया जाता है। शिकायत के अनुसार, इसके चलते गूगल उसके सदस्यों को पर्याप्त मुआवजा दिए बिना उनकी कंटेंट का मुफ्त में इस्तेमाल करता है। इससे पहले सीसीआई ने इस साल जनवरी में डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन की तरफ से दर्ज शिकायत के आधार पर गूगल के खिलाफ जांच का आदेश दिया था। वहीं, सर्च इंजन गूगल की अपने ऐप स्टोर गूगल प्ले पर केवल दैनिक फतांसी खेलों और रमी खेल एप्लिकेशन को ही अनुमति देने की पॉलिसी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में दायर एक याचिका पर अदालत ने गूगल का पक्ष जानना चाहा है। यह याचिका एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप ने दायर की है जिसका कहना है कि गूगल प्ले से उन सभी खेलों को हटा दिया गया है जिनमें पैसा शामिल होता है। याचिका में अंतरिम राहत देने की अपील की गई है।

सेवा क्षेत्र में आई भारी गिरावट इस अप्रैल-सितंबर में कुल 7.65 लाख करोड़ की लगाई गई पूंजी

नई दिल्ली। चार वर्षों में अप्रैल से सितंबर के दौरान मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में 34 फीसदी नया निवेश बढ़ा है, जबकि सेवा क्षेत्र में भारी गिरावट आई है। मैन्यूफैक्चरिंग में नया निवेश इस साल अप्रैल से सितंबर के बीच 55 फीसदी रहा। जबकि 2018 में इसी अवधि में यह केवल 21.5 फीसदी और 2019 में 13.4% था। सेवा क्षेत्र (वित्त को छोड़कर) में 2018 के अप्रैल से सितंबर में नया निवेश 43.8% था। 2021 में 30.4% हुआ और इस साल 5.9% रह गया। अप्रैल से सितंबर में केमिकल और संबंधित उत्पाद, ऊर्जा में कुल निवेश का 78% है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे स्थान पर केमिकल एवं केमिकल उत्पाद हैं। 2018 में इनका नया निवेश 7.5 फीसदी और 2022 में अप्रैल से सितंबर के बीच यह 40% रहा।

देश में चिप उत्पादन के साथ ही स्मार्टफोन के दाम हो सकते हैं एक-चौथाई : वेदांता प्रमुख

जयपुर (एजेंसी)। वेदांता समूह के प्रमुख अनिल अग्रवाल ने राजस्थान में निवेश को लेकर आयोजित सम्मेलन में कहा कि सेमीकंडक्टर चिप एवं ग्लास के उत्पादन के साथ ही लैपटॉप, स्मार्टफोन और टीवी के दाम गिरकर मौजूदा कीमतों से एक-चौथाई तक हो सकते हैं। वेदांता प्रमुख ने कहा, आज आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की पहुंच में 20,000 रुपये का मोबाइल फोन नहीं हैं, लेकिन एकबार सेमीकंडक्टर और ग्लास का निर्माण शुरू हो जाने से यह 4000-5000 रुपये में उपलब्ध होंगे। लैपटॉप की कीमत 40,000 रुपये तक हो सकती है। जिन टीवी की कीमत इस वक्त 30,000-40,000 रुपये है, वह 5,000 रुपये में उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा, हम सब सपनों में जीते हैं और सपनों को देखते हैं। अगर हम सपने देखते हैं तो वे जरूर पूरे होंगे। वेदांता ने ताइवान की बहुराष्ट्रीय कंपनी फॉक्सकॉन के साथ संयुक्त उद्यम में 1.06 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात में सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। श्री अग्रवाल ने राजस्थान में विकास और विकास के लिए समर्थन देने का वादा करते हुए कहा कि राज्य प्राकृतिक संसाधनों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर सकता है। उन्होंने राज्य में निवेशकों के अनुकूल माहौल की सराहना की। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी, वेदांता समूह के प्रमुख अनिल अग्रवाल, टाटा पावर के सीईओ एंड एमडी प्रवीर सिन्हा और महिंद्रा एंड महिंद्रा के एमडी एवं सीईओ अनिश साह समेत उद्योग जगत के प्रमुखों ने सम्मेलन में हिस्सा लिया।

ग्लेनमार्क वयस्कों में अनियंत्रित टाइप 2 डायबिटीज के लिए भारत में लोबग्लिटाजोन लॉन्च करने वाली पहली फार्मास्युटिकल कंपनी बनी

नवीन मेल संवाददाता



रांची। प्रमुख इनोवेशन ड्रिवन ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क), वयस्कों में टाइप 2 डायबिटीज के इलाज के लिए भारत में थायाझोलीडीनडायोन लोबेग्लिटाजोन (लोबेग्लिटाजोन) लॉन्च करने वाली पहली कंपनी बन गई है। इस दवा की मार्केटिंग एलओबीजी ब्रांड नाम के अंतर्गत की जाएगी। इस दवा में लोबेग्लिटाजोन (0.5 मिलीग्राम) होता है और वयस्क डायबिटीज रोगियों में ग्लाइसेमिक नियंत्रण में सुधार के लिए, प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर, दिन में एक बार लिया जाता है। भारतीयों में इंसुलिन-प्रतिरोध काफी अधिक है, इसलिए एलओबीजी अनियंत्रित टाइप 2 डायबिटीज के प्रबंधन के लिए इंसुलिन-प्रतिरोधी डायबिटीज रोगियों के लिए एक आकर्षक उपचार विकल्प है। ग्लेनमार्क को भारतीय ड्रग रेग्युलेटर, ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से लोबेग्लिटाजोन के निर्माण और मार्केटिंग के लिए मंजूरी मिली थी, जो कि 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्क टाइप 2 डायबिटीज रोगियों पर किए गए रैंडम, डबल-ब्लाइंड चरण 3 क्लिनिकल ट्रायल पर आधारित है। इस ट्रायल में लोबेग्लिटाजोन को तेजी से और बेहतर ग्लाइसेमिक नियंत्रण करते पाया गया है। लॉन्च के अवसर पर, आलोक मलिक, ईवीपी एवं बिजनेस हेड- इंडिया फॉम्युर्लेशंस, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने कहा, ₹इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के अनुसार, भारत में 7.4 करोड़ वयस्क लोग डायबिटीज से प्रभावित हैं, जिनमें से लगभग 40% मरीज इंसुलिन प्रतिरोधी लगते हैं। डायबिटीज के इलाज के लिए भारत में एक अग्रणी समाधान प्रदाता के रूप में, हमें एलओबीजी पेश करते हुए गर्व हो रहा है। एलओबीजी बिल्कुल नई और सस्ती दवा है, जो देश में अनियंत्रित टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित वयस्क रोगियों में इंसुलिन-प्रतिरोध से निपटने में मदद करेगी।

सितंबर तिमाही में बंधन बैंक के कर्ज, अग्रिम 22 प्रतिशत बढ़कर 99,374 करोड़ रुपए हुए

नई दिल्ली। बंधन बैंक ने विगत शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर में खत्म तिमाही में उसके कर्ज और अग्रिम 22 फीसदी बढ़कर 99,374 करोड़ रुपए हो गए। बैंक ने एक बयान में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में यह आंकड़ा 81,661 करोड़ रुपए था। बैंक के पास कुल जमा भी जुलाई-सितंबर 2022 की तिमाही में 21 फीसदी बढ़कर 99,365 करोड़ रुपए हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 81,898 करोड़ रुपए था। इसमें खुदरा जमा सालाना आधार पर सात फीसदी बढ़कर 73,660 करोड़ रुपए हो गया। खुदरा जमा में चालू खाता और बचत खाता (कासा) बढ़कर 40,509 करोड़ रुपए हो गया जो पिछले वर्ष के मुकाबले 11 फीसदी अधिक है। खुदरा जमाओं का कुल जमा में अंशदान 74 फीसदी है।

निफ्टी 15 अंक टूटा; बैंक और ऑटो के शेयर्स गिरे

◀◀ एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 8 में गिरावट रही। सिर्फ 3 सेक्टर मीडिया, प्राइवेट बैंक और रियलिटी में मामूली तेजी देखने को मिली।

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार आज आखिरी कारोबारी दिन यानी विगत शुक्रवार (7 अक्टूबर) को गिरावट में बंद हुआ। सेंसेक्स 30 अंक गिरकर 58,191 पर बंद हुआ। निफ्टी 15 अंकों की गिरावट के साथ 17,316 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयरों में गिरावट रही। वहीं सिर्फ 12 शेयरों में तेजी देखने को मिली। टाइटन, पावर ग्रिड, ग्रासिम, एनटीपीसी, ओएनजीसी, इंडसइंड बैंक, मारुति, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, एलटी, यूपीएल, रिलायंस समेत 18 शेयर्स निफ्टी-50 के गेनर्स रहे। टाटा कंज्यूमर, बीपीसीएल, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई, जेएसडबलू स्टील, आयशर मोटर्स, कोल इंडिया, अडाणी पोर्ट्स समेत 32 शेयर्स निफ्टी के लूजर्स रहे। एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 8 में गिरावट रही। सिर्फ 3 सेक्टर मीडिया, प्राइवेट बैंक और रियलिटी में मामूली तेजी देखने को मिली। इनके अलावा बैंक, ऑटो, मेटल, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और फार्मा सेक्टर में गिरावट रही। ग्लोबल मार्केट से मिले पॉजिटिव संकेतों के बाद शेयर बाजार गुरुवार (6 अक्टूबर) को तेजी में बंद हुआ था। सेंसेक्स 156 अंक बढ़कर 58,222 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 57 अंकों की तेजी के साथ 17,331 पर पहुंच गया था।

रेलवे ने टीपू, तलगुप्पा-मैसूर एक्सप्रेस का नाम बदलकर वोडेयार व कुवेम्पु एक्सप्रेस रखा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे ने दो ट्रेनों के नामों में बदलाव किया है। रेल मंत्रालय ने इस बात की जानकारी एक लेटर जारी कर के दी है। जिसमें बताया गया है कि टीपू एक्सप्रेस का नाम बदलकर अब वोडेयार एक्सप्रेस रख दिया है। वहीं दूसरी ट्रेन है तलगुप्पा-मैसूर एक्सप्रेस जिसके नाम में भी बदलाव हुआ है। इस ट्रेन का नाम चेंज करके कुवेम्पु एक्सप्रेस रखा गया है। रेलवे बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर/उलऋ कराजेश कुमार ने ट्रेन के नामों में हुए बदलाव को लेकर ऑफिशियल लेटर जारी किया है। रेलवे बोर्ड के मुताबिक 500 मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की स्पीड बढ़ाई गई थी। भारतीय रेलवे के नए टाइमटेबल के अनुसार 500 मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की रफ्तार को 10 से लेकर 70 मिनट तक बढ़ाया गया है। इसके अलावा रेलवे ने बताया है कि 130 ट्रेनों को सुपरफास्ट की श्रेणी में शामिल किया है। भारतीय रेलवे के मुताबिक सभी ट्रेनों की रफ्तार में करीब 5 फीसदी का इजाफा हुआ है। ऐसा होने के बाद एक्स्ट्रा ट्रेनों के संचालन के लिए ज्यादा मार्ग उपलब्ध हो गए हैं। वहीं रेलवे ने ऑल इंडिया टाइम टेबल जारी किया है। इस नए टाइम टेबल को ट्रेन एट ए ग्लांस या टैग के नाम से भी जाना जाता है। नया टैग को एक अक्टूबर को जारी हुआ था।

टाटा पावर करेगी राजस्थान में हरित ऊर्जा उत्पादन को दोगुना

◀◀ आगामी पांच वर्षों में हमारी योजना क्षमता को 10,000 मेगावाट करने की है। उन्होंने कहा कि टाटा पावर, राजस्थान को भविष्य के लिए तैयार करते है।



जयपुर (एजेंसी)। टाटा पावर ने शुक्रवार को कहा कि अगले पांच वर्षों में कंपनी की राजस्थान में 8,000 मेगावाट बिजली सुविधाओं संबंधी परियोजनाओं, 1,000 मेगावाट की सौर रूफटॉप और 1,50,000 सौर पंपों को विकसित करने की योजना है। राजस्थान में निवेश सम्मेलन में भाग लेते हुए टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी प्रवीर सिन्हा ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में कंपनी के पास राज्य में 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो होने की योजना है। श्री सिन्हा ने कहा कि कंपनी ने राज्य में 5,000 मेगावाट की कुल बिजली उत्पादन क्षमता लगाने के लिए निवेश किया था जिसमें से 2,000 मेगावाट पहले से ही चालू है और शेष 3,000 मेगावाट विभिन्न चरणों में है जो आगामी 12-24 महीनों में पूरा हो जाएगी। उन्होंने कहा, आगामी पांच वर्षों में हमारी योजना क्षमता को 10,000 मेगावाट करने की है। उन्होंने कहा कि टाटा पावर, राजस्थान को भविष्य के लिए तैयार करते हुए इसकी पूरी क्षमता को साकार करने और देश के हरित ऊर्जा का एक केंद्र (ग्रीन पावर हाउस) के रूप में उभरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। श्री सिन्हा ने कहा, हम राज्य के किसानों, उद्योगों और आम नागरिकों के लाभ के लिए अपने तीनों कारोबार ईपीसी, सौर पंप और सौर रूफटॉप का निर्माण जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज राजस्थान में निवेश को लेकर आयोजित दो-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया।

जनधन खाते पर मिलता है 1.30 लाख रुपये का फायदा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 46।95 करोड़ लोगों ने बैंकों में खाता खुलवाया है। अगर आप भी जनधन अकाउंट खाताधारक हैं तो आपके लिए बहुत जरूरी खबर है। इस अकाउंट पर खाताधारकों को कई लाभ मिलते हैं, जिसमें से कई फायदे लोगों को पता ही नहीं होते। ऐसे में आप पूरे 1 लाख 30 हजार रुपये का नुकसान कर सकते हैं। आइए जानते हैं इस अकाउंट के फायदे के बारे में, आपको 1 लाख 30 हजार रुपये किस स्थिती में मिलेंगे। इसके लिए आपको क?या करना होगा। सरकार की इस योजना के तहत अकाउंट होल्डर्स को कई सुविधाओं के साथ 1 लाख रुपये का एक्सीडेंट इंश्योरेंस भी मिलता है। इसके अलावा 30 हजार रुपये का लाइफ इंश्योरेंस कवर मिलता है। अगर किसी खाताधारक की मृत्यु एक्सीडेंट में हो जाती है तो उसके परिवार को 1 लाख रुपये का इंश्योरेंस कवर मिलता है। वहीं सामान्य परिस्थिति में मृत्यु होने पर 30,000 रुपये का बीमा कवर मिलता है। आपको बता दें कि जनधन खाते पर अकाउंट होल्डर्स को कई तरह के लाभ मिलते हैं। इस अकाउंट पर आपको मिनिमम बैलेंस रखने की झंझट नहीं होती। इसके अलावा आपको रिपे डेबिट कार्ड मिलता है। अगर आप चाहें तो इमरजेंसी में इस खाते पर 10,000 रुपये तक का ओवरड्राफ्ट ले सकते हैं। आप बैंक जाकर अकाउंट को आधार से लिंक करा सकते हैं। यहां आप अपना आधार कार्ड और पासबुक जरूर लेकर जाएं। कई बैंक, एटीएम से भी बैंक खाते को आधार से लिंक करने का विकल्प दे रहे हैं। इसके लिए आपके पास कुछ जरूरी दस्तावेज होन आवश्यक है। आधार कार्ड या पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस या पेन कार्ड, वोटर कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, अथॉरिटिभ्कि से जारी लेटर, जिसमें नाम, पता और आधार नंबर लिखा हो, गजेटेड आफिसर द्वारा जारी लेटर जिसपर खाता खुलवाने का अटेस्टेड फोटो लगा हो।

मुंबई महानगर क्षेत्र में मकानों की बढ़ने लगी किल्लत

लोग अच्छे मकानों के लिए शहर के बाहर के इलाकों में रहने के लिए मजबूर हैं

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में किफायती दाम के मकानों की मांग और आपूर्ति में काफी अंतर है और इस इलाके में एक-तिहाई लोग किराए के मकानों में रहते हैं। अचल संपत्ति बाजार का अध्यन करने वाली फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया और रियल एस्टेट विकास में लगी कंपनियों के संगठन नरेडको की एक साझा रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि इस समय एमएमआर में संगठित क्षेत्र में एक लाख किराएदारी लीज (पट्टा) के समझौते चल रहे हैं। इलाके में असंगठित क्षेत्र का आवास बाजार इससे भी बड़ा है। नाइट फ्रैंक इंडिया-नरेडको की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एमएमआर इलाके में झुग्गियों में रहने वाले 35 प्रतिशत लोग किराए पर रह रहे हैं। रिपोर्ट में सर्वेक्षण के अनुसार कहा गया है कि एमएमआर में किफायती दाम के माकनों की मांग ऊंची है जिसमें 67 प्रतिशत मांग 25 लाख रुपये मूल्य से कम के मकानों की है। इसी तरह 13 प्रतिशत मांग 25-50 लाख रुपये के मकानों की है और 20 प्रतिशत मांग 50 लाख रुपये से ऊपर वाले मकानों की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में डेवलपर कंपनियों ने इलाके में करीब 10 लाख नए मकान विकसित किए। इसके बावजूद मांग के अनुसार आपूर्ति नहीं हो पा रही है। नए मकानों की आपूर्ति में 50 लाख से ऊपर के मकानों का हिस्सा 44 प्रतिशत रहा उसके बाद 34 प्रतिशत नए मकान 25-50 लाख रुपये मूल्य के दायरे वाले रहे जबकि 25 लाख से कम के मकानों की आपूर्ति का हिस्सा 22 प्रतिशत ही रहा। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंधन निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, मुंबई कभी रहने और काम करने के लिए लोगों की पसंद का शहर था लेकिन आज यह बुनियादी सुविधाओं की कमी, घटिया मकानों की समस्या से जूझ रहा है। शहर के सामने सबसे बड़ी चुनौती मुंबईवासियों को आवास सुलभ कराना है।

खुदरा रोजगार खोजने वाले लोगों की संख्या 11.8 प्रतिशत घटी

मुंबई। खुदरा क्षेत्र में नौकरी की तलाश करने वाले भारतीयों की संख्या अगस्त 2021 के मुकाबले इस वर्ष अगस्त में 11.80 फीसदी घट गई है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान पेश किया गया है। वैश्विक रोजगार वेबसाइट इन्डीड ने एक रिपोर्ट में कहा कि अगस्त 2019 से अगस्त 2022 के बीच के समय में खुदरा क्षेत्र में रोजगार 5.50 फीसदी घट गए और वैश्विक महामारी के दौरान तथा उसके बाद खुदरा क्षेत्र में नौकरी तलाश करने वाले भारतीय लोगों की संख्या भी घटी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2020 से अगस्त 2021 के बीच खुदरा रोजगार 27.70 फीसदी बढ़े थे लेकिन अगस्त 2021 से अगस्त 2022 के बीच इनमें 11.80 फीसदी की गिरावट आ गई। ऐसा मोटे तौर पर लॉकडाउन की वजह से और घर से ही काम करने (वर्क फ्रॉम होम) की संस्कृति की वजह से हुआ जिसमें लोगों ने त्योहारों के दौरान भी ऑनलाइन खरीदारी की।

डिविडेंड देने के मामले में ये दो कंपनियां हैं अव्वल

नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर मार्केट में इस साल काफी उतार और चढ़ाव देखने को मिला है। पहले रूस और यूक्रेन युद्ध की वजह से फिर मंदी की आशांकाओं ने बाजार की कमर तोड़ कर रख दी है। साल 2022 में निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ऐसे में किसी स्टॉक पर दांव लगाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हो सके? आज हम दो डिविडेंड देने वाले स्टॉक हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो की चर्चा करेंगे। कंपनी का मार्केट कैप टू-व्हीलर्स में करीब 36 प्रतिशत का है। लगातार 19 सालों से कंपनी किसी कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा बाइक बेचने के रिकॉर्ड को अपने पास बरकरार रखने में सफल रही है। बता दें, हीरो मोटोकॉर्प दुनिया की सबसे ज्यादा टू व्हीलर्स का प्रोडक्शन करने वाली कंपनी है। एसीई एक्वाटी के अनुसार कंपनी ने 29 बार अपने योग्य शेयरधारकों को डिविडेंड दिया है। कंपनी नियमित अंतराल पर अपने शेयर होल्डर्स को डिविडेंड का भुगतान करती आ रही है। पहली बार कंपनी ने 1994 में 2.7 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड दिया था। साल 2021-22 में कंपनी की तरफ से 95 रुपये प्रति शेयर का भुगतान डिविडेंड के रूप में किया गया था। बजाज ऑटो टू-व्हीलर्स और थ्री-व्हीलर्स को 79 देशों को एक्सपोर्ट करती है। थ्री-व्हीलर्स के सेगमेंट में दुनिया की सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाली कंपनी बजाज ऑटो है। हीरो मोटोकॉर्प की तरह अब बाजाज ऑटो को फोकस इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर है। बजाज ऑटो 2008 में शेयर में लिस्ट हुई थी। तब कंपनी ने अपने शेयर होल्डर्स को 20 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड दिया था। वित्त वर्ष 2021-22 में बजाज ऑटो ने 140 रुपये का डिविडेंड दिया था। हीरो मोटोकॉर्प कंपनी के शेयरों में इस साल अबतक 5.90 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। शुक्रवार को कंपनी के एक शेयर की कीमत 2622.80 रुपये थी। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों में 11 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। बजाज ऑटो के प्रदर्शन की अगर बात करें तो कंपनी के शेयरों की कीमतों में इस साल 9.90 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। हालांकि बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 5.48 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।

एक नजर इधर भी

आर्थिक असमानता व सुशासन

सुगम जीवन का मतलब महज नागरिकों की जिंदगी में सरकारी दखल कम व इच्छा से जीवन बसर करने की स्वतंत्रता ही नहीं, बल्कि जीवन स्तर ऊपर उठाने से है। जीवन स्तर तभी ऊपर उठता है जब समावेशी ढांचा पुख्ता हो व सुशासन का आसमान कहीं अधिक नीला हो। 1992 की आठवीं पंचवर्षीय योजना समावेशी विकास से ओतप्रोत थी और यही वर्ष सुशासन के लिए भी जाना जाता है। मगर अब तक गांवों से पलायन रुका नहीं और बेरोजगारी की लगाम आज भी ढ़ीली है। जिस देश में ग्रामीण और शहरी दोनों स्तरों पर बुनियादी ढांचा औसतन बेहतर स्थिति में है, वहां सुशासन की राह न केवल चौड़ी हुई है, बल्कि सुजीवन यानी सुंदर जीवन का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। सुजीवन व सुशासन का गहरा संबंध है। कानून का शासन, भ्रष्टाचार से मुक्ति, विकास के लिए विकेंद्रीकरण को बढ़ावा, भूमंडलीकरण की स्थिति को समझते हुए रणनीतियों में बदलाव, ई-गवर्नेंस, ई-लोकतंत्र और अच्छे अभिशासन की अवधारणा पोषित करना, साथ ही सरकार और शासन की भूमिका में निरंतर बने रहना सुशासन और सुजीवन की पूरी खुराक है। भारत का मानव विकास सूचकांक तुलनात्मक रूप से बेहतर न होना सुजीवन के लिए बड़ा नुकसान है। गौरतलब है कि 2020 में भारत एक सौ नवासी देशों की तुलना में एक सौ इकतीसवें स्थान पर था, जो अपने पूर्ववर्ती वर्ष से दो कदम और पीछे गया है। ताजा रिपोर्ट में यही आंकड़ा एक सौ बत्तीसवें स्थान पर है। साफ है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भले भारत की स्थिति छठवीं से पांचवीं हो गई हो, मगर विकास का हिस्सा बहुतों तक अभी पहुंच नहीं रहा है। किसी भी देश की अवस्था और व्यवस्था को समझने में मानव विकास सूचकांक, 'ईज आफ लिविंग इंडेक्स' के साथ बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी और आर्थिक असमानता बड़े पैमाने हो सकते हैं। सामाजिक नवाचार नये सामाजिक कार्य हैं, जिनमें समाज को विस्तारित और मजबूत करने के उद्देश्य से नवाचार की सामाजिक प्रक्रियाएं शामिल हैं। समस्या समाधान से लेकर योजना बनाने और सतत विकास लक्ष्य के बारे में जागरूकता फैलाकर नये संदर्भों को बढ़त दी जाती है। देश में फैली गरीबी न केवल आर्थिक ताना मार रही है, बल्कि विकास की राह में भी दशकों से कांटे बो रही है। आज भी सत्ताईस करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे रहते हैं। हालांकि इस पर सरकारों की अपनी अलग राय रही है। मगर जब अस्सी करोड़ भारतीयों को पांच किलो अनाज मुफ्त देना पड़ा, तो समझिए गरीबी का आलम किस स्तर तक रहा होगा। अभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने भी देश में गरीबी, बेरोजगारी व आर्थिक असमानता पर चिंता व्यक्त की है। गरीबी को देश के सामने एक राक्षस जैसी चुनौती मानते हुए इसे सरकार की अक्षमता कहा है। इसमें कोई शक नहीं कि देश दो तरह से आगे-पीछे हो रहा है। एक, आर्थिक रूप से मुट्ठी भर लोगों का आगे बढ़ना, दूसरा बड़ी तादाद में आम जन का बुनियादी विकास से अछूता रहना। भारत में साढ़े छह लाख गांव हैं और साठ फीसद से अधिक आबादी ग्रामीण है। देश में ढ़ाई लाख पंचायतें हैं। यह लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की वह रचना है, जहां से विकास की गंगा बहती है, मगर कई बुनियादी समस्याओं से गांव और उसकी पंचायतें आज भी जूझ रही हैं। शहर स्मार्ट बनाये जा रहे हैं, मगर बेरोजगारी इनकी चमक में चार चांद लगाने के बजाय मुंह चिढ़ाने का काम कर रही है। 'सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी' के बेरोजगारी पर जारी आंकड़े बताते हैं कि अगस्त 2022 में भारत की बेरोजगारी दर एक साल के उच्च स्तर 8.3 फीसद पर पहुंच गई। हालांकि सितंबर में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में श्रम भागीदारी में वृद्धि के साथ बेरोजगारी दर में गिरावट की बात कही जा रही है। ग्रामीण रोजगार में गिरावट ने सुशासन और सुजीवन दोनों को कुचलने का काम किया है, मगर बेरोजगारी का शहरी जीवन पर सर्वाधिक असर हुआ है।

■ **सुशील कुमार सिंह**

क्षेत्रीय दलों के एकजुट होने पर क्या होगा?

विपक्ष को एक मंच पर लाने के लिए इस बार क्षेत्रीय दलों को जोड़ने और ममता बनर्जी के पुराने फार्मूले पर चुनाव लड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत पहली योजना नेतृत्व के सवाल को गौण रखते हुए कांग्रेस के इतर सबसे पहले गैरराजग क्षेत्रीय दलों को एक साथ लाने की है। वर्ष 2024 में आम चुनाव एवं इसी वर्ष दिसम्बर में गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां अभी से देखने को मिल रही हैं, यह पहला अवसर होगा जब आम चुनाव के लिये दो वर्ष पहले ही भारतीय जनता पार्टी एवं विपक्षी दल कमर कस चुके हैं। वैसे तो हर चुनाव नजदीक आते ही केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ एकजुटता के विपक्षी दलों के प्रयास शुरू हो जाते हैं। अब तक पिछले आठ साल में दर्जनों बार कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दलों ने एकजुटता के जब-जब प्रयास किये यह कवायद प्रधानमंत्री के चेहरे के आगे फीकी ही रही, विपक्षी दलों की एकजुटता के प्रयास टांय-टांय फिस्स ही होते हुए देखे गये हैं। कारण भी साफ है जो भी दल एकता के प्रयासों में भागीदार बनना चाहता है वह अपने नेता को संयुक्त विपक्ष के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में देखना चाहता है। लेकिन इस बार विपक्षी एकता के प्रयासों में कुछ दम नजर आ रहा है। विपक्षी एकता के ये प्रयास उसी स्थिति में ज्यादा कारगर हो सकेंगे जब अपने हित की बजाय ये दल जनहित की बात करेंगे, इनके बीच सर्वसम्मति बनेगी। सिद्धांत के रूप में यह संभव प्रतीत होता है कि मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भाजपा सीधी लड़ाई में आसानी से हार सकती है लेकिन राजनीति केवल आंकड़ों की ही बाजीगरी नहीं है, यह बहुत हद तक अनुभूति से जुड़ी लड़ाई है जहां भावनाएं, अहसास, राष्ट्रीयता की भावना, आम आदमी की परेशानी पर वजनदार पहल, चुनावी रणनीति एवं कल्पनाशील वायदे भी कायापलट कर देते हैं। जबसे बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा से नाता तोड़ा है, वे आक्रामक रूप में भाजपा को केवल बिहार ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर पछाड़ने की मुद्रा में आ गये हैं। एक मिशन एवं विजन के साथ वे केन्द्र में भाजपा-सरकार को हटाने के लिये विपक्षी एकजुटता के प्रयास में जुट गये हैं। इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिये वे बिहार से बाहर निकल कर विभिन्न विपक्षी दलों के बीच एकता की संभावनाओं को तलाश रहे हैं। इसी के तहत नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से नई दिल्ली में हुई मुलाकात को भी विपक्षी एकता को लेकर बनने वाली रणनीति से जोड़कर ही देखा जा रहा है। एकता के प्रयासों में तस्वीर का दूसरा पहलू हरियाणा में पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती पर आयोजित रैली में पहुंचे नेताओं से साफ नजर आता है। इस रैली में दस राज्यों में विपक्षी दलों के सत्रह बड़े नेताओं को आमंत्रित किया गया था। भले ही आमंत्रित ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे व फारूख अब्दुल्ला सरीखे नेताओं ने रैली से दूरी बनाई हो। ऐसा भी नहीं है कि एकता के प्रयासों को इस तरह की रैलियों में नेताओं के आने या न आने से जोड़कर देखा जाए। लेकिन अब तक के अनुभव बताते हैं कि विपक्षी एकता के शक्ति परीक्षण का माध्यम रैलियां ही होती रही हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने 'विपक्षी एकता' बनाने के प्रयासों के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। इस दौरान तीनों नेताओं ने 'भाजपा मुक्त भारत' का आह्वान किया। हालांकि, यह पूछे जाने पर कि क्या बिहार के मुख्यमंत्री को विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में माना जा सकता है। इस पर केसीआर ने कहा, 'ये बातें हम बाद में तय करेंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार व लालू यादव आश्वस्त नजर आए कि वे देश में गैर-भाजपा दलों को एकजुट करने में सफलता हासिल कर ही लेंगे। सोनिया गांधी से कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के बाद उनकी फिर से मुलाकात होगी। सफल लोकतंत्र के लिये देश में मजबूत विपक्ष होना भी चाहिए, पर जब नेताओं के निजी स्वार्थ व महत्त्वाकांक्षाएं आड़े आती हैं जो ऐसे प्रयास शुरू होने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। इसका कारण अब तक प्रधानमंत्री पद को लेकर की जाने वाली दावेदारी है। भले पदयात्रा के जरिये राहुल गांधी को पीएम के चेहरे के रूप में पेश करने में जुटी कांग्रेस के साथ खुद नीतीश कुमार, प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के अलावा शरद पवार के नाम भी प्रधानमंत्री के लिए विपक्ष की ओर से चलते हैं, पर कोई साझा सहमति जैसे पहले नहीं हुई, अब हो पायेगी इसके आसार कम ही नजर आते हैं। विपक्षी एकजुटता की असफलता का बड़ा कारण अब तक यही एक पहलू बनता रहा है। बावजूद इसके अधिकांश विपक्षी दलों को इसका अहसास होने लगा है कि उनका राजनीतिक वजूद अब उनकी एकता पर निर्भर करता है। उन्हें डर है कि अगर वे ऐसे ही विभाजित रहे तो जल्द ही राजनैतिक रूप से वे अप्रासंगिक हो जायेंगे। इसलिए, वर्तमान में संयुक्त मुकाबले के लिए गैर-भाजपा दलों को एकजुट करने के समानांतर प्रयास किये जा रहे हैं। यहां यह तर्क दिया जा सकता है कि अगर सपा, बसपा एवं कांग्रेस ने उप्र विधान सभा चुनाव एक साथ मिल कर लड़ा होता तो भाजपा के नेतृत्व में राजग तीन दलों वाले इस गठबंधन से आसानी से हार गया होता जिसे 8.8 प्रतिशत अधिक मत हासिल हुए होते। विपक्ष को एक मंच पर लाने के लिए इस बार क्षेत्रीय दलों को जोड़ने और ममता बनर्जी के पुराने फार्मूले पर चुनाव लड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत पहली योजना नेतृत्व के सवाल को गौण रखते हुए कांग्रेस के इतर सबसे पहले गैरराजग क्षेत्रीय दलों को एक साथ लाने की है। ममता का फार्मूला था कि जो दल जिस राज्य में मजबूत हो, दूसरे दल उस राज्य में उसी की अगुवाई में चुनाव लड़ें। बावजूद इसके विपक्ष के सामने नरेंद्र मोदी हैं, उनके करिश्माई एवं जादुई व्यक्तित्व को आसानी से हरा पाना मुश्किल है, उनको परास्त करने का जज्बा किसी भी विपक्षी दल के पास नहीं है। हां, सभी विपक्षी दल एकजुट हो जाये तो यह संभव हो सकता है। जब चिड़िया एका कर लेती है तो शेर की खाल खींच सकती है। विपक्षी दलों को यह बात समझनी होगी। जॉन डिकिन्सन ने भी कहा है कि एकता से हमारा अस्तित्व कायम रहता है, विभाजन से हमारा पतन हो जाता है।' विपक्षी दलों के पतन का कारण एकजुटता न होना ही है। विपक्षी दलों के हाथ की पांच उंगुलियों की तरह रहने की अपेक्षा है, ये हैं तो पांच लेकिन काम सहस्रों का कर लेती है, क्योंकि इनमें एकता है। जिस गति से विपक्षी एकता के प्रयास हो रहे हैं, उससे तेज गति से भाजपा 2024 के आम चुनाव एवं गुजरात विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है। बहुत पहले ही मिशन 2024 की तैयारी की शुरूआत कर चुकी भाजपा की रणनीति अपना पुराना गढ़ बचाये रखने और विस्तार की संभावना वाले राज्यों में पूरी ताकत झोंकने की है। विस्तार के लिए इस बार पार्टी ने तेलंगाना, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को चुना है। पार्टी शासित राज्यों में संगठन और सरकार को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पार्टी नए जातीय, सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरण पर आगे बढ़ रही है। विपक्ष शासित राज्यों में रणनीति बनाने का जिम्मा एक बार फिर से गृह मंत्री अमित शाह को दिया गया है। इस क्रम में शाह बिहार को दौरा कर चुके हैं और जम्मू-कश्मीर और राजस्थान का दौरा करने वाले हैं। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता कायम होने की व्यापक संभावनाएं हैं। इसी साल कांग्रेस में जारी अध्यक्ष पद का विवाद सुलझेगा, जबकि गुजरात और हिमाचल प्रदेश में उसे और आम आदमी पार्टी को अपनी ताकत का अहसास हो जाएगा। भाजपा और मोदी के प्रति सभी में समान भय है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने 'विपक्षी एकता' बनाने के प्रयासों के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। इस दौरान तीनों नेताओं ने 'भाजपा मुक्त भारत' का आह्वान किया। हालांकि, यह पूछे जाने पर कि क्या बिहार के मुख्यमंत्री को विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में माना जा सकता है। इस पर केसीआर ने कहा, 'ये बातें हम बाद में तय करेंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार व लालू यादव आश्वस्त नजर आए कि वे देश में गैर-भाजपा दलों को एकजुट करने में सफलता हासिल कर ही लेंगे।

■ **ललित गर्ग**

लड़कियों को बचाना व आगे बढ़ाना ही स्त्री शक्ति की पूजा

नवरात्र आ गई है। उत्तर भारत में नौ दिन चलने वाले इस पर्व को स्त्री शक्ति सम्मान के रूप में मनाया जाता है। यह देखना भी दिलचस्प है कि जहां साल में दो बार लड़कियों को महत्व देने के लिए ऐसे पर्व मनाए जाते हों, वहां लड़कियों को दोयम दर्जे का मानने वाले भी बहुत हैं। हालांकि, पिछले कुछ दशकों में इस सोच में भारी परिवर्तन भी हुआ है। ज्यों-ज्यों शिक्षित और रोजगारशुदा लड़कियों की संख्या बढ़ी है, उनकी आवाज और ताकत को नेता भी पहचानने लगे हैं। हर राजनीतिक दल अपने घोषणापत्र में औरतों के हितों की बातें करने लगा है। महिला नेताओं ने भी त्ररयों की स्थिति बदलने में बहुत सकारात्मक भूमिका निभाई है। जयललिता जब पहली बार 1991 में तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनी थीं, तब उन्होंने लोगों से अपील की थी कि वे अपनी लड़कियों को मारे नहीं, सरकार को दें, सरकार उन्हें पालेगी। इसके लिए उन्होंने बच्चों का पालन-पोषण करने वाले केंद्रों के बाहर ही पालने लगवा दिये थे। एक महिला मुख्यमंत्री द्वारा लड़कियों को बचाने की यह बहुत अच्छी पहल थी, क्योंकि तब हर रोज भ्रूण हत्या की खबरें आती थीं। कुपोषण और अन्य कारणों से लड़कियों की मृत्यु के समाचार आए दिन दिखते थे। साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरूआत हरियाणा के पानीपत जिले से की थी। तब आंकड़े बताते थे कि हरियाणा में लडकों के मुकाबले लड़कियों की संख्या देश में सबसे कम थी। हरियाणा की लड़कियों को ही केंद्र में रखकर दंगल फिल्म बनाई गई थी। उसके बाद यहां महिला पहलवानों के लिए बहुत से अखाड़े खुल गये थे। साल 2012 में हरियाणा की वीवीपुर पंचायत के बारे में खबर आई थी कि वे अब लड़कियों को बचाने की पहल करेगी। यहां एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें आसपास के गांवों की सौ खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इसमें भ्रूण हत्या को समाप्त करने व महिलाओं से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार किया गया था। तब से अब तक न जाने कितनी बातें और घटनाएं ऐसी हुई हैं, जो देश में लड़कियों के प्रति बदलती सोच को बता रही हैं। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर अपनी जगह बना रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। मोबाइल रिपेयर सेंटर्स खोल रही हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। केंद्र और राज्य सरकारों ने भी बच्चियों और स्त्रियों के लिए बहुत सी योजनाएं बनाई हैं, जिनका लाभ लड़कियों को मिल रहा है। अरसे से महिलाओं के लिए काम करने वाले संगठन, स्व-सहायता समूह, संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं कहती रही हैं कि महिलाओं के नाम पर कोई अचल संपत्ति नहीं होती, इसीलिए जब चाहे तब उन्हें घरों से बेदखल कर दिया जाता है। अपने देश में प्रधानमंत्री आवास योजना की तरफ से जो मकान गरीबों को दिये जाते हैं, उनकी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर ही की जाती है। लाखों महिलाएं अपने मकानों की मालकिन बन रही हैं। यही नहीं, यदि महिलाओं के नाम पर मकान खरीदा जाता है, तो स्टाम्प ड्यूटी में भी कुछ छूट मिलती है। पिछले दिनों कई वीडियो देखे, जिनमें जब बहू घर में नवजात पोती को लेकर आती है, तो सास फूल बरसाती हैं, कोई पोती के जन्म की खुशी में बहू को कार उपहार में देती है, कहीं-कहीं पूरे गांव को निमंत्रण दिया जाता है। और, सबसे बड़ी बात तो इस देश के सर्वोच्च पद पर द्रौपदी मुर्मू आसीन हैं। वह प्रतिभा पाटिल के बाद देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक विधायकों ने नेतृत्व पर राजनीतिक दबाव बनाने का जो खेल खेला है, उसका राजनीतिक दृष्टिकोण से अध्ययन किया जाए तो यही प्रमाणित करता है कि यह अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा है। इससे यह भी संदेश जा रहा है कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाने को लेकर जिस प्रकार से गहलोत समर्थक विधायकों ने अपने त्याग पत्र दिये हैं, उससे प्रथम दृष्टया यही लगता है कि ये विधायक कांग्रेस के कम गहलोत के ज्यादा हैं।

■ **क्षमा शर्मा**

है न विचित्र बात !

अलगाव की आंधी में गांधी

आज गांधी जयंती है। पिछले साल आज के दिन हमने अचरज से देखा था कि सोशल मीडिया पर किस तरह 'नाथूराम गोडसे अमर रहें' 'ट्रेंड' कर रहा था। जिन्हें गोडसे का अमरत्व चाहिए, वे अपनी कामना पर अटल रहें, मगर मंदी, अलगाव और विश्व-युद्ध की आशंकाओं से ग्रस्त इस धरती के बाशिंदों को आज महात्मा गांधी की सर्वाधिक जरूरत है। ऐसा लगता है, जैसे इतिहास का चक्र उल्टा घूमने लगा है। प्रथम विश्व-युद्ध के बाद जिस तरह यूरोप में धुर-दक्षिणपंथी और कट्टर राजनेताओं का उदय होने लगा था, वही चलन आज फिर जोर मारता दिख रहा है। इटली इसका नवीनतम उदाहरण है। वहां धुर-दक्षिणपंथी जॉर्जिया मेलोनी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गई हैं। वह 'फ्रटल्ली डिटालिया' पार्टी की नेता हैं। इस इतालवी शब्द का अंग्रेजी में मतलब 'ब्रदर्स ऑफ इटली' होता है। महज 45 वर्ष की उम्र में उन्होंने यह मुकाम कितनी तेजी से हासिल किया है, इसका अंदाजा एक आंकड़े से लगाया जा सकता है। पिछले चुनावों में उनकी पार्टी को महज चार फीसदी वोट मिले थे। चार वर्षों के अंतराल में वह इसमें 22 फीसदी का जबरदस्त इजाफा करने में कामयाब रही हैं। रोम की सत्ता में उनके साथ दक्षिणपंथी रुझान वाली दो अन्य पार्टियां भी शिरकत करेंगी। इससे न केवल इटली, बल्कि समूची दुनिया के मध्यमार्गियों में खलबली मच गई है। इन लोगों का मानना है कि तीन दलों का यह समूह लोकप्रियता अर्जन में एक-दूसरे से मुकाबला कर सकता है और यह होड़ इटली में 'मुसोलिनीवाद' को बढ़ावा देने वाली साबित होगी। ये लोग अपनी बात को बल देने के लिए जॉर्जिया मेलोनी के एक पुराने भाषण का हवाला देते हैं। इस 'वायरल स्पीच' में मेलोनी खुलकर मुसोलिनी की तारीफ करती हैं। उस वक्त वह महज 19 वर्ष की थीं। कट्टरपंथियों के बारे में मशहूर है कि पुरानी शराब की तरह उनके विचार उम्र के साथ और अधिक मादक व मारक हो जाते हैं। आप चाहें, तो मेलोनी को इस श्रेणी में रख सकते हैं। बेनिटो मुसोलिनी की पौत्री रकेले मुसोलिनी भी उनकी पार्टी की सक्रिय सदस्य हैं। रकेले को भी अपने पितामह की करतूतों पर शर्म नहीं, गर्व है। यहां यह बताने में हर्ज नहीं कि इटली में ही 'फासीवाद' का उदय हुआ था। फासीवाद की इस विचारधारा ने दुनिया पर कैसे-कैसे जुल्म ढाए, बताने की जरूरत नहीं। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि मुसोलिनी ने हिटलर की महत्वाकांक्षाओं को न सिर्फ धार दी, बल्कि उसे आगे बढ़ाने में भी मदद की थी। ऐसे में, जर्मनी का हाल जान लेने में भी कोई बुराई नहीं। मौजूदा चांसलर ओलाफ शॉल्स दक्षिणपंथी नहीं हैं, पर आव्रजन और कई अन्य मुद्दों पर अपनी अलग राय रखने वाले कट्टरपंथी लगातार ताकत हासिल कर रहे हैं। इस विचारधारा की हामी 'अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी' को पूर्वी जर्मनी में खासा समर्थन मिल रहा है। पड़ोस के फ्रांस में भी दक्षिणपंथियों से सत्ता समूह को कड़ी चुनौती मिल रही है। वहां अप्रैल 2022 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इमैनुएल मैक्रों भले जीत गए हों, पर उन्हें घनघोर दक्षिणपंथी मैरीन ली पेन से कड़ी टक्कर मिली थी। मैक्रों को 58.54 फीसदी मत मिले, जबकि पेन को 41.46 फीसदी। आप सोच रहे होंगे कि लगभग 17 फीसदी का अंतर तो काफी बड़ा है, पर यह अर्द्धसत्य है। पेन की पार्टी ने 2017 के मुकाबले सात प्रतिशत ज्यादा मत प्राप्त किये हैं, जबकि मैक्रों की लोकप्रियता में लगभग इतनी ही गिरावट आई है। मतलब साफ है, इटली, जर्मनी और फ्रांस में दक्षिणपंथ तेजी से अपने पांव पसार रहा है। ये तीनों यूरोप की प्रमुखतम अर्थव्यवस्थाएं हैं।

■ **शशि शेखर**

दुर्घटना पुराण

सर्विस रोड से सटकर एक गाँव था। उसके बाहरी इलाके में दो गर्म खून वाले युवक बाइक से फिसलकर गिर पड़े। उधर दूसरी ओर से आ रहे एक ग्रामीण ने जोर से चिल्लाना शुरू किया - 'ओ हरिया!, ऐ झब्बल!, अरे सुना हो गणेश! जल्दी आवा-जल्दी आवा! देखा यहाँ जोरदार एक्सीडेंट भयल बा!' सभी खेत में से अपने काम छोड़-छाड़कर दौड़ते हुए आने लगे। उधर गणेश ने अपने गाँव के वाट्सप समूह में संदेश भेज दिया कि फलाँ के खेत के पास एक्सीडेंट हुआ है, जल्दी से आ जाइये। उधर गाँव के भीतर जब यह खबर पहुँची तब किसी ने किसी को बताया कि गाँव के बाहर एक्सीडेंट हुआ है, तो उसने अपने साथियों को फोन लगाया और चिल्लाते हुए कहने लगा - 'अरे सुनते हो! गाँव के बाहर एक्सीडेंट हुआ है न जाने कितने लोग मर गये हैं पता नहीं, जल्दी करो।' यह घटना अंधों के बीच हाथी वाली थी। जिसे जो समझ में आया वह बताने लाग। फिर क्या था सभी दुर्घटनास्थल पहुँचने के लिए आतुर होने लगे। जिसके पास जो गाड़ी थी वह उसी पर निकल पड़ा। जिनके पास कुछ नहीं था वे गाँव के टैंपो में ठूस-ठूस कर ऐसे बैठे जैसे एक्सीडेंट नहीं मेला देखने जा रहे हैं। कुछ सहानुभूति के लिए 'च...च...च...च...च...' कहता तो कोई कहता 'बहुत दिन हुआ एक्सीडेंट देखे'। एक बुजुर्ग जो एक्सीडेंट में घायल युवक को गौर से देख रहा था, अचानक कहने लगा - 'अरे-अरे! कितना जोरदार एक्सीडेंट हुआ है। जहाँ-तहाँ बदन छिल गया है। खून तो एकदम झरने के जैसा बहा जा रहा है।' साथ में एक और बुजुर्ग खड़ा था, वह कहने लगा - 'जल्दी से अस्पताल को फोन लगाया जाए, हो सकता है बच जाए।' पहले बुजुर्ग ने आँखें मूँदकर सिर हिलाते हुए कहा - 'कोई फायदा नहीं। फोन का बैलेंस बर्बाद करने के सिवाय। देखते नहीं कितनी सारी अंदरूनी चोटें आई हैं। बचना मुश्किल है।' पीड़ा से कराहते हुए एक युवक ने कहा - 'ऐसा मत कहिये। जल्दी से एंबुलेस वालों को फोन लगाइये। बड़ा दर्द हो रहा है।' तभी एक और आदमी पहुँचा। दोनों बुजुर्गों से पूछते हुए खुद सवाल-जवाब करने लगा - 'अरे-अरे! ऐसे कैसे हो गया एक्सीडेंट? अच्छा वो वहाँ से फिसलकर यहाँ आकर गिरे हैं। च...च...च...मैंने अपने चालीस बरस के जीवन में इतना भयंकर एक्सीडेंट कभी नहीं देखा है। न जाने आजकल के युवाओं को क्या हुआ है? न जाने कहाँ जाने की जल्दी रहती है? वैसे गलती इनकी नहीं इनके माँ-बाप की है। बिगड़े नवाब के बिगड़े लाड़साहब हैं। सिर पर चढ़ायेंगे तो एक्सीडेंट नहीं होगा तो क्या इनाम मिलेगा? देखो न गाड़ी का एक पहिया उधर हरिया के खेत के पास पड़ा है। वैसे यह गाड़ी कहाँ की है? अच्छा तेलंगाना का नंबर प्लेट लगा है। हो न हो यह आंध्र प्रदेश का ही होगा। आजकल बित्ते भर के छोकरे यही सब तो करते हैं। पढ़ना-लिखना तो है नहीं। सड़क के सीने पर चढ़कर चले हैं रोमियो बनने। मैंने ऐसे युवकों को लाख समझाया। कोई सुनता थोड़े न है। जिसे देखो उस पर हीरो बनने का जुनून सवार है।' वह कुछ और कहता है तभी गाँव से एक टैंपो धड़धड़ाकर घटनास्थल पर आकर रुका। लोग उसमें एक के ऊपर एक ऐसे लदे थे जैसे वे आदमी नहीं धान की बोरियाँ हों। चालक का तो पता ही नहीं चल रहा था। वे सब दौड़े-दौड़े घटनास्थल में पड़े युवकों को खोजने लगे। तभी किसी ने बताया - 'अरे आने में देर कर दी। अभी-अभी एक को एंबुलेंस में ले गये। हाँ एक पड़ा है देख लो उसे। उसकी प्राथमिक चिकित्सा कर दी गई है।' लोग चालक को डाँटते हुए कहने लगे - 'ससुरे को टैंपो चलाना आता भी है कि नहीं! टैंपो चला रहा था कि बैलगाड़ी। रास्ते भर कहते-कहते थक गये कि जल्दी करो। लेकिन नहीं इसे रास्ते में ही टैंपो रोककर हल्का होना था। थोड़ा रोक लेता तो इसकी माँ मर जाती।' इस तरह सभी लोग चालक को भला-बुरा सुनाने लगे। वह मुँह लटकाये इधर-उधर देखने लगा। तभी कुछ मीडियाकर्मी आ गये। उनमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वाला भी था। उसने पूछताछ की तो पता चला कि फलाँ बुजुर्ग ने एक्सीडेंट देखा है। वह उससे एक्सीडेंट के बारे में सवाल-जवाब करने लगा- **मीडियाकर्मी:** क्या आपने एक्सीडेंट होते हुए देखा है?

बुजुर्ग: मैं सुबह-सुबह अपने खेत की ओर जाने के लिए अपनी झोपड़ी से निकला ही था कि सामने से बिल्ली रास्ता काट गयी। मैंने खुद की किस्मत और बिल्ली को खूब कोसा। सोचा थोड़ी देर रुककर निकलता हूँ। इसलिए मैं फिर से अपनी झोपड़ी में आकर बैठ गया। तभी फोन की घंटी बजी और मैं... मीडियाकर्मी **(बुजुर्ग की बात बीच में काटते हुए):** हमें यह सब नहीं चाहिए। एक्सीडेंट के बारे में बताइये। **बुजुर्ग:** अरे बताता हूँ! वहीं तो आ रहा हूँ। ठीक है मैं फोन की बात नहीं बताउँगा। सीधे मुद्दे पर आता हूँ। मैं घर से जैसे ही बाहर निकला सरपंच जी मिल गये। मैंने उन्हें प्रणाम किया। मुझे लगा यही अच्छा मौका है पूछ लूँ कि मेरे पक्के मकान का क्या हुआ। वोट लेते समय मुझे पक्के मकान का वादा जो किया था। आज पूरे नौ बरस गुजर गये। पिछली बार भी बहलाकर-फुसलाकर वोट ले लिया था और इस बार भी। **मीडियाकर्मी (झल्लाते हुए):** ये बेफिजूल की बातें मत बताएँ। असली मैटर बताएँ कि एक्सीडेंट कैसे हुआ? बुजुर्ग (गुस्से से बरसते हुए): चल हट। हम नहीं बतायेंगे। एक माइक वीडियो लिए क्या घूमते हो खुद को तोप समझते हो। तनिक भी सुनने का धैर्य नहीं है। आजकल की युवा की पीढ़ी को न जाने क्या हो गया है? सभी घोड़े पर सवार हैं। किसी में रत्ती भर का धैर्य नहीं है। मीडियाकर्मी समझ गए कि यह ठरकी बुड्ढा है। जिसे एक्सीडेंट के बारे में कुछ पता नहीं है। बस इधर-उधर की किये जा रहा है। फिर उन्होंने किसी से पूछा तो उसने जो नहीं देखा वह बताया। मीडियाकर्मी ने उसमें और चार झूठ वाले मसाले जोड़कर लोकल चैनल के लिए ग्लोबल खबर बना दी।

पहले बुजुर्ग ने आँखें मूँदकर सिर हिलाते हुए कहा - 'कोई फायदा नहीं। फोन का बैलेंस बर्बाद करने के सिवाय। देखते नहीं कितनी सारी अंदरूनी चोटें आई हैं। बचना मुश्किल है।' पीड़ा से कराहते हुए एक युवक ने कहा - 'ऐसा मत कहिये। जल्दी से एंबुलेस वालों को फोन लगाइये। बड़ा दर्द हो रहा है।' तभी एक और आदमी पहुँचा। दोनों बुजुर्गों से पूछते हुए खुद सवाल-जवाब करने लगा - 'अरे-अरे! ऐसे कैसे हो गया एक्सीडेंट? अच्छा वो वहाँ से फिसलकर यहाँ आकर गिरे हैं। च...च...च...मैंने अपने चालीस बरस के जीवन में इतना भयंकर एक्सीडेंट कभी नहीं देखा है। न जाने आजकल के युवाओं को क्या हुआ है? न जाने कहाँ जाने की जल्दी रहती है? वैसे गलती इनकी नहीं इनके माँ-बाप की है।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
मो. नं. 73 8657 8657

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर** : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

सुहागिनों के लिए करवा चौथ सभी व्रतों से अधिक महत्व रखता है

अक्टूबर का महीना शुरू हो गया है। कुछ ही दिनों में इस साल व्रत-त्योहार के लिहाज से अक्टूबर माह बहुत खास है। इस माह में करवा चौथ, दशहरा, दीपावली, छठ पूजा जैसे बड़े पर्व आकर जा भी रहे है। करवा चौथ का व्रत 13 अक्टूबर 2022 को है। सुहागिनों के लिए करवा चौथ सभी व्रतों में अधिक महत्व रखता है। अपने सुहाग की रक्षा, दीघायु और खुशहाली के लिए महिलाएं सुबह से लेकर रात चांद निकलने तक अन्न, जल का त्याग कर करवा चौथ का व्रत रखती हैं। मान्यता है कि इस दिन जो पत्नी पूर्ण विश्वास के साथ माता करवा की पूजा करती हैं । उसके पति पर कभी कोई आंच नहीं आती। विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक दिवसीय उत्सव के रूप में वर्णित किया गया है। इस अवसर पर, वे निर्जला उपवास करती हैं ।। बिना भोजन और पानी के सूर्योदय से चंद्रोदय तक और अपने पति की लंबी उम्र और दीघार्यु के लिए प्रार्थना करती हैं। पलामू सहित झारखण्ड पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश राज्यों में प्रचलित, यह अविवाहित महिलाओं द्वारा भी मनाया जाता है ,जो एक वांछित जीवन साथी की उम्मीद में प्रार्थना करती हैं। पत्नी से पति की भलाई के लिए उपवास करने की अपेक्षा की जाती है। लेकिन पति से कोई पारस्परिक अपेक्षा नहीं होती है। यहां तक की भारतीय सिनेमा ने करवा चौथ व्रत पर काफी फि ल्में बनाई है। जिससे इस व्रत के प्रचलन को बढ़ावा मिला है। यह व्रत हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार कठोरतम व्रतों में से एक है। महिलाएं करवा चौथ में चंद्र दर्शन से पहले पूरे सोलह श्रृंगार करती है। महिलाएं व कुंवारी कन्या अपने हाथों व पैरों में मेहंदी लगाती हैं। करवा चौथ के उपवास को शुरू करने के लिए सांस के हाथों से बना सरगी का विशेष महत्व होता है। महिलाएं इस व्रत से जुड़ी कई तरह की कहानियां पढ़ती है जिसमें पत्नी की शक्ति का उल्लेख मिलता है।भारत में इस प्रथा से मिलते जुलते कुछ और भी व्रत है जो महिलाओं द्वारा रखे जाते है। हड़तालिका तीज का व्रत एक ऐसा ही व्रत है जो भारतीय महिलाओं द्वारा सदियों से अपने पति की सलामती की कामना के लिए रखा जाता रहा है। कुंवारी कन्याएं भी मन मजी वर पाने के लिए यह व्रत करती है। पहले भारतीय महिलाओं द्वारा पूरे भारत में केवल हड़तलिका तीज का व्रत रखा जाता था जो कि गांव से ले कर शहरी क्षेत्रों तक प्रचलित था। सबसे खास बात यह भी है कि दोनों ही व्रत विधि का केंद्र भगवान शिव और माता पार्वती है । महिलाएं दोनों ही व्रतों में पूरा दिन पूर्ण भक्ति भाव के साथ निर्जला व्रत करती है। हालाकि कई मायनों में हड़तालीका तीज का व्रत अन्य सभी व्रतों से ज्यादा कठोर मालूम होता है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार देवताओं और असुरों के बीच युद्ध शुरू हो गया। जंग के मैदान में दानव देवताओं पर हावी हो गए थे। युद्ध में सभी देवताओं को संकट में देख उनकी पत्नियां विचलित होने लगीं। पति के प्राणों की रक्षा के उपाय हेतु सभी स्त्रियां ब्रह्मदेव के पास पहुंची। ब्रह्मा जी ने देवताओं की पत्नियों से करवा चौथ व्रत करने को कहा,ब्रह्मदेव बोले कि इस व्रत के प्रभाव से देवताओं पर कोई आंच नहीं आएगी और युद्ध में वह जीत प्राप्त करेंगे। ब्रह्मा जी की बात सुनकर सभी ने कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत किया। जिसके परिणाम स्वरूप करवा माता ने देवताओं के प्राणों की रक्षा की और वह युद्ध में विजय हो गई।

❖ वेद प्रकाश



पति पत्नी के अटूट संबंध को दर्शाता है

करवाचौथ दो रोमांटिक दिलों को एक साथ लाने व एक दूसरे को याद दिलाने का एक तरीका है। करवाचौथ सिर्फ महिलाओं के लिए है। हिंदू हमेशा से भगवान के पुरुषों और महिलाओं के पहलू की पूजा करने में विश्वास करते रहे हैं और श्री राम एक सख्त समर्पित पति थे। इतना ही नहीं एक को सीता राम और राधा कृष्ण कहते हैं। इस देश में महिला को प्राथमिकता मिलती है। यह व्रत पति और पत्नी के बीच स्नेह और प्यार को दशार्ता है। आज के समय में इसे पति दिवस भी कहा जाने लगा है। करवाचौथ के व्रत से सम्बंधित काफी कहानियाँ प्रचलित है और लोग अपनी श्रद्धा और रीति रिवाजों के अनुसार खुशी और उत्साह से इस पर्व को मनाते हैं। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के साथ-साथ भगवान गणेश और कार्तिकेय की भी पूजा अर्चना की जाती है । कारवाचौथ का व्रत कर महिलाएं अपने पति और परिवार की स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करती हैं। महिलाओं को चाहिये कि वे इस पर्व में लाल रंग के वस्त्र धारण करें ,क्योंकि लाल रंग सुहागन का कहा जाता है। महिलाओं की हिम्मत को दशार्ता है। इस दिन बिना कुछ खाए और पिए अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस व्रत से जुड़ी प्रत्येक कथा सुहागन महिला की है कि किस प्रकार एक सुहागन की शक्ति अपने पति को मृत्यु से भी खींच लाती है। सभी महिलाएं ज्यादा से ज्यादा सुंदर लगना चाहती हैं। इस दिन चंद्रमा का बहुत ही बेसब्री से इंतजार रहता है । क्योंकि यह व्रत सूर्योदय से शुरू होता है एवं चंद्रमा के दर्शन एवं पूजा कर-के ही समाप्त होता है। यह सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व्रत होता है। इस दिन महिलाएं कुछ भी नहीं खाती और पीती हैं। अपने पति को सम्मान एवं उनकी लम्बी आयु के लिए महिलाएं इस व्रत को बहुत ही भावपूर्ण के साथ रखती हैं। कार्तिक माह के चौथ के दिन करवा चौथ आती है। महिलाएं हाथ एवं पैरों में मेहंदी लगाती हैं। पुरूष के बिना समाज ही संपूर्ण नहीं होता है, परंतु आज ऐसा नहीं माना जाता है। सभी को यही महसूस होता है कि जिस तरह से पुरूष के बिना समाज पूरा नहीं है। उसी तरह से औरतों के बिना भी समाज पूरा नहीं होता है। इस लिए एक दुल्हन और एक महिला के बीच के रिश्ते को दशार्ता है। शादी के बाद, दुल्हन अपनी भावनाओं और समस्याओं को साझा करने के लिए ससुराल में एक महिला मित्र की तलाश करती है। हमारा समाज भले ही पुरुष प्रधान है परंतु प्राचीन काल से ही हमारी संस्कृति में स्त्री और पुरुष को सामान्य दर्जा देकर पूजनीय माना गया है। करवा चौथ का यह व्रत पति पत्नी के बीच के अटूट प्रेम को दशार्ता है। जहां पत्नी अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रहती हैं, तो वही पुरुष भी अपनी पत्नी की सारी जिम्मेदारियां खुद पर लेकर हमेशा उसका ख्याल रखने को बाध्य होते हैं। करवा चौथ का त्योहार महिलाओं के अंदर की सहनशीलता को भी दशार्ता है। कहने के लिए तो करवा चौथ के व्रत में महिलाओं का प्रमुख योगदान होता है । परंतु महिला चंद्र दर्शन के बाद खुद ही अपना व्रत नहीं खोल सकती । इसके लिए इनके पति अपने हाथों से अपनी पत्नियों को जलपान व अन्य ग्रहण कराकर इनका व्रत खुलवाते हैं।

❖ कुमारी रिया

विवाहित महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्रतों में से एक है

करवा चौथ हिन्दू सुहागिन महिलाओं का बहुत ही प्रमुख त्योहार है। ऐसा कहा जाता है कि यह व्रत इसीलिए रखा जाता है क्योंकि सावित्री अपने पति के प्राणों को यमराज से बचा कर वापस ले आई थी। तभी से करवा चौथ मनाई जाती है। इसे पूरे विधि विधान के साथ सुहागिन महिलाएं पूजा करती है। इस दिन सभी परिवार के लोग इकट्ठा होकर एक दूसरे के साथ खुशियां मनाते हैं। कई महिलाएं तो मंदिर और बगीचों में जाकर भी पूजा करती हैं। कई महिलाएं एकत्रित होकर कहानी सुना करती हैं। वह अपनी पूजा की थाली को बहुत ही अच्छे से सजाती हैं। जब चांद निकलता है, तब महिलाएं चांद की परछाई को सबसे पहले पानी में देखती हैं। इसके पश्चात दुपट्टा अथवा छन्नी से देखकर अपने पति को देखती हैं। इस विधान के बाद महिलाएं अपने पति की आरती उतारती है और आशीर्वाद लेती हैं। व्रती महिलाओं को पति के द्वारा पानी पिलाकर उनके व्रत को तोड़ती हैं। अपने पति की लम्बी उम्र एवं उनके स्वस्थ रहने की कामना के लिए चंद्रमा के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना करती हैं। इसके पश्चात ही महिलाएं भोजन करती हैं। करवा चौथ के दिन औरतें सज सवर कर तैयार होती हैं। उनके पति को ऐसा लगता है, कि मानो आज कोई चांद ही उतरकर धरती पर आ गया हो। औरतें अपने पति की खुशहाली के लिए इस व्रत को रखती है और यही कामना करती है कि उनके पति अपने जीवन में सब कुछ पाये और हमेशा खुश रहे। यह त्योहार दीपावली से पूर्व मनाया जाता है। त्योहार से दसवें दिन दीपावली होती है। इस त्योहार को करने का एक अलग ही महत्व है। इस दिन करवे की पूजा बहुत ही सुंदर-सुंदर ढंग से की जाती है। इसमें भगवान शिव एवं पार्वती माता का पूजन किया जाता है। यह व्रत विवाहित महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्रतों में से एक है। रात को चंद्रमा का पूजन कर पूजा की थाली में समान उपहार व कुछ दक्षिण स्वरूप अपनी सांस को सभी बहुएं देती हैं। सांस अपनी बहू को सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद देती है। यह त्योहार पति-पत्नी ही नहीं बल्कि सास-बहू के रिश्ते में भी प्रेम जगाता है। यह पर्व पत्नी का पति के प्रति प्यार को दशार्ता है। जिसकी लंबी उम्र के लिए पत्नी व्रत रखती है।

❖ गुड्डू कुमार

करवाचौथ की तैयारियां महिलाएं महीनों पहले से करती हैं

करवा चौथ का दिन महिलाओं के लिए सबसे खुशी का दिन होता हैं। क्योंकि इस दिन महिलाओं को सोलह श्रृंगार करने का मौका मिलता है। यह व्रत केवल शादीशुदा विवाहित महिलाएं ही रखती है, क्योंकि यह व्रत बहुत ही पवित्र माना जाता है। करवा चौथ को बहुत ही पालन और नियमों के साथ किया जाता है। हिंदुओं के प्रतीक त्योहारों में से करवा चौथ भी सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत ही प्रसिद्ध त्योहार है। इसे बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। सुहागिन अपने पति की लंबी आयु के लिए इस व्रत को बहुत ही श्रद्धा के साथ पूर्ण करती हैं। बाजारों में बहुत ही रौनक होती है। बाजार में महिलाओं की भीड़ बाजार में सजने संवरने वाले सामान खरीदने के लिए उमड़ पड़ती है। चाहे उनके घर में पहले से भी सजे सांवरे का सामान जैसे चूड़ी,बाली, कंकन,जैसे अन्य सामग्री क्यों नहीं घर में रखा हो, लेकिन इस दिन नए सामान खरीदने के लिए बाजार अवश्य जाया करती हैं जो कि महत्वपूर्ण होती है। इस पर्व की तैयारियों को महिलाओं द्वारा महीनों पहले से शुरू कर दी जाती है। खास बात तो यही है कि करवा चौथ का व्रत दशहरे और दिपावली के बीच पड़ता है। इस समय बाजारों में बहुत ही ज्यादा चहल-पहल होती है। हर तरफ महिलाओं का बोलबाला होता है। महिलाएं कहीं घर की साज सज्जा का सामान लेते तो कहीं अपने लिए नए कपड़े पसंद करते हुए देखी जा सकती है। बाजारों में नए कपड़ों की धूम मची रहती है । दुकानदार भी लगातार आ रहे इन सारे त्योहारों की तैयारियां पहले ही कर लेती हैं। करवा चौथ के लिए भी विशेष रूप से उपयोग में आने वाले तरह तरह से सजाए गए करवा व छलनी बाजारों में नजर आने लगते है। महिलाएं व्रत विधि को पूरा करने के लिए पहले से ही सम्पूर्ण पूजन सामग्री के साथ खुद के लिए बाकी सोलह श्रृंगार जुटाने में लग जाती है। इस पूजा के लिए महिलाएं सुंदर-सुंदर कपड़े पहनती हैं। जिसमें लाल रंग के कपड़ों को ज्यादा महत्व दिया जाता है। क्योंकि लाल रंग सुहाग का रंग कहा जाता है। सुंदर-सुंदर वस्त्रों के साथ सोलह श्रृंगार करती हैं एवं आभूषण पहनती हैं। करवा चौथ एक ऐसा त्योहार है ,जो पति पत्नी के प्यार को और ज्यादा बढ़ाता है। यह पर्व कहने को तो बस महिलाओं का होता है। परंतु इस पर्व से कहीं न कहीं संपूर्ण परिवार का माहौल खुशहाल हो जाता है। करवा चौथ का त्योहार हर वर्ष आता है। इस दिन शादी शुदा महिलाएं एवं कुंवारी लड़कियां सुबह सूर्य उगने से पहले ही सरगी खा कर अपना व्रत शुरू करती है। शादी शुदा महिलाओं के लिए सरगी उनकी सास के द्वारा बनाया जाता है। इसके बाद करवा चौथ का व्रत शुरू हो जाता है और महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रहती है।। सारा दिन पूरी भक्ति भाव के साथ भगवान का भजन एवं करवा चौथ की कथा का पाठ करती है । चंद्र देव, भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश कार्तिक की पूजा करती है। शाम होते ही महिलाएं किसी नई दुल्हन की तरह लाल साड़ी के साथ पूरे सोलह श्रृंगार करके घर की छत या किसी गार्डन में इकट्ठा होकर अपने दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ चांद निकलने का इंतजार करती है। जैसे ही चांद बादलों से बाहर आता है। महिलाएं छलनी पर जलते हुए दीपक को रखकर पहले चांद को देखती है इसके बाद अपने पति को देखकर उनके हाथों से मिट्टी के करवे में रखें शुद्ध जल को पी कर, अन्न ग्रहण कर अपने उपवास का अंत करती है।

❖ ओपी

शादी स्वर्ग में होती है लेकिन दिल धरती पर हार जाता है

करवाचौथ महिलाओं द्वारा मनाये जाने वाला एक प्रमुख त्यहार है। यह मुख्य रूप से शादीशुदा सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा मनाया जाता है। बॉलीवुड ने भी इस व्रत के प्रचार- प्रसार में काफी अहम भूमिका निभाई है । इसे हमारे यहां ही नहीं बल्कि विदेशों में भी विख्यात कर दिया है। विदेशी महिलाएं इस अनोखे हिन्दू संस्कृति के त्योहार को खुशी और सम्मान से मनाती हैं। यह व्रत महिलाओं द्वारा पति की लम्बी उम्र के लिए रखा जाता है। करवा चौथ एक ऐसा अवसर है जो वर्षों से महिलाओं के लिए प्रेरणादायक रहा है और कई विवाहों के लिए भावनात्मक केंद्र रहा है। फिलहाल इस त्योहार की अवधारणा और रूप ने बहुत बड़ा बदलाव किया है। जब करवा चौथ मनाने की यह रस्म शुरू हुई। तो पत्नी पति पर निर्भर थी और यह प्यार दिखाने और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक तरीका था। लेकिन आज ज्यादातर मामलों में पत्नी काम कर रही है और अब अपने पति पर आर्थिक रूप से निर्भर नहीं है। उपरोक्त की व्याख्या करते हुए, मैं अभी भी उपवास के पीछे की भावनाओं पर विश्वास करना चाहता हूं ,और महसूस करना चाहता हूं। हालांकि इस त्योहार ने अभी भी अपने पति के लिए पत्नी की अवांछित प्रेम परंपरा को बदल दिया है। आधुनिक समाज और हाईटेक लाइफस्टाइल के चलते हम रिश्तों में खुशियों के छोटे-छोटे पलों को खोते जा रहे हैं। यह त्योहार दो रोमांटिक दिलों को एक साथ लाने और एक दूसरे को याद दिलाने का एक तरीका है । शादी स्वर्ग में होती है, लेकिन दिल धरती पर हार जाता है। आपसी स्नेह बढ़ाने के साथ-साथ एक पूजा का अवसर भी प्रदान करने वाला त्योहार है। यह एक ऐसा त्योहार है जिसमें भक्ति, सजना-सवरना ,रीति रिवाज सब रंग देखने को मिलते हैं। करवा चौथ का त्योहार पति-पत्नी के स्नेह को बढ़ावा देने की कोशिश करता है। इसलिए पति-पत्नी एक दूसरे के प्यार का मोल ना समझ कर उपहार को ज्यादा मोल देते हैं जो गलत है। करवा चौथ हमें सिखाता है कि नारी शक्ति सब पर भारी पड़ सकती है । नारी अगर चाहे तो अपने सामने यमराज को भी झुका सकती है। इसलिए नारी को भी समाज मे पुरषों की तरह समान दिया जाना चाहिए। कहने को तो करवा चौथ का त्योहार एक व्रत है। लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। इसलिए क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं, तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं।

❖ प्रसिद्ध राम

पति की दीर्घायु की कामना का पर्व है करवा चौथ

करवा चौथ व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है। आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीघार्यु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। भारत एक धर्म प्रधान व आस्थावान देश हैं। यहां साल के सभी दिनो का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें। करवा चौथ के बारे में व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहना इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। पूजन कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर फिर भोजन ग्रहण किया जाता है। सोने, चाँदी या मिट्टी के करवे का आपस में आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेम-भाव को बढ़ाता है। पूजन करने के बाद महिलाएँ अपने सास-ससुर एवं बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ का व्रत बतलाया। इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लडके एवं एक गुणवती लडकी थी। एक बार लडकी मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयों से न रहा गया, उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालच को त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थी का व्रत को पूर्ण करता है। तो वह जीवन में सभी प्रकार के दुखों और क्लेशों से मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देश में चौथ माता का सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। यहां के चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान ने करवाया था।

❖ रमेश सर्राफ धमोरा

पति-पत्नी के सच्चे प्रेम का उदाहरण है करवा चौथ

करवा चौथ की कथाएं सुहागन महिलाओं से जुड़ी हैं। हर त्योहार की तरह यह त्योहार भी किसी कहानी से जुड़ा है जो कितने सालों से पति-पत्नी के सच्चे प्रेम का उदाहरण बनी हुई है। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले भोजन कर लेती है, और व्रत का निर्जला उपवास रखती है। पूजा के दौरान सभी महिलाएं एक नई नवेली दुल्हन की तरह सजती है। पूरा सोलह श्रृंगार करती हैं।सुंदर साड़ी, चूड़ियां, टीका, बिंदी, नथनी, सभी प्रकार के गहने पहनती हैं। पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व हैं जो प्राचीन काल से चलती आ रही है। करवा चौथ का सामाजिक पक्ष भी बेहद सशक्त है। लेकिन इसके साथ ही इसमें कुछ विरोधाभास भी है। भारतीय समाज में अक्सर ज्यादातर व्रत महिलाएं ही रखती हैं। पति की लंबी उम्र के लिए तो पत्नियां व्रत रखती हैं लेकिन पत्नी की लंबी उम्र के लिए पति कभी व्रत नहीं रखते। ना ही समाज और ना ही वेद पुराणों में कहीं भी पतियों को व्रत रखने के लिए कहा गया है। समाज में महिला समर्थकों की आवाज हमेशा इस तरफ उठी है कि अगर पत्नियां पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रख सकती हैं तो पति क्यूं नहीं रखते। लेकिन वहीं कुछ लोग महिलाओं के द्वारा किए जाने वाले इस व्रत को सही ठहराते हैं। उनके अनुसार महिलाओं का यह व्रत रखना यह दशार्ता है कि महिलाएं पुरुषों का कितना ख्याल रखती हैं। यह महिलाओं के ममतामयी पक्ष को दशार्ता है जो अपने परिवार और पति का हमेशा भला चाहती हैं। माना कि परंपरा के अनुसार पतियों का व्रत रखना जरूरी नहीं है । लेकिन अगर पति भी पत्नियों के लिए करें तो इससे उनके आपसी संबंधों में मधुरता आ सकती है। घर की बुजुर्ग महिला जैसे ददिया सास, ननद या अन्य सदस्य को , सुहाग सामग्री, फल, मिठाई आदि धनराशि देकर और उनके चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लेती है। ऐसा कहा जाता है कि शादी के बाद करवा चौथ का व्रत आया, संयोगवश तब वीरवती अपने भाइयों के घर आई हुई थी। बहुत ही उत्साह के साथ सभी रस्में पूरी करते हुए वीरवती ने पूरे दिन करवा चौथ का व्रत किया और शाम को चंद्र उदय का बेसब्री से इंतजार करने लगीं। भूख और प्यास से वीरवती बहुत व्याकुल हो रही थी और भाइयों से बहन का यह हाल देखा ना गया। तब भाइयों ने बहन को बहुत बार खाना खा लेने का निवेदन किया पर वीरवती ना मानी । तब भाइयों ने अपनी चतुराई दिखाई एवं पीपल के पेड़ की चोटी पर दर्पण से चांद की झूठी छवि बनाई और वीरवती को झूठ बोल उसका व्रत खुलवा दिया। व्रत खोलते ही वीरवती को अपने पति की मृत्यु का संदेश मिला। जिसके सुनते ही वीरवती सुध बुध खो बैठी। तब उसकी भाभी ने बताया कि झूठा चांद तुम्हें दिखा कर तुम्हारा व्रत तुम्हारे भाइयों ने तुड़वा दिया। यह सब सुनकर वीरवती तो मानो टूट सी गई थी। उसको इस तरह रोता देख देवी शक्ति वहां प्रकट हुई और उसके रोने का कारण पूछा। तब वीरवती में सब आप बिती उनके सामने सुना दी। जिसके बाद सच्ची भावना के साथ फिर से करवा चौथ का व्रत वीरवती ने किया। जिसका परिणाम यह हुआ कि आखिरकार यमराज को भी एक पत्नी के दृढ़ निश्चय के आगे झुकना पड़ा। इस लिए करवा चौथ एक ऐसा त्योहार है ,जो पति पत्नी के प्यार को और ज्यादा बढ़ाता है। यह पर्व कहने को तो बस महिलाओं का होता है परंतु इस पर्व से कहीं न कहीं संपूर्ण परिवार का माहौल खुशहाल हो जाता है।

❖ दिपक कुमार पाण्डे

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

ब्रिटेन के 36 उपग्रह लेकर उड़ेगा देश का सबसे भारी रॉकेट

बेंगलूरू (एजेंसी)। देश का सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी-एमके3 प्रक्षेपण के लिए तैयार है। वह 22 अक्टूबर को ब्रिटेन के स्टार्टअप वनवेब के 36 ब्रॉडबैंड उपग्रहों को लेकर श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरेगा। यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए पहली पूर्णरूप से व्यावसायिक उड़ान होगी। नया रॉकेट जियोसिन्क्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एमके3 (जीएसएलवी-एमके3) चार टन तक के सैटेलाइट को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) के लिए लॉन्च करने में सक्षम है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लॉन्च 21 अक्टूबर की मध्यरात्रि के तुरंत बाद तय किया गया है। यह तीन चरणों वाला रॉकेट है जो ठोस, तरल और क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित है। वनवेब में देश की भारती एंटरप्राइजेज प्रमुख निवेशक और शेयरधारक है।

हाई स्पीड इंटरनेट सेवाएं देने में मिलेगी मदद : इस साल की शुरुआत में वनवेब के प्रमुख निवेशक एवं शेयरधारक कंपनी भारती इंटरप्राइजेज ने ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ वितरण साझेदारी की घोषणा की थी। वनवेब ने कहा था कि उसके लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में प्रथम पीढ़ी के उपग्रहों के समूह का 70 फीसदी लक्ष्य पूरा हो जाएगा। यह दुनियाभर में उच्च गति वाली इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराने में मददगार है।

चार लोग चाहते हैं कि मेरी हत्या कर दी जाये : इमरान खान

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया कि चार लोग उन पर ईशनिंदा का आरोप लगाकर उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं और चेतावनी दी कि अगर उनके साथ कुछ भी अनहोनी होती है तो इन साजिशकर्ताओं के नाम देश के सामने रखे जायेंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मियांवाली में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता उन पर धार्मिक नफरत भड़काने के लिए ईशनिंदा करने का आरोप लगा रहे हैं।

दुर्लभ गुलाबी हीरे की खूबसूरती पर फिदा हुई दुनिया, 413 करोड़ रुपये में हुआ नीलाम

प्रति कैरेट हीरे के लिए लगी बोली के मामले में है विश्व रिकॉर्ड

हांगकांग (एजेंसी)। कहते हैं कि हीरा सदा के लिए होता है और यही वजह है कि दुनिया इसकी दीवानी होती है। अब हांगकांग में एक अति दुर्लभ खूबसूरत गुलाबी हीरा 413 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ है। हीरे के लिए जो बोली लगायी गयी वह इसके अनुमान से दोगुना है। यह किसी नीलामी में प्रति कैरेट हीरे के लिए लगी बोली के मामले में विश्व रिकॉर्ड है। इस हीरे का नाम विलिम्सन पिंक स्टार है और यह 11.15 कैरेट का है। इसका नाम क्वीन एलिजाबेथ को शादी के गिफ्ट के रूप में दिए गए हीरे के नाम पर ही इसका नाम रखा गया है।

इस हीरे को हांगकांग में सूदबे ने एक अज्ञात खरीदार को बेचा है। लंदन के एक ज्वेलरी शॉप के एमडी तोबिआस कोरमिंड ने बताया कि इस हीरे का संबंध दिवंगत रानी एलिजाबेथ से होने की वजह से इसको इतने ज्यादा पैसे मिले। उन्होंने कहा, 'यह बहुत ही हैरान करने वाला परिणाम है।' कोरमिंड ने कहा कि जब आप क्वीन एलिजाबेथ से इसका रिश्ता जोड़ते हैं तो इस दाम बढ़ जाता है और ऊपर से यह बहुत ही दुर्लभ है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 साल में दुनिया के सबसे अच्छी क्वालिटी के हीरों के दाम दोगुना हो गए हैं।

तंजानिया की मवादुई खान में मिला यह हीरा : तकिये के आकार के इस हीरे का नाम दो अन्य विशाल पिंक डायमंड के नाम पर रख गया है। इसमें पहला हीरा 59.60 कैरेट का है जिसे पिंक स्टार डायमंड कहा जाता है। इस हीरे को साल 2017 में 71 मिलियन डॉलर में नीलाम किया गया था। वहीं, दूसरा हीरा विलिम्सन है जो 23.60 कैरेट का है। इस हीरे को ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ को कनाडा के भूगर्भशास्त्री जॉन विलिम्सन ने साल 1947 में गिफ्ट किया था। यह महारानी के पसंदीदा हीरों में शामिल था। उन्होंने इस हीरे को कई मौकों पर पहना था। विलिम्सन हीरे का स्वामित्व तंजानिया के मवादुई खान के पास था जहां इस विलिम्सन और पिंक स्टार डायमंड को खुदाई में निकाला गया था। सूदबे के एक एशिया के अधिकारी वेनहाओ यू ने कहा, 'गुलाबी हीरे की कोई भी खोज अपने आप में दुर्लभ होती है।' पिंक डायमंड रंगीन हीरों में खासतौर पर बहुत खास होते हैं।

आबकारी नीति मामले में ईडी ने आरोपी के घर से जब्त किये एक करोड़ कैश

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की नई आबकारी नीति में कथित घोटाले के मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की। दरअसल, केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक आरोपी के आवास से 1 करोड़ रुपए कैश जब्त किए। इसके साथ ही इस मामले में आरोपी से ईडी अधिकारी आज आगे की पूछताछ करेंगे। इससे पहले दिल्ली की नई आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं और घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने राष्ट्रीय राजधानी समेत आंध्र प्रदेश और पंजाब में 35 ठिकानों पर छापा मारा था।

अमेरिका को धमकाने के लिए परमाणु बॉम्बर बना रहा रूस

पुतिन की परमाणु बम की धमकी मजाक नहीं, बना रहा महाशक्तिशाली स्ट्रैटजिक बॉम्बर

मॉस्को (एजेंसी)। यूक्रेन संकट के बीच रूस अपने नये स्ट्रैटजिक बॉम्बर पर तेजी से काम कर रहा है। इस विमान में लगनेवाले उपकरणों की टेस्टिंग काफी गुप्त तरीके से की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि यह रूस का पहला प्योर स्टील्थ एयरक्राफ्ट होगा। यह बॉम्बर इतना घातक होगा कि अमेरिका की कोई भी मिसाइल डिफेंस सिस्टम इसे पकड़ नहीं पायेगा।

- 2025 में उड़ान भर सकता है रूस का पीएके-डीए स्ट्रैटजिक बॉम्बर
- अमेरिकी बी-2 से ज्यादा होगी रेंज, नहीं पकड़ पायेगा कोई रडार

इस बॉम्बर से परमाणु मिसाइलों सहित कई तरह के ड्रोन को भी दागा जा सकेगा। इस विमान का प्रोटोटाइप बनाने पर काम पिछले कई साल से जारी है। पीएके डीए विमान के लिए इन दिनों कंपोनेंट तैयार करने का काम आखिरी दौर में है। रूसी रिसर्च एंड प्रोडक्शन एंटरप्राइज ज्वेज्दा के जनरल डायरेक्टर सर्गेई पॉज्डन्याकोव ने कहा कि हमने लंबी दूरी तक मार करने वाले पीएकए डीए स्टील्थ बॉम्बर के इजेक्शन सीट का परीक्षण शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि सभी काम पहले से तय किए गए शेड्यूल के अनुसार ही हो रहे हैं। इस विमान के लिए सभी पुर्जे 2023 तक तैयार होने की उम्मीद है। पीएके-डीए बमवर्षक को बनाने के काम मई 2020 में शुरू हुआ था। रूस का दावा है कि लंबी दूरी का यह स्टील्थ बमवर्षक अपनी पहली परीक्षण उड़ान मार्च 2025 में भरेगा। इसके 2028-2029 तक सीरियल प्रोडक्शन में जाने की उम्मीद है। इजवेस्टिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस विमान का प्राइमरी परीक्षण में शुरू कर दिया जायेगा, जबकि स्टेट परीक्षण फरवरी 2026 तक होगा। दूसरे स्टेज के परीक्षण के दौरान बमवर्षक में पायलट को बचाने वाली प्रणाली को भी टेस्ट किया जायेगा, जिसमें इजेक्शन सीट प्रमुख है। इसके लिए रूसी सरकारी कंपनी पहले 12 सीटों का निर्माण करेगी। शुरूआत में पीएके डीए बमवर्षक के तीन प्रोटोटाइप मॉडल तैयार किए जाएंगे।

रूस के पुराने बमवर्षकों की जगह तैनात होगा पीएके-डीए

पीएके-डीए रूस का पहला लंबी दूरी का रणनीतिक बमवर्षक विमान बनेगा। इस विमान को रूसी एयरोस्पेस और डिफेंस कंपनी टुपोलेव डिजाइन ब्यूरो बना रही है। पीएके-डीए बमवर्षक को रूसी वायु सेना में पहले से मौजूद टीयू-160 'ब्लैकजैक', टीयू-22एम और 1950 के दशक के टीयू-95 से बदला जायेगा। ये तीनों बमवर्षक वर्तमान में रूसी वायु सेना की रीढ़ हैं। इनमें से सबसे पहले टीयू-95 को सेवा से हटाया जायेगा, जबकि बाकी के दोनों बमवर्षक पीएके-डीए के कमीशनिंग के सापेक्ष में रिटायर किये जायेंगे।

पायलटों को बचाने के लिए होंगे खास इंतजाम

इस विमान को उड़ा रहे पायलटों को बचाने के लिए एक नया बड़ा पैराशूट भी विकसित किया जा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब बॉम्बर के पायलट विमान से कूदते हैं तो वे समुद्र के सतह से 1000-1500 मीटर की अत्याधिक ऊंचाई पर होते हैं। ऐसे में उनके नीचे गिरने की रफ्तार काफी तेज होती है। ऐसे में उन्हें बचाने के लिए बड़े गुंबद वाले स्पेशल पैराशूट की जरूरत होगी। सीटों में एक नई इजेक्शन कंट्रोल यूनिट भी होगी क्योंकि केबिन को दो नहीं बल्कि चार पायलटों और उनकी सीटों को सेट किया जाएगा।

महाराष्ट्र में बस दुर्घटना में ग्यारह लोगों की मौत

नासिक/मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में यवतमाल से मुंबई आ रही एक निजी बस के शनिवार को नासिक-औरंगाबाद मार्ग पर ट्रक से टकराकर उसमें आग लग जाने से कम से कम ग्यारह लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गये। नासिक नगर निगम के आयुक्त चंद्रकांत पुलकुंदवार कहा कि यह दुर्घटना नादुर नाका के पास चौफुली में हुई और सभी मृतकों के शव झुलस गए हैं, जिससे उनकी पहचान करना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि बस में 40-45 यात्री सवार थे और ट्रक धुले से औरंगाबाद जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि ट्रक के बस के ईधन टैंक से टकराने के बाद बस में आग लग गई। घायलों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासिक दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में अपनों को खोने वालों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

350 करोड़ की हेरोइन के साथ पकड़ी गयी पाकिस्तानी नाव

- गुजरात एटीएस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में भारतीय तटरक्षक को बड़ी कामयाबी

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात एटीएस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) को बड़ी कामयाबी मिली है। शनिवार तड़के जॉइंट ऑपरेशन में अल साकर नाम की पाकिस्तानी नाव को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास कब्जे में लेकर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पाकिस्तानी नाव से 50 किलो हेरोइन बरामद की गई जिसकी बाजार में कुल कीमत 350 करोड़ के आसपास बताई जा रही है। इसे आगे की जांच के लिए राज्य के जखाऊ बंदरगाह लाया जा रहा है। भारतीय तटरक्षक के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें पाकिस्तानी नाव की सूचना मिली थी। इसके बाद शनिवार सुबह एक पाकिस्तानी नाव अल साकर में सवार छह लोगों और 350 करोड़ रुपये की कीमत की हेरोइन के साथ पकड़ा गया।

एक साल में यह छठा ऑपरेशन : आईसीजी की ओर से एटीएस के साथ चलाए जा रहे पिछले एक साल में यह छठा ऑपरेशन है। यह एक महीने में भी कम समय में दूसरी घटना है। इससे पहले 14 सितम्बर को एक पाकिस्तानी नाव से लगभग 200 करोड़ रुपये की 40 किलो हेरोइन पकड़ी गई थी। ड्रग्स से लदी पाकिस्तानी नाव को भारतीय जल सीमा क्षेत्र के छह मील अंदर से पकड़ा गया था। आईसीजी और गुजरात एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में यह पाकिस्तानी नाव पकड़ी गयी थी। इसके अलावा नौका चालक दल के सदस्य छह पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया था।

इसरो के चंद्रयान-2 को मिली बड़ी कामयाबी

हैदराबाद (एजेंसी)। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के चंद्रयान-2 ऑर्बिटर ने चंद्रमा पर पहली बार बड़ी मात्रा में सोडियम का पता लगाया है। यह काम ऑर्बिटर में लगे एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर 'क्लास' ने कर दिखाया है। इस कामयाबी से चांद पर सोडियम की सटीक मात्रा का पता लगाने का रास्ता खुल गया है। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित इसरो की इस रिसर्च में कहा गया है कि क्लास स्पेक्ट्रोमीटर अपनी भारी संवेदनशीलता और अच्छी परफॉर्मेंस के कारण चांद पर सोडियम की पतली परत को खोज पाया है। इसे बेंगलुरु में इसरो के यूआर राओ सैटेलाइट सेंटर में बनाया गया है। रिसर्चर्स का कहना है कि सोडियम की परत चंद्रमा की जमीन के कणों से कमजोर रूप से जुड़ी हो सकती है। यदि ये सोडियम चांद के खनिजों का हिस्सा है, तो इन सोडियम एटम्स को सौर वायु या पराबैंगनी विकिरण से ज्यादा आसानी से सतह से बाहर निकाला जा सकता है। चांद की जिस सतह पर सोडियम मिला है, उसे एक्सोस्फेयर कहा जाता है। यह इलाका चांद की सतह से शुरू होकर हजारों किलोमीटर तक फैला है। चंद्रयान-2 की यह खोज चांद और एक्सोस्फेयर के बीच संबंध और तालमेल को जांचने में मदद करेगी। चंद्रमा के हल्के वायुमंडल में सोडियम की मौजूदगी एक ऐसा दिलचस्प पहलू है, जिसने वैज्ञानिकों की इस तत्व में रुचि और बढ़ा दी है। चंद्रयान-2 से पहले चंद्रयान-1 के एक्स-रे फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्रोमीटर ने भी चंद्रमा की सतह पर सोडियम होने की संभावना जताई थी। साथ ही अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के अपोलो मिशन, सोवियत यूनियन के लूना प्रोग्राम और चीन के चांग ई मिशन से मिले सैंपल्स की स्टडी में भी कुछ डेटा मिला था।

चीनी राजदूत ने सीमा के हालात पर बोला झूठ, भारत ने कहा-

हालात तभी सुधरेंगे जब सेना वापस जायेगी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। चीन है कि मानता नहीं। दो सालों से लद्दाख के कई इलाकों में सैन्य संघर्ष की स्थिति कायम रखते हुए भी दुनिया को यह बताने में जुटा है कि भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सबकुछ ठीक है। उसने फिर से कहा है कि लद्दाख में सीमा पर हालात सामान्य होने शुरू हो गए हैं। वह यहां तक दावा कर रहा है कि गलवान में हुई हिंसक झड़प से शुरू हुआ तनाव अब खत्म हो गया है। हालांकि, भारत ने चीन की चालाकियों का तुरंत जवाब दिया है और कहा कि हालात अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं, क्योंकि इसके लिए जरूरी कुछ और महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने बाकी हैं।

- आग को तंबू से ढकने की कोशिश कर रहा है चीन, बोला- सीमा पर सब ठीक
- भारत का जवाब- झूठ मत बोलो, भारत ने चीन की चालबाजी को फिर से किया उजागर

आग को तंबू से ढकना चाहता है चीन : दरअसल, चीन की मंशा अपने अतिक्रमणकारी रवैयों की तरफ से भारत का ध्यान हटाने का है। वह चाहता है कि भारत सीमा पर उसकी दगाबाजियों को ज्यादा तवज्जो नहीं देकर ऐसे मुद्दों के ठंडे बस्ते में डाल दे। चीन की चाहत है कि भारत सीमा विवाद को इतना तूल नहीं दे कि व्यापार ही बंद हो जाए। यूं कहें कि चीन सीमा पर खुद से लगाई आग को तंबू से ढकना चाहता है। उसे पता है कि तंबू कितना भी मजबूत क्यों न हो, लेकिन वह आग की तपिश नहीं झेल सकता। लेकिन चीन तो चीन है। बहरहाल, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, 'हालात पूरी तरह सामान्य हों, इसके लिए कुछ और कदम उठाने जरूरी हैं।' उनसे पहले भारत में चीन के राजदूत सुन विडोंग ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में हालात कुल मिलाकर स्थिर हैं। उन्होंने कहा कि गलवान घाटी में दो वर्ष पहले हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों तरफ से आपातकाल में भेजी गई सैन्य टुकड़ियां भी वापस आ रही हैं।

सीमा पर हालात पर झूठ बोल रहा चीन

चीनी राजदूत के इस बयान पर जब बागची की प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध सुधरने का रास्ता तभी मजबूत हो सकता है जब सीमा से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा, 'हम वहां नहीं पहुच सके हैं। मैं नहीं कह सकता कि हालात सामान्य हैं। कुछ सकारात्मक कदम उठाए गए हैं, लेकिन कुछ फैसले और लेने बाकी हैं।'

न्यूज गैलरी

प्रदेश में अपराध चरम पर, बहू बेटियों की इज्जत भी सुरक्षित नहीं है : बाबूलाल मरांडी

रांची । भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा है की प्रदेश मे अपराध चरम पर है। और बहू बेटियों कि इज्जत भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति के लिए प्रदेश के अधिकारी जिम्मेवार हैं। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की जरुरत है। उन्होने कहा की हाल मे आर्थिक अपराधों मे पकड़े गए अफसरों और अन्य लोगों के राज्य के बड़े अफसरों से ताल्लुकात ही नहीं रहे हैं, बल्कि उनकी पहुँच मुख्यमंत्री आवास तक रही है। ऐसे मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नैतिकता के आधार पर या तो इस्तीफा दे देना चाहिए, या फिर राज्यपाल को इस सरकार को बर्खास्त कर देनी चाहिए।

आरयू: अनुबंध शिक्षक नियुक्ति के लिए 227 आवेदन आए, साक्षात्कार कल

रांची। रांची विश्वविद्यालय के तीन नए डिग्री मॉडल कॉलेज- घाघरा, लोहरदगा और सिमडेगा में अनुबंध पर शिक्षक नियुक्ति के लिए साक्षात्कार का आयोजन आगामी सोमवार को लोहरदगा में किया गया है। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि शनिवार को थी, जिसमें शाम 4.00 बजे तक विश्वविद्यालय को 227 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन जमा करने की अवधि रात 12 बजे तक निर्धारित की गई थी, इसलिए यह संख्या लगभग 250 तक जा सकती है। इन तीन कॉलेजों को मिलाकर पांच विषयों के लिए 15 शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। हर कॉलेज को 5-5 शिक्षक मिलेंगे। जिन विषयों में शिक्षक नियुक्ति होनी है, उनमें- हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान और कॉमर्स शामिल हैं। आवेदन की संख्या अधिक देखते हुए आरयू प्रशासन स्क्रीनिंग कर सकता है। जिसमें उन्हीं शिक्षकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जिन्होंने ई-मेल के माध्यम से साक्षात्कार में शामिल होने के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराई है।

जदयू में राजद लोकतांत्रिक पार्टी का नहीं होगा विलय : कैलाश

रांची। राजद लोकतांत्रिक के कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश यादव ने गौतम सागर राणा के बयान को खारिज किया है। कैलाश ने कहा कि 16 अक्तूबर को रांची में आयोजित जेडीयू के सम्मेलन में गौतम सागर राणा के साथ झारखंड जनता दल की पूरी यूनिट जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के नेतृत्व में विलय करेगा। कैलाश ने कहा कि राणा के स्वयंभू झारखंड जनता दल से हमारे साथ अनेक वरिष्ठ नेताओं का कोई वास्ता नहीं है। राणा का ब्यान पूरी तरह हास्यास्पद एवं अवसरवादी है। इस बयान के संदर्भ में राजद लोकतांत्रिक के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि विगत 3 वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रदेश राजद नेतृत्व से राजनैतिक मतभेद व असंतोष के कारण राजद से अलग होकर एक नई पार्टी राजद लोकतांत्रिक का गठन किया गया था, जो वर्तमान में भी संचालित है। महासचिव अरुण राय एवं कार्यालय सचिव रामकुमार यादव ने कहा कि राजद लोकतांत्रिक पार्टी अलग जरूर बना था लेकिन हमलोगों ने कभी भी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव के खिलाफ बयानबाजी नहीं किया। हमारे नेता आज भी लालू यादव हैं और हमेशा रहेंगे।

103 वीं बार रक्तदान कर शिविर का किया उद्घाटन

रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची की ओर से शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लायन विश्व सेवा सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान परियोजना के प्रायोजक डॉ देवेंद्र सिंह ने 103वीं बार रक्तदान कर शिविर आरंभ किया। शिविर में संगठन से जुड़े सदस्य समेत 19 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सदर अस्पताल ब्लड बैंक की टीम और पारा मेडिकल स्टाफ ने शिविर के संचालन में योगदान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन राजेश मोर, डॉ हरविंदर वीर सिंह, दिलीप बंका, रंजना कुमारी, राकेश मोर, सौरभ मोर, राजकुमार शुक्ला, हरवीर कौर, रजनी मोर, कुसुम लता तुलस्यान, विनोद कुमार गढयान, जय कुमार,धीरज ग्रोवर, डॉ प्रदीप, ओमप्रकाश तुलस्यान, निर्मल मानपुरिया समेत अन्य की भागीदारी रही।

क्रिकेट मैच को लेकर उपायुक्त ने पुलिस बल की ब्रीफिंग की, समन्वय पर दिया बल

विधि व्यवस्था को लेकर पदाधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

जेएससीए की टीम के साथ-साथ समन्वय स्थापित कर करें कार्य

ब्रीफिंग के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मैच के दौरान जेएससीए की टीम के साथ प्रशासनिक टीम समन्वय स्थापित कर कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि अनुशासन, लोगों के बैठने आदि की व्यवस्था से संबंधित किसी भी मामले में जेएससीए की टीम की तरफ से पहला रिएक्शन होगा, इसके बाद स्थिति अनुसार प्रशासनिक टीम कार्य करेगी।वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची किशोर कौशल ने कहा कि प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी/कर्मी अपने कार्यस्थल पर समय पहुंचे और समन्वय स्थापित करते हुए मुस्तैदी से ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि इस बात का ख्याल रखें कि कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत रूप से स्टेडियम में प्रवेश ना करें और ना ही आपत्तिजनक वस्तु अपने साथ ले जाये। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने लोगों से अपील करते हुए कहा सभी योग्य दर्शक अपनी योग्यता अनुसार स्थान ग्रहण कर मैच का आनंद लें। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराने और रांची के साथ झारखंड की बेहतर छवि स्थापित करने में सहयोग करें।

नवीन मेल संवाददाता

रांची । भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार 09 अक्टूबर 2022 को जेएससीए स्टेडियम में खेले जाने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों/ पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची किशोर कौशल ने मैच के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के लिए जारी संयुक्तादेश की बिंदुवार जानकारी देते हुए सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीसी ने कहा कि मैच के दौरान आनेवाले लोगों को किसी तरह की कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े, इस पर हर प्रशासनिक पदाधिकारियों को अच्छी तरह से ध्यान देने की जरूरत है। जब भी रांची में अंतरर्राष्टी मैच होता है तो लोगों को काफी भीड़ उमड़ पड़ती है। जिसे उमड़ती भीड़ को संभालना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि सिर्फ मैच को देखने के लिए राजधानी के लोग ही नहीं रहते हैं। इसके अलावा दूसरे जिला और राज्यों के लोग भी आते हैं जिसके कारण भीड़ काफी बढ़ जाती है। जेएससीए स्टेडियम में ब्रीफिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रामवृक्ष महतो, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम, पुलिस अधीक्षक, नगर अंशुमान कुमार सहित प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित थे। मैच के दौरान दुरुस्त विधि व्यवस्था हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची और वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के संयुक्तादेश की विस्तृत जानकारी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों/ कर्मियों को दी गई।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

रांची। भाजपा झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार से रांची में शुरू हुआ जिसका उद्घाटन पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने किया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कुल बारह सत्र होंगे, जिसमें कार्यकताओं को संगठन विस्तार और मजबूती के कई टिप्स दिए जायेंगे साथ ही उन्हें जिम्मेदारियाँ भी दी जायेंगी।भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि लक्ष्य बड़ा हो, तो बाधाएं भी आती हैं। लेकिन, वह दिन दूर नहीं जब भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन के मामले में एक नजीर पेश करेगा। श्री मरांडी ने कहा कि देश और राज्य में आज कई विषमताएं हैं, जिसे दूर करने की जवाबदेही भी हमारे ही कंधों पर है।

दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 17 अक्टूबर से

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरगांई गांव के बुढ़ीबागी मैदान, ओरमांझी में किया जाएगा। युवा पावर फुटबॉल क्लब, गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय प्रतियोगिता 17 से 19 अक्टूबर तक होने वाली है। जिसमें कुल 16 टीमें भाग लेगी। विजेता टीम को 15 हजार नगद बड़ा खस्सी एवं शील्ड दिया जाएगा। उपविजेता टीम को 11000 हजार नगद छोटा खस्सी एवं शील्ड वही तृतीय 4100 नगद एवं फुटबॉल और चतुर्थ 4100 नगद एवं फुटबॉल देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लेगी। टूर्नामेंट में इन्ट्री फीस 3100 एवं इन्ट्री अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है। संपर्क 9798944537, 6206893132, 7004783166, 6200229080 करें। सभी मैच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार खेला जाएगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए गुरगांई मैदान में जयडीहा पंचायत के उप मुखिया नीलामंबर सिंह की अध्यक्षता में बैठक रखा गया। जिसमें शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार एवं खेल प्रसाशक अर्चित आनंद के आदेशानुसार टूर्नामेंट का रूपरेखा तैयार किया गया, जिसमें बैठक कर आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अर्चित आनंद, अध्यक्ष नीलांबर सिंह, सचिव विनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक नायक, उपाध्यक्ष सनी सिंह, उपसचिव जीवनलाल मुंडा, उप कोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, प्रदीप मुंडा,दिलीप मुंडा नितेश मुंडा, टार्जन सिंह, नितेश पाहन एवं सभी सदस्य चुने गए।

शिक्षा हमारे चरित्र एवं व्यक्तित्व में दिखाई देनी चाहिए : प्रो. गोपाल

रांची। सरला बिरला विवि के सत्र 2022- 23, फर्स्ट सेमेस्टर के नव नामांकित छात्रों के लिए बीके बिरला ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम शुरू हुआ। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड साइंस के छात्रों का इंडक्शन प्रोग्राम का विधिवत शुरूआत विवि कुलपति प्रो। गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रो। विजय कुमार सिंह, डीन प्रो। एस बी दंडीन, डीन प्रो। नीलिमा पाठक, डीन डॉ संदीप कुमार, डीन हरीबाबू शुक्ला, डॉ राधा माधव झा आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सरला बिरला विवि के कुलपति प्रो। गोपाल पाठक ने कहा कि पूर्ण रूप से इंसान बनना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। मानव मूल्यों से रहित शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे चरित्र एवं व्यक्तित्व में दिखाई देनी चाहिए।

सड़क निर्माण को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

मंत्री ने अधूरे सड़क को पूरा करने का दिया आश्वासन, जांच के बाद कार्रवाई की बात कही

नवीन मेल संवाददाता

रांची । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता डॉ. राकेश किरण महतो ने शनिवार को झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री जनाब आलमगीर आलम से मिलकर सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत अंतर्गत बड़कीटांड़ स्कूल से धधकीडीह, खेदाडीह होते हुए केंदुआडीह तक की लगभग तीन किलोमीटर ग्रामीण सड़क, जो पिछले 6-7 वर्षों से अधुरा पड़ा हुआ है, उसे यथाशीघ्र निर्माण की मांग से संबंधित एक मांग-पत्र सौंपा। विदित हो कि इस ग्रामीण सड़क का कार्य निविदा निष्पादन के पश्चात राजनैतिक दुराग्रह की वजह से संवेदक द्वारा सड़क में पत्थर बिछाकर कर छोड़ दिया गया है । इससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी बदतर है कि सड़क के जर्जर होने के कारण एम्बुलेंस या निजी वाहन भी इन गांवों में जाने से कतराते हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. राकेश किरण महतो जब हाल ही में दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र भ्रमण में गये थे तो बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्या से अवगत करवाया और इस सड़क के यथाशीघ्र निर्माण करवाने का अनुरोध किया था। प्रदेश प्रवक्ता ने ग्रामीणों की उसी मांग को विभागीय मंत्री के समक्ष रखा और जल्द से जल्द उक्त सड़क का निर्माण करवाने का आग्रह किया। साथ ही यह भी मांग की किन कारणों से इतने महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क का निर्माण बीच में ही अधुरा छोड़ दिया गया, इसकी भी उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। मंत्री आलमगीर आलम ने प्रदेश प्रवक्ता डॉ. महतो को आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर उक्त सड़क के निर्माण का निर्देश विभागीय पदाधिकारियों को देंगे और यह सड़क किन कारणों से अधुरा छोड़ दिया गया था, इसकी भी जांच कारवाई जायेगी।

ईडी द्वारा अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है : दीपक प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता

रांची । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने ईडी द्वारा अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा लगातार संघर्ष कर रही है। श्री प्रकाश ने कहा कि आज झारखंड भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। जांच एजेंसियों की करवाई से लगातार नए नए मामले उजागर हो रहे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता जानना चाहती है कि अमित अग्रवाल के साथ मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, आइएएस पूजा सिंघल एवम प्रेम प्रकाश के क्या संबंध हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में कई राजनेता एवम अधिकारियों की सांठ गांठ है जो परत दर परत उजागर हो रही।श्री प्रकाश ने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दों पर प्रदेश भाजपा ने लगातार संघर्ष जारी रखा है। सदन से सड़क तक हर मुद्दे को चाहे वह खनिज की अवैध तस्करी हो,बालू घाटों की लूट हो, पत्थर की अवैध तस्करी हो सभी को उजागर किया है। आगे भी देश हित और राज्य हित में भाजपा का भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

स्कूल मेंभारतीय वायु सेना दिवस मनाया गया

रांची। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महावीर नगर ऊपर टोला में सुपर रीड एंड राइट प्रोग्राम के तहत भारतीय वायु सेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रंथू साहू ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन व्यतीत करने वाले वायुसेना कर्मियों को सम्मानित करने के लिए 8 अक्तूबर को वर्ष 1932 से वायु सेना दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन राष्ट्र के लिए सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदानों की याद दिलाता है तथा युवाओं को इसका हिस्सा बनने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर बच्चों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती के अवसर पर श्याम मंदिर में 31वें श्री श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। हारे के सहारे की जय खाटू नरेश की जय श्याम ईश्वर महादेव की जय बजरंगबली की जय लड्डू गोपाल की जय सनातन धर्म की जय-जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था । अवसर था श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष पर श्री श्याम मंदिर में आयोजित 31वें श्री श्याम भंडारे समारोह का। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि शनिवार को 31वें श्री श्याम भंडारे के अवसर पर इडली व नारियल चटनी का प्रसाद निर्मित किया गया था। सर्वप्रथम खाटू नरेश सहित श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं तथा गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित करके भोग के भंडारे में मिश्रित करके मंदिर के आचार्य को प्रसाद खिलाया गया। चुटिया निवासी प्रमोद कुमार, पूनम देवी पोद्दार ने परिवार संघ भंडारा की सेवा निवेदित कर श्री श्याम भंडारे के वितरण की शुरूआत की। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी के नेतृत्व में मंडल मंदिर के कार्यकर्ताओं स्वयंसेवकों ने तीन हजार से ज्यादा भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया। संपूर्ण श्री श्याम मंदिर परिसर भक्त जनों से भरा हुआ था। शरद पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आयोजित भंडारे के बहाने भक्तजन खाटू नरेश का दर्शन कर भाव विभोर होकर श्याम बाबा की जय जय कार कर रहे थे। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया, उपाध्यक्ष श्रवण, प्रदीप राजगढ़िया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उपमंत्री अनिल नारनोली, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, पूर्व सांसद अजय मारू, अरुण बुधिया, मनोहर केडिया, अनुज मोदी, राजेश चौधरी, रतन शर्मा, अन्नपूर्णा सराओगी, कविता मित्तल, स्नेहा पोद्दार रमा सराओगी, सहित 70 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भंडारे वितरण में सहयोग किया।

आज शरद पूर्णिमा उत्सव हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश खाटू धाम के मंदिर की परंपरा के अनुसार रविवार को शरद पूर्णिमा उत्सव आयोजित होगा। प्रातः 9:00 से श्री सतनारायण कथा व श्री शालिग्राम पूजन होगा रात्रि 9:00 बजे से भव्य भजन संकीर्तन होगा। श्री श्याम संघ रांची व प्रसिद्ध भजन गायिका श्वेता अग्रवाल द्वारा भजनों का गायन किया जाएगा। मंडल के सदस्य श्री उत्कर्ष लोहिया अपनी माता श्री श्रीमती शारदा लोहिया के साथ रात 9:00 बजे बाबा की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करेंगे । श्वेत वस्त्र, श्वेता लाइट्स, श्वेत फूल, श्वेता भूषण, श्वेत प्रसाद, से श्री श्याम मंदिर जगमग जगमग करेगा।कार्यक्रम संयोजक स्नेह पोद्दार एवम मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी श्याम भक्तों को कार्यक्रम में आने का निवेदन किया है।

जन रामायण महोत्सव को लेकर तीन अक्टूबर से शुरू हुई महायात्रा सम्पन्न

नवम्बर माह के मौके पर अयोध्या में होगा जन रामायण महोत्सव, साहित्यकारों का लगेगा विशाल जमावड़ा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अयोध्या में आहूत श्री रामलला अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव जन रामायण को लेकर गत 3 अक्टूबर, महाष्टमी के दिन शुरू हुई जन रामायण महायात्रा लखनऊ होते हुए अयोध्या जानकी महल तक पहुंची और फिर वहां जनजागरण कर वापस रांची पहुंची। अयोध्या के जानकी महल में साहित्योदय कोर कमिटी की बैठक हुई, जिसमें अध्यक्ष पंकज प्रियम, संजय करुणेश, मयंक श्रीवास्तव, मनीष देव गुप्ता और कई स्थानीय साहित्यकार शामिल हुए। आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। फिर कोर कमिटी के सदस्यों ने प्रभु श्रीराम और माता जानकी को निमंत्रित किया। अगले दिन राज सदन जाकर अयोध्या के युवराज यतींद्र मिश्र से मुलाकात कर कार्यक्रम हेतु आमन्त्रित किया। इससे पूर्व लखनऊ में पद्मश्री मालिनी अवस्थी के आवास पर जाकर उन्हें बतौर विशिष्ट अतिथि आमन्त्रित किया। लखनऊ में साहित्योदय की एक बैठक भी हुई जिसका स्वागत दयानंद पाण्डेय ने किया। बैठक में डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, पंकज प्रियम, संजय करुणेश, डॉ शोभा त्रिपाठी, साधना मिश्रा लखनवी और प्रेमलता त्रिपाठी इत्यादि शामिल हुए। साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष कवि पंकज प्रियम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति संगम साहित्योदय के बैनर तले अयोध्या में आगामी 19-20 नवम्बर को श्री राम लला अंतरराष्ट्रीय साहित्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या के जानकी महल में आयोजित जन रामायण उत्सव में दुनियाभर के कवि, लेखक, साहित्यकार और कलाकारों का विशाल जमावड़ा लगेगा। इस मौके पर विश्व के सबसे अनूठे साझा महाकाव्य जन रामायण सहित कई पुस्तकों का भव्य विमोचन, कवि सम्मेलन, विचार गोष्ठी, सम्मान समारोह और साहित्यिक पर्यटन होगा। दो दिवसीय साहित्य समागम में देश के कई लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार और कलाकार शामिल होंगे।

पृष्ठ एक के शेष

रांची में भारत व दक्षिण अफ्रीका...
ने कहा कि एमएस धोनी के साथ उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला, लेकिन वे विश्व स्तरीय महान खिलाड़ी रहे हैं और उनसे काफी कुछ सीखा जा सकता है। इधर, शनिवार को भी मैच का टिकट खरीदने के लिए जेएससीए स्टेडियम के बाहर लंबी कतार देखी गयी।

नींद में सोये मजदूर के चेहरे पर...
है। वह मेदिनीनगर क्षेत्र के कान्दू मुहल्ला निवासी बसंत साव के घर में किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता है। इस घटना के बाद पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा को आदेश दिया कि जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करें। इस घटना से स्टेशन पर सोने वाले यात्री काफी भयभीत हैं। कुछ यात्रियों ने कहा कि स्टेशन नशेड़ियो का अड्डा बन चुका है। रेलवे स्टेशन स्थित टैम्पों स्टैंड परिसर में हमेशा संवेदनशील व्यक्तियों का दिनों भर जमावड़ा लगा रहता है। उन्हें पूछने वाला कोई नहीं होता कि आप यहां क्या कर रहे हैं।

एक महिला के दो पति, एक हीरो...
जिससे शादी रचाई वह भी पहले से शादी शुदा है। शनिवार को सुपुर्द करते समय मेदिनीनगर नगर निगम की वार्ड आयुक्त प्रमिला देवी एमपी के प्रतिनिधि भोला पाण्डे उज्जवला गृह के काउंसलर अंजली कुमारी,सामाजिक कार्यकर्ता समीना बीबी, डैजी टोपनो, वार्डेन रजनी टोप्पो शाहपुर के सामाजिक प्रतिनिधि अशफाक अहमद ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच के सचिव मो. हशमत रब्बानी आदि उपस्थित थे। वार्ड आयुक्त प्रमिला देवी और अन्य पदाधिकारियों ने मिठाई देकर इसे विदा किया। उज्जवला गृह की प्रबंधक सुश्री स्वर्ण लता रंजन ने बताया कि उज्जवला गृह द्वारा स्थापना काल अक्टूबर 2020 से अक्टूबर 2022 तक दो सालों में ऐसे 103 केस मिले हैं। जिसमें से 96 केस को जिला प्रशासन और दूसरे जिले और राज्य के प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सफलता पूर्वक निष्पादन कर दिया गया है। इस प्रकार इस मामले का पटाक्षेप किया गया।

पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से...
होने लगी। जिसके बाद सत्यपाल मलिक को 300 करोड़ रुपये की घूस ऑफर किये जाने के आरोपों को लेकर सीबीआई जांच के आदेश दिये गये थे। चूंकि मलिक के राज्यपाल पद पर रहने के दौरान उनसे सीबीआई पूछताछ नहीं कर सकती थी। इसलिए जब वह राज्यपाल पद से 30 सितम्बर 2022 को सेवामुक्त हो गये, उसके बाद उनको नोटिस देकर सीबीआई मुख्यालय में बुलाया गया और पूछताछ शुरू कर दी गयी।

एयरफोर्स डे पर वायुसेना को मिली...
कमेटी और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने डिजाइन किया है। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार वायुसेना की नयी यूनिफॉर्म के रंग और शेड्स थोड़े अलग हैं, जो वायु सेना के काम करने के माहौल के लिए अधिक अनुकूल हैं। यूनिफॉर्म को हल्के कपड़े और डिजाइन से बनाया है, जो सैनिकों के लिए आरामदायक हैं। इस नयी कॉम्बैट यूनिफॉर्म में कॉम्बैट टी-शर्ट, फील्ड स्केल डिसरप्टिव हैट, कॉम्बैट बोनी हैट, डिसरप्टिव वेब बेल्ट, एंकलेट कॉम्बैट बूट्स और मैचिंग पगड़ी शामिल है।

दिसंबर से शुरू होगी अग्निवीर वायु की ट्रेनिंग : इस दौरान एयरचीफ मार्शल ने यह भी कहा कि भारतीय वायुसेना दिसम्बर 2022 में इनीशियल ट्रेनिंग के लिए 3000 अग्निवीर वायु को शामिल करेगा। साथ ही अगले साल से महिला अग्निवीरों को वायुसेना में शामिल किया जायेगा।

न्यूज गैलरी

तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने बल्लेबाजों को दी चेतावनी

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने चोट के कारण एशिया कप 2022 में भाग नहीं लिया था, लेकिन जल्द ही क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। बाएं हाथ के तेज को ऑस्ट्रेलिया की यात्रा के लिए पाकिस्तान के टी-20 विश्व कप टीम में शामिल होने के साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई-सीरीज के लिए भी चुना गया था। हालांकि, वह बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी-20 इंटरनेशनल में टीम का हिस्सा नहीं थे, जिसे पाकिस्तान ने आराम से 21 रन से जीत लिया था। अपनी वापसी से पहले शाहीन अफरीदी ने अपनी एक तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट करते हुए बल्लेबाजों को चेतावनी जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, तूफान से पहले शांत। उन्होंने अपने विरोधियों के लिए कैप्शन में बल्ले का एक इमोजी भी जोड़ा। शाहीन ने 38 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 7.76 की इकॉनमी रेट से 47 विकेट के साथ पदार्पण के बाद से पाकिस्तान के लिए गेंदबाजी समूह में मुख्य खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। विश्व स्तरीय गेंदबाज टी-20 विश्व कप 2022 के लिए वापसी कर रहा है और उम्मीद है कि वह 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कट्टर प्रतिद्वंद्वि भारत के खिलाफ मैदान में उतरेगा।

पाकिस्तान दो बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर : बांगर

मेलबर्न (एजेंसी)। टी-20 विश्व कप कुछ ही दिनों में शुरू होनेवाला है और भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से होगा। दोनों टीमें रविवार 23 अक्टूबर को प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में एक ग्रुप मैच में भिड़ेंगी। इस महा मुकाबले से पहले दोनों टीमों की तुलना करते हुए भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय बांगर को लगता है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम बेहतर है। बांगर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपने सलामी बल्लेबाजों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पर बहुत अधिक निर्भर है। बांगर ने कहा, टीम इंडिया ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ कुछ अच्छे मैच खेले हैं और भारतीय टीम सिर्फ एक या दो व्यक्तियों पर निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बल्लेबाजी विभाग में यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान बाबर और रिजवान की तरह अपने शीर्ष क्रम पर निर्भर है। जबकि भारतीय टीम वास्तव में कुछ खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। चार या पांच मैच विजेता हैं और इसलिए, बल्लेबाजी के नजरिए से मुझे लगता है कि भारतीय टीम बेहतर स्थिति में है। पाकिस्तान का मध्यक्रम कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों के सुझाव के साथ सवालों के घेरे में रहा है कि अगर बाबर और रिजवान प्रदर्शन नहीं करते हैं तो टीम में अत्याधुनिकता की कमी है। पाकिस्तान घर में सात मैचों की टी-20 इंटरनेशनल श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ लड़ते हुए हार गया। मेजबान टीम एक समय 3-2 से आगे चल रही थी लेकिन इंग्लैंड ने लाहौर में आखिरी दो गेम जीतकर श्रृंखला 4-3 से अपने नाम कर ली।

रांची जिला सीनियर महिला व पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल आयोजित

रांची। 23वीं सीनियर झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता-2022 में रांची जिला कुश्ती टीम की भागीदारी हेतु, रांची जिला स्तरीय पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं महिला कुश्ती, कुश्ती प्रतियोगिता सह ट्रायल बिरसा मुंडा स्टेडियम मोरहाबादी, रांची में आयोजित हुई। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड राज्य कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष-बबलू कुमार के द्वारा खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर किया गया। साथ में मौजूद रांची कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव राजीव रंजन एवं अनिल यादव, साईं कुश्ती प्रशिक्षक-हरप्रीत जी सहित अन्य अतिथियों के द्वारा उद्घाटन कर शुरू किया गया। इसमें पूरे रांची जिले से 42 महिला/पुरुष पहलवान भाग ले रहे हैं। इसके आधार पर चयनित रांची के महिला/पुरुष खिलाड़ी, 14 से 16 अक्टूबर गोड्डा, झारखंड में आयोजित, 23वीं सीनियर झारखंड राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में रांची जिला कुश्ती टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

फीफा वर्ल्ड कप एन्थम 'लाइट द स्काई' रिलीज, नोरा के डांस ने बिखेरा जलवा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अगले महीने से कतर में होनेवाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए एन्थम सॉन्ग 'लाइट द स्काई' रिलीज हो चुका है। एन्थम सॉन्ग में बॉलीवुड स्टार और ग्लोबल आइकन नोरा फतेही को सॉन्ग 'लाइट द स्काई' में शामिल किया गया है, जिसमें उनके डांस ने सुर्खियां बटोर ली हैं। नोरा साथ ही कुछ हिंदी लाइनों में गाना गाती नजर आ रही हैं। यह गाना सात अक्टूबर को रिलीज किया गया। फीफा ने इसके वीडियो को अपने यूट्यूब चैनल और ट्विटर पर शेयर किया है। फीफा एन्थम को म्यूजिक बैंड रेड वन ने प्रोड्यूस किया है। फीफा एन्थम के पहले झलक को खुद नोरा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। गाने में नोरा के अलावा बलकीस फाल्ही, मनल, रहमा रियाद ने भी अपने रंग बिखेरे हैं। माना जा रहा है कि नोरा टूर्नामेंट के ओपनिंग सेरेमनी में भी

नजर आ सकती हैं। साथ ही क्लोजिंग सेरेमनी में भी झलक दिखा सकती हैं।

खास क्लब में हुईं शामिल : इसी के साथ नोरा फीफा वर्ल्ड कप में भारत और साउथ ईस्ट एशिया का प्रतिनिधित्व करने वालीं एकमात्र एक्टर बन गई हैं। इसके अलावा नोरा फतेही फीफा वर्ल्ड कप के गाने में आने के साथ ही शकीरा और जेनिफर लोपेज के क्लब में शामिल हो गई हैं। शकीरा ने 2010 फीफा वर्ल्ड कप का एन्थम सॉन्ग 'वाका-वाका' गाते हुए चारों तरफ से खूब सुर्खियां बटोरीं थीं, जबकि जेनिफर लोपेज ने 2014 में ब्राजील में हुए फीफा वर्ल्ड कप के एन्थम सॉन्ग 'वी आर वन' में रैपर पिटबुल के साथ परफॉरमेंस दी थी।

20 नवम्बर से शुरू होगा फीफा वर्ल्ड कप : बता दें कि वर्ल्ड कप के लिए 32 टीमों ने क्वालिफाई किया है। फीफा वर्ल्ड कप की शुरूआत 20 नवम्बर से होने जा रही है। इसका फाइनल 18 दिसम्बर को खेला जाएगा। कतर मेजबान होने के नाते यह वर्ल्ड कप खेलेगा। अभी तक इस टूर्नामेंट के 24.5 लाख टिकट बिक चुके हैं। कतर, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, सऊदी अरब, मैक्सिको, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, अर्जेंटीना, ब्राजील और जर्मनी के प्रशंसकों द्वारा सबसे ज्यादा टिकटें खरीदी गई है।

पाकिस्तान के खिलाफ हार के बाद जिस तरह से वापसी की, उस पर गर्व है : मंधाना

सिलहट (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने महिला एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ 59 रन की जीत के बाद अपने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ हार के 24 घंटे बाद इसे शानदार वापसी करार दिया। भारत और पांच में से चार मैच जीत चुका है और उसने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। मंधाना ने मैच के बाद कहा कि पिछला मैच (पाकिस्तान के खिलाफ) निराशाजनक रहा। उस हार के बाद वापसी अच्छी रही। वास्तव में मुझे लड़कियों पर गर्व है। आज टीम ने संपूर्ण प्रदर्शन किया। मंधाना ने स्वयं 38 गेंद पर 47 रन की पारी खेली, लेकिन उन्होंने युवा शेफाली वर्मा (55) और प्रतिभाशाली जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 35) की तारीफ की। उन्होंने कहा कि शेफाली ने शानदार बल्लेबाजी की और जेमिमा ने भी अच्छा खेल दिखाया। हम बल्लेबाजी करते हुए 10 रन अधिक बना सकते थे। हमने लगातार खाली गेंदे की और हम उनके बल्लेबाजों से गलतियों का इंतजार कर रहे थे और उन्होंने गलतियां की। हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गयी शेफाली ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और 10 रन देकर दो विकेट लिए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने स्वीकार किया की पिच पर स्ट्रोक खेलना आसान नहीं था। शेफाली ने कहा कि मैं हमेशा बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार रहती हूं।

शेफाली वर्मा ने खेली तेज पारी भारत ने बांग्लादेश को हराया

सिलहट (एजेंसी)। भारत ने शेफाली वर्मा (55) के अर्द्धशतक और स्मृति मंधाना (47) की कप्तानी पारी की बदौलत शनिवार को महिला एशिया कप 2022 में बंगलादेश को 59 रन से हराया। भारत ने बंगलादेश के सामने 20 ओवर में 160 रन का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मेजबान टीम सात विकेट के नुकसान पर 100 रन ही बना सकी। युवा सनसनी शेफाली ने भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए 44 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 55 रन की पारी खेली। इसी के साथ 18 वर्षीय शेफाली टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में एक हजार रन पूरे करनेवाली सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गयीं। स्मृति ने शेफाली का साथ देते हुए 37 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 47 रन बनाये। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की और मध्य ओवरों में खराब बल्लेबाजी के बावजूद भारत ने इस साझेदारी की बदौलत बंगलादेश के सामने 160 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। बंगलादेश के लिए रुमाना अहमद ने तीन ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि सलमा खातून ने तीन ओवर में 16 रन देकर एक विकेट अपने नाम किया। जवाब में बंगलादेश के सलामी बल्लेबाजों ने इसके जवाब में 45 रन की साझेदारी की, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट कम होने के कारण टीम पर दबाव बना और पहले तीन बल्लेबाजों के अलावा कोई भी बंगलादेशी खिलाड़ी दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। बंगलादेश को आखिरी 10 ओवरों में 112 रनों की दरकार थी। लगातार बढ़ती आवश्यक रनगति ने बंगलादेश पर दबाव बनाया। टीम ने अपने अगले छह विकेट केवल 27 रन के अंतराल में गंवाये और कप्तान निगार सुल्ताना की 36(29) रन की पारी के बावजूद बंगलादेश 20 ओवर में केवल 100 रन तक ही पहुंच सकी।

भारत एक बार में 4-5 टीमें मैदान पर उतार सकता है, उसके पास प्रतिभा की कमी नहीं : महाराज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने शिखर धवन की अगुवाई वाली भारत के वैकल्पिक खिलाड़ियों की टीम को विश्व स्तरीय करार देते हुए कहा कि भारत के पास इतनी प्रतिभा है कि वह एक बार में चार से पांच अंतरराष्ट्रीय टीम को मैदान में उतार सकता है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम आगामी टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गई है, जिसके कारण साउथ अफ्रीका के खिलाफ चल रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारत के वैकल्पिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। महाराज ने दूसरे वनडे के शुरू होने से पहले कहा, ह्यह्यमैं इसे दूसरे स्तर की भारतीय टीम नहीं कहूंगा। भारत में इतनी प्रतिभा है कि वे चार-पांच अंतरराष्ट्रीय टीमों को मैदान में उतार सकते हैं।" उन्होंने कहा, ह्यह्यटीम के बहुत से खिलाड़ी आईपीएल में खेलते है और उनके पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी है। ये खिलाड़ी विश्व स्तरीय प्रदर्शन करने

वाले हैं।" भारतीय टीम को गुरुवार को तीन मैचों की सीरीज के शुरूआती वनडे में गुरुवार को लखनऊ में हार का सामना करना पड़ा था। तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली मेहमान टीम ने दौरे का टी20 अंतरराष्ट्रीय चरण 1-2 से गंवा दिया था। महाराज ने कहा, ह्यह्य भारत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना हमेशा अच्छा होता है। जाहिर है, आप खुद को तैयार करना चाहते हैं। उनके पास विश्व स्तरीय बल्लेबाजी क्रम है।" टी20 रैंकिंग में विश्व के शीर्ष गेंदबाज रहे तबरेज शम्सी ने लखनऊ में खुब रन लुटाए। उन्होंने पहले वनडे में आठ ओवर में 89 रन दिए और एक विकेट चटकाया। महाराज ने बाएं हाथ के इस स्पिनर का बचाव करते हुए कहा, ह्यह्यमुझे नहीं लगता कि उसके लिए वह खराब दिन था। आंकड़े आपको किसी के गेंदबाजी करने के तरीके के बारे में नहीं बताते हैं।" उन्होंने कहा, ह्यह्यभारतीय बल्लेबाजों को किसी गेंदबाज के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाना था और दुर्भाग्य से उस दिन बल्लेबाज उसके खिलाफ सफल रहे। मुझे लगता है कि उसने आखिरी ओवरों में मानसिक मजबूती दिखायी।" यह मैच भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के गृहनगर में खेला जाएगा और जब महाराज से इस दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह इस महान खिलाड़ी के साथ बातचीत करना पसंद करेंगे। महाराज ने कहा, ह्यह्यमुझे उनके साथ खेलने का मौका कभी नहीं मिला। लेकिन मैं उनके साथ बातचीत करना पसंद करूंगा। वह खासकर नेतृत्व के नजरिये से एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं।

महिला एशिया कप : छह साल में पहली बार पाक से हारा भारत

सिलहट (एजेंसी)। महिला टी-20 एशिया कप में लगातार तीन मैच अपने नाम करनेवाली भारतीय टीम शुक्रवार को अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ दवाब में नजर आयी और इसका खामियाजा उसे हार के साथ चुकाना पड़ा। ये टी-20 क्रिकेट में पिछले छह साल में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की पहली हार है। आखिरी बार 2016 में पाकिस्तान ने भारत को दो रन से हराया था। एशिया कप के इतिहास में पाकिस्तान से भारतीय महिला टीम पहली बार हारी है। सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर पाकिस्तान द्वारा जीत के लिये दिये गये लक्ष्य 138 रन का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम 19.4 ओवर के खेल में 124 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी और उसे 13 रन से हार का सामना करना पड़ा। गेंदबाजी में औसत प्रदर्शन कर पाकिस्तानी बालाओं को 137 रन बनाने का मौका देनेवाली भारतीय टीम ने बल्ले से भी स्तरहीन प्रदर्शन किया और नियमित अंतराल में विकेट गंवाने का सिलसिला जारी रहा। मात्र 65 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद क्रीज पर आयी कप्तान हरमनप्रीत (12) ने भी अपने प्रशंसकों को निराश किया। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने निचले क्रम में आकर 13 गेंदो पर 26 रन बनाये, मगर तब तक जीत टीम इंडिया के हाथों से लगभग फिसल चुकी थी। पाकिस्तान ने भारत को खेल के हर विभाग में पछाड़ते हुए अहम जीत हासिल की। नसरा संधू ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये जबकि सादिया इकबाल और बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली निदा डार को 2-2 विकेट मिले।

जीत से द. अफ्रीका के सीधे विश्व कप क्वालिफिकेशन को मिला बल

लखनऊ (एजेंसी)। भारत में अगले वर्ष होनेवाले वनडे विश्व कप में कुल 10 टीमें खेलनी हैं। आईसीसी ने सुपर लीग में 13 टीमों को शामिल किया है, जिसमें से आठ टीमों को विश्व कप के लिए सीधे प्रवेश मिलना है। मेजबान होने के नाते भारत को सीधे प्रवेश मिल चुका है। बाकी बची पांच टीमों और निचले क्वालिफायर से क्वालिफाई करके आयी एसोसिएट देशों की पांच टीमों के बीच विश्व कप क्वालिफायर खेला जायेगा। इसमें प्रथम दो स्थान पर रहनेवाले टीमों को विश्व कप के लिए प्रवेश मिलेगा। द. अफ्रीका के लिए दिक्कत यह है कि वह इस वक्त सुपर लीग में 11वें स्थान पर है। भारत पर जीत के साथ उसे 10 अंक मिले और अब उसके 59

अंक हो गये हैं। आठवें स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज के 88 अंक हैं। इस लिहाज से द. अफ्रीका के लिए यह सीरीज बेहद अहम है। यहां जीत उसे विश्व कप के सीधे क्वालिफिकेशन के नजदीक ले जायेगी। दक्षिण अफ्रीका ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गये पहले वनडे में भारत को नौ रन से हरा दिया है। बारिश की वजह से देरी से शुरू हुए मैच को 40-40 ओवर का कर दिया गया था। टॉस जीतकर भारतीय कप्तान शिखर धवन ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। अफ्रीकी टीम को शुरूआती झटके देने के बावजूद टीम इंडिया उन्हें कम स्कोर पर नहीं रोक पायी।

क्लासेन प्लेयर ऑफ द मैच

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में चार विकेट गंवाकर 249 रन बनाये। डेविड मिलर 63 गेंदों में 75 रन और हेनरिक क्लासेन 65 गेंदों में 74 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में टीम इंडिया 40 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 240 रन ही बना सकी। संजू सैमसन ने 63 गेंदों में सबसे ज्यादा 86* रन बनाये। वहीं, उपकप्तान श्रेयस अय्यर ने 50 रन बनाये। हेनरिक क्लासेन को उनकी बेहतरीन पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

देर से ही सही मगर भारत ने हमें सम्मान देना कर दिया है शुरू : पीसीबी अध्यक्ष

कराची (एजेंसी)। जब भी क्रिकेट के मैदान पर भारत और पाकिस्तान की टीमें भिड़ती है तो दोनों देशों की आवाम के साथ पूरी दुनिया की नजरें इस मैच पर रहती है। राजनैतिक मसलों की वजह से इन दोनों देशों के बीच द्वीपक्षीय सीरीज नहीं खेली जाती जिस वजह से बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान ही भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना होता है। बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में वैसे तो भारत का पाकिस्तान पर दबदबा रहा है, मगर पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान ने यहां भारत को टक्कर दी है। पाकिस्तान की इस सुधरती परफॉर्मेंस को देखते हुए पीसीबी चीफ रमीज राजा ने कहा है कि देर से ही सही भारत ने पाकिस्तान को रिस्पेक्ट देना शुरू कर दिया है।

रमीज राजा ने इस दौरान भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले के बारे में भी बात की। उनका कहना है कि यह महामुकाबला स्किल और टैलेंट से ज्यादा मेंटल मैच होता

है। डॉन से बात करते हुए रमीज राजा ने कहा 'स्किल और टैलेंट से ज्यादा मेंटल मैच होता है। तो अगर आप स्वभाव से मजबूत हैं और मानसिक रूप से फोकस्ड हैं और हर मानने को तैयार नहीं है तो छोटी टीम भी बड़ी टीम को हरा सकती है। पाकिस्तान हमेश से अंडरडॉग रहे हैं जब भी भारत से मुकाबला हुए हैं, लेकिन देर से ही सही उन्होंने हमें सम्मान देना शुरू कर दिया है क्योंकि उनके ख्याल में ये हैं कि पाकिस्तान हमें कभी हरा ही नहीं सकता। तो मैं ये कहता हूं की पाकिस्तान को क्रेडिट दीजिये, क्योंकि एक बिलियन डॉलर टीम क्रिकेट इंडस्ट्री को हम हराते हैं। मैं तो खुद विश्व कप खेला हूं, हमलोग तो इंडिया को नहीं हरा पाते थे। इस टीम को क्रेडिट देना चाहिए क्योंकि भारत की तुलना में सीमित संसाधनों के साथ तैयार होकर यह तगड़ा मुकाबला करते हैं। भारत और पाकिस्तान की अगली भिड़ंत टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के दौरान मेलबर्न में होगी। भारतीय टीम मिशन वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच गयी है जबकि पाकिस्तान इस समय बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ ट्राई सीरीज खेल रही है।